सूर्योदय 6:15 सूर्यास्त 6:04

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.6 न्यू | 24.2 अधि |
| धर्मशाला | 17.7 न्यू | 29.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84266.29 |
| निफ्टी | 25796.90 |
| सोना 76,910 | चांदी 93,930 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान






आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 3 अक्तूबर 2024 | 18 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 287, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## शैलपुत्री

आज नवरात्र का पहला दिन है और इस दिन घटस्थापन के बाद मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का पूजा की जाती है। शैल का अर्थ है हिमालय और पर्वतराज हिमालय के यहां जन्म लेने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। इनके दाएं हाथ में त्रिशूल है और बाएं हाथ में इन्होंने कमल धारण किया हुआ है।



**वंदे वांछितलाभाय,**
**चंद्रार्धकृतशेखराम्।**
**वृषारूढ़ां शूलधरां, शैलपुत्रीं**
**यशस्विनीम्॥**

अर्थात मैं मनोवांछित लाभ के लिए अपने मस्तक पर अर्धचंद्र धारण करने वाली, वृष पर सवार रहने वाली, शूलधारिणी और यशस्विनी मां शैलपुत्री की वंदना करता हूं।

## मनाली-लेह मार्ग पर भू-स्खलन से 12 घंटे थमे वाहनों के पहिये

### बीआरओ ने कड़ी मशक्कत से एकतरफा खोला मार्ग, सावधानी बरतने की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

**मनाली**-लेह मार्ग पर भू-स्खलन होने से 12 घंटे तक वाहनों के पहिये थमे रहे। मनाली पुलिस ने लेह और लाहौल की ओर जाने वाले वाहनों को रोहतांग होकर भेजा। मंगलवार रात करीब 12 बजे धुंधी पुल से लगभग दो किलोमीटर आगे भू-स्खलन हुआ।

भारी मात्रा में मलबा और चट्टानें सड़क पर आ गईं, जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई। सड़क के दोनों ओर वाहन फंस गए। पुलिस उपाधीक्षक केडी शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही मनाली पुलिस मौके पर पहुंची और लाहौल से मनाली और मनाली से लाहौल की ओर जाने वाले वाहनों को रोहतांग होकर डायवर्ट किया गया। बीआरओ ने कड़ी मशक्कत कर दोपहर 12 बजे के बाद एकतरफा मार्ग को वाहनों के लिए बहाल किया। हालांकि, अभी भी पहाड़ी से चट्टानें गिरने का खतरा बना हुआ है। वहीं, बीआरओ ने सावधानी बरतने की अपील की है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि भारी भू-स्खलन के कारण मनाली-लेह मार्ग अवरुद्ध हो गया था, जिसे दोपहर को बीआरओ ने एकतरफा यातायात के लिए खोल दिया है। उन्होंने वाहन चालकों से सावधानी से सफर करने की अपील की है, क्योंकि पहाड़ से अभी भी पत्थर गिर रहे हैं।




मनाली-लेह मार्ग पर हुआ भू-स्खलन।

## स्वच्छता अभियान के 10 साल पूरे होने पर मोदी ने लगाया झाड़ू



नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में स्वच्छता अभियान के 10 साल पूरे होने पर स्कूली बच्चों के साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। पीएम ने स्वच्छ भारत की भावना को और मजबूत करने के लिए लोगों से इस मुहिम से जुड़ने की अपील की।

## प्रशांत किशोर ने बनाई 'जन सुराज पार्टी'

**एजेंसी, पटना**

**मनोज भारती को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया**

**बिहार** की राजनीति में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की एंट्री हो चुकी है। बुधवार को पटना के वेटरनरी ग्राउंड में प्रशांत किशोर ने 'जन सुराज' पार्टी को आधिकारिक तौर पर लांच कर दिया। एससी समुदाय से आने वाले मनोज भारती को जन सुराज का पहला कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। प्रशांत ने कहा कि भारती को इसलिए अध्यक्ष नहीं चुना गया कि वह दलित समुदाय से हैं, बल्कि इसलिए चुना गया है कि वह काबिल हैं और दलित समुदाय से भी आते हैं।

किशोर ने चंपारण से राज्य की तीन हजार किलोमीटर से अधिक लंबी 'पदयात्रा' शुरू करने के ठीक दो साल बाद पार्टी का गठन किया।



## मणिपुर में हिंसा में 3 की मौत, 10 से ज्यादा घायल

**नई दिल्ली।** मणिपुर के उखरुल जिले में बुधवार को नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। 10 से ज्यादा घायल हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163, 2023 की उप-धारा 1 के तहत इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। लोगों के घरों से निकलने पर रोक लगा दी है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- डॉ. सिकंदर बने संसद की दो स्थायी समितियों के सदस्य -पेज 2
- कांग्रेस ने हिमाचल में नहीं पूरी की कोई गारंटी: जयराम ठाकुर -पेज 3
- बिना अनुमति के पंचायत में फेरी लगाने वालों को होगा जुर्माना -पेज 10
- वैश्विक चुनौतियों से मिलकर निपटेंगे भारत-अमेरिका -पेज 13
- भारत ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पांच और स्वर्ण पदक जीते -पेज 14


## पुणे में हेलिकॉप्टर क्रैश, दो पायलट व इंजीनियर की मौत

**एजेंसी, पुणे**

**महाराष्ट्र** के पुणे जिले में बुधवार को सुबह एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया और आग लग गई। इस हादसे में दो पायलट और एक इंजीनियर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दिल्ली स्थित निजी कंपनी 'हेरिटेज एविएशन' के हेलिकॉप्टर ने यहां ऑक्सफोर्ड काउंटी गोल्फ कोर्स हेलिपैड से उड़ान भरी और वह मुंबई के जुहू जा रहा था।

इस दौरान सुबह 7:40 बजे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा बावधन क्षेत्र के पहाड़ी इलाके के पास हुआ। वहीं, बिहार में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में राहत सामग्री गिराने के बाद दरभंगा से लौट रहा था, तो एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर का बुधवार को इंजन फेल हो गया। मुजफ्फरपुर जिले के औराई में पायलट ने पानी में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



## पीएम मोदी के फैक्ट गलत: सुक्खू

### हरियाणा चुनाव प्रचार में पीएम ने झूठ बोला, हिमाचल सरकार ने 20 माह में पूरी की 10 में से 5 गारंटियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को हरियाणा के पंचकूला विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार चंद्रमोहन बिश्नोई के पक्ष में बरवाला बस स्टैंड पर चुनावी जनसभा की।

सुक्खू ने पीएम मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि हरियाणा व जम्मू-कश्मीर के चुनाव में हिमाचल प्रदेश की चर्चा कर रहे हैं, उन्हें चुनावों में ही हिमाचल की याद आती है। पीएम मोदी के फैक्ट गलत हैं। बीते वर्ष प्रदेश में आई भयंकर आपदा में केंद्र सरकार ने फूटी कौड़ी नहीं दी। आत्मनिर्भर बनने जा रहे हिमाचल के बारे में भाजपा नेता सच छिपाकर गलत तथ्य पेश कर रहे हैं। पीएम को जो तथ्य हिमाचल भाजपा के नेताओं ने दिए थे, वे सही होते तो अच्छा रहता। उन्होंने हरियाणा चुनाव प्रसार में झूठ बोला। 20 महीने पहले हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनी। इस छोटे से कार्यकाल में हमने ओपीएस समेत अपनी दस गारंटियों में से 5 गारंटियां पूरी कर दी हैं।



हरियाणा के पंचकूला में चुनावी रैली को संबोधित करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

## दिल्ली में पकड़ी 2,000 करोड़ रुपए की 565 किलोग्राम कोकीन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पुलिस ने गिरफ्तार किए चार लोग**

**दिल्ली** पुलिस ने ड्रग्स की एक बहुत बड़ी खेप बरामद की है। दिल्ली पुलिस ने शहर में 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2,000 करोड़ रुपए है।

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सैल ने दक्षिण दिल्ली के महरौली से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कोकीन बेचने की योजना बनाई थी। पुलिस ने कहा कि चारों व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है।






## न्यूज ब्रीफ

### 16 नोडल अधिकारी देखेंगे चूड़धार शांद महायज्ञ की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** अक्तूबर को चूड़धार में आयोजित होने वाले शांद महायज्ञ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने के लिए चूड़धार मंदिर कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने कमेटियां गठित कर 16 नोडल अधिकारी नियुक्त कर उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारी सौंप दी है। यह आयोजन जिला शिमला, सिरमौर, सोलन और पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के जौनसार बाबर क्षेत्र का सबसे बड़ा आयोजन होने जा रहा है। बता दें कि इन क्षेत्रों के लोगों की देवता शिरगुल पर विशेष आस्था है तथा चूड़धार मे यह धार्मिक अनुष्ठान करीब 52 वर्षों के बाद आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले चूड़धार में शांद महायज्ञ 1972 में आयोजित हुआ था। 11 अक्तूबर को 11 बजे से लेकर एक बजे के बीच कुरुड़ स्थापित होगा। इस आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस दौरान शोभायात्रा में विभिन्न क्षेत्रों से शिरगुल महाराज की 12 पालकियां शिरकत करेंगी। हेमचंद वर्मा ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा संबंधित नोडल अधिकारियों एवं सदस्यों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### जिला स्तरीय गणित ज्ञान विज्ञान मेला संपन्न



**दशमी रावत, रोहड़ू।** सरस्वती विद्या मंदिर समोली में 25वां जिला स्तरीय गणित ज्ञान विज्ञान मेला संपन्न हो गया है, जिसमें समोली के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विभिन्न वर्गों के इस गणित ज्ञान विज्ञान मेले में छात्रों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्कृत महाविद्यालय जंगला की प्राचार्य अनिता भार्गव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। मुख्यातिथि अनीता भार्गव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत संपूर्ण विश्व में एक ऐसा देश है जिसके इतिहास को हम सभी को गलत पढ़ाया जा रहा है। यदि वैज्ञानिकों की बात की जाए तो विदेशों में भी वैज्ञानिकों ने विभिन्न खोजें की हैं। इस अवसर पर हिमाचल शिक्षा समिति जिला शिमला के अध्यक्ष सेनराम चौहान, महामंत्री ज्ञानी राम शर्मा व सभी स्कूलों के प्रमुख मौजूद रहे। प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा ने कहा कि आगामी राज्य स्तरीय गणित ज्ञान विज्ञान मेला सरस्वती विद्या मंदिर वॉशिंग कुल्लू में 7 से 9 अक्तूबर तक किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### वाद-विवाद प्रतियोगिता में कोमल प्रथम

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू में महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान का विशेष कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि सीपीएस व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



का आयोजन भी किया गया, जिसमें गांधी के जीवन पर एक डॉक्यूमेंट्री, वाद-विवाद प्रतियोगिता, देशभक्ति गीत और एक नाटक प्रस्तुत किया गया। इस उपलक्ष पर प्रथम वर्ष द्वारा डाली गई नाटी मुख्याकर्षण का केंद्र रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कोमल प्रथम, तमना कटोच द्वितीय व सृष्टि शर्मा ने तृतीय हासिल किया। इस उपलक्ष पर महाविद्यालय से अध्यापक संकाय में डॉ. हरीश कुमार, डॉ. प्रियंका, डॉ. पंकज शर्मा, शिवानी, पंकज जिंटा व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### सीमा महाविद्यालय में इंटर एक्टिव सत्र का आयोजन

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रथम वर्ष की 105 छात्राओं के लिए एकदिवसीय इंटर-एक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्या डॉ. ललिता रावत मौजूद रहीं। सत्र के आरंभ में महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. रवि किरण शर्मा ने सभी का स्वागत किया और महिला प्रकोष्ठ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. ललिता रावत ने सभी छात्राओं का उत्साह बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें महिला अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

### बड़गांव में औद्योगिक क्षेत्र बनाने का रखा प्रस्ताव





**निक्कू राम, बरठीं।** ग्राम पंचायत बड़गांव में आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा के लिए 9 एजेंडे तय किए थे। इनमें अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस समर्थ, मनरेगा, नशा मुक्ति अभियान, वाटरशेड, स्वच्छता पखवाड़ा, स्वच्छ भारत मिशन, जन योजना अभियान व एड्स जागरूकता अभियान को शामिल किया गया है। ग्राम सभा की अध्यक्षता करते हुए पंचायत प्रधान निक्कू राम ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों को सचेत करते हुए कहा कि अपने आसपास व गांव में स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने समस्त ग्रामीण व युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहे और अपने भविष्य को संभाले। उन्होंने कहा कि अगर कोई नशे का काम करता हुआ पाया गया और यदि पंचायत की पकड़ में आता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर पंचायत प्रधान ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के कार्यों को करने के लिए भी मनरेगा के तहत लेबर की सुविधा दी जाएगी। आम सभा में ग्राम पंचायत बड़गांव में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसके लिए भूमि का चयन भी कर लिया गया है। प्रस्ताव संबंधित विभाग व सरकार को भेजा जाएगा। सभा में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए मनरेगा सहित अन्य विकास कार्यों के लिए लगभग 2 करोड़ रुपए का सेल्फ तैयार किया गया। (अनंत ज्ञान)

### गांधी जयंती पर गतवाड़ में की साफ-सफाई



**अनंत ज्ञान, दधोल।** उपतहसील भराड़ी के गतवाड़ पंचायत में 2 अक्तूबर को ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जंयती पर पुष्पांजलि अर्पित की और उपस्थित जनता को स्वच्छता शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रधान नवल बजाज ने ग्राम सभा मे सभी वार्डों से लोगों का स्वागत किया। इस ग्राम सभा के दौरान स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करते हुए सभी सदस्यों ने पंचायत परिसर में सफाई अभियान भी किया गया। पंचायत सचिव रमेश कुमार ने ग्राम सभा के एजेंडे के बारे में लोगों को जानकारी दी। परंतु ग्राम सभा पूर्ण न होने पर कोई भी कार्य प्रस्ताव में नही लाया गया। उन्होंने आगामी ग्राम सभा की तिथि निश्चित होने पर ग्राम सभा पूर्ण करने का जनता से आह्वान किया। इस अवसर पर उप प्रधान अजय शर्मा, वार्ड सदस्य देवराज, सुनीता, नीलम, बनिता, शशि, शंकुतला व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दधोल।** बाल विकास परियोजना घुमारवीं के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोट में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधालय प्रधानाचार्य नीलम शर्मा ने की, जबकि विभाग की तरफ से वृत्त पर्यवेक्षिका हटवाड़ शंकुतला शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीलम शर्मा ने कार्यक्रम का आयोजन कोट विधालय में करवाने के लिए विभाग का धन्यवाद किया और बेटी का महत्व विषय पर जानकारी दी। उसके उपरांत वृत पर्यवेक्षिका शंकुतला शर्मा ने बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटियां आज के समय मे हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो या खेलकूद के साथ प्रसाशनिक क्षेत्र सब जगह बेटियां अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ रही है, परतुं बेटियों को सही समय पर सही शिक्षा व सही पोषण देना भी हम सभी का कर्तव्य है। इस शिविर में कोट पंचायत प्रधान सोमा देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित स्कूल स्टाफ व छात्राओं ने अपनी उपस्थित दर्ज करवाई।

# स्वच्छता अभियान के 10 साल पूरे : कटवाल

## बिहारी लाल शर्मा ने काली बाड़ी हॉल में स्वच्छता अभियान में लिया भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

गांधी जयंती के अवसर पर भाजपा शिमला मंडल द्वारा रिज मैदान पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कटवाल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री द्वारा देश भर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई थी और इस ऐतिहासिक अभियान को आज 10 साल पूरे हो गए है। देश भर में इस अभियान के माध्यम से एक बड़ी क्रांति आई है, इस विशाल उपक्रम ने सफलतापूर्वक राष्ट्रव्यापी भागीदारी जुटाई, जिसने इसे वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े व्यवहार



महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल।

परिवर्तन आंदोलन के रूप में चिह्नित किया। 2019 तक, मिशन ने 100 मिलियन से अधिक व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण किया, 6 लाख से अधिक गांवों को ओडीएफ घोषित किया, जो महात्मा गांधी को उनकी 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि थी और एसडीजी लक्ष्य 6.2 के साथ संरेखित थी।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुधार की दृष्टि से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि वर्ष 2014 की तुलना में 2019 में डायरिया से 300,000 कम मौतें हुईं, जिसका सीधा कारण बेहतर स्वच्छता है। कटवाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से केंद्रीय हिस्सेदारी और एनडीआरएफ से अग्रिम राशि के रूप में 189.20 करोड़ दिए जाने को मंजूरी दी है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, रमा ठाकुर, कुसुम सदरेट, मंडल अध्यक्ष सुनील धर, महामंत्री जिया लाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्याम शर्मा, गौरव शर्मा, पार्षद कल्याण धीमान, सुदीप महाजन उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने काली बड़ी मंदिर में स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में विशेष रूप से भाग लिया।

## एडवांस स्ट्डी में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में सचिव मेहर चंद नेगी द्वारा सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और स्वच्छता को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इसके बाद सभी लोगों ने परिसर के अलग-अलग भागों की साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति अपना योगदान दिया, जिसमें सभी कर्मचारियों व अन्य ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छ भारत की दृष्टि से प्रेरित होकर आरंभ किया गया था और इसमें महात्मा गांधी और शास्त्री के सादगी और ईमानदारी के आदर्शों को भी सम्मिलित किया गया था। इसके उपरांत समापन समारोह में पूरे वर्ष स्वच्छता के प्रति निष्ठावान होकर कार्य करने के लिए उद्यान अनुभाग के मोहन लाल और संपदा अनुभाग के धन बहादुर को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जो कि सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना।

## आज पालकी में धरती पर होगा माता रानी का आगमन

**सपना सूद, नेरवा/चौपाल**



सोलन के काथला (सुबाथु) निवासी ज्योतिषी और प्रसिद्ध भविष्यवक्ता पंडित पवन शर्मा शूलिनी के अनुसार इस बार के शरद नवरात्र विशेष रहने वाले हैं, क्योंकि इन नवरात्र में माता का धरती पर आगमन डोली (पालकी) में होने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शरद नवरात्र में कलश स्थापना का मुहूर्त गुरुवार को प्रात: 6.15 बजे से 7.22 बजे तक है। यदि इस समय में घट स्थापना न हो सके तो अभिजीत मुहूर्त में 11.46 बजे से 12.33 बजे तक भी कलश की स्थापना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की नौ दिनों तक विधिवत पूजा करने के साथ-साथ व्रत रखने का विधान है। शास्त्रानुसार ऐसी मान्यता है कि मान्यता है कि इन नौ दिनों के दौरान मां पृथ्वी पर ही निवास करती हैं और अपनी भक्तों के हर एक कष्ट को हरने के साथ सुख-समृद्धि, धन-संपदा का आशीर्वाद देती है। ऐसी मान्यता है कि माता का पालकी में आना सुख और स्मृद्धि लेकर आता है। उन्होंने कहा कि इस बार स्वार्थ सीधी का योग बन रहा है। आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि का आरंभ तीन अक्तूबर को सुबह 12.19 बजे से हो रहा है, जो चार अक्तूबर को सुबह 2.58 बजे तक होगा। ऐसे में उदया तिथि के हिसाब से शारदीय नवरात्र तीन अक्तूबर गुरुवार से आरंभ हो रहे हैं, जो 12 अक्तूबर को समाप्त होंगे। इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इस बार अर्थव्यवस्था पर प्रभाव की वजह से व्यापर में मंदी का दौर आ सकता है तथा देश-विदेश में अशांति का माहौल बनता नजर आ सकता है, जो कि माता रानी के प्रभाव से क्षीण पड़ता जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## डॉ. सिकंदर बने संसद की दो स्थायी समितियों के सदस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज्यसभा महासचिव पीपी मोदी ने नई संसदीय समिति 2024-25 का गठन किया है। इनमें राज्यसभा सांसदों को विभिन्न समितियों का सदस्य नियुक्त किया गया है। हिमाचल प्रदेश से भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार को संसद की दो अहम स्थायी समितियां में सदस्य मनोनीत किया गया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार डॉ. सिकंदर को शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल की स्थायी समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। इसके अलावा उन्हें स्वास्थ्य व परिवार कल्याण की स्थायी समिति में भी जगह मिली है। डॉक्टर सिकंदर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति रहे हैं। उनका विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के तौर पर लंबा अनुभव है। डॉक्टर सिकंदर को महत्वपूर्ण समितियां में जगह देकर केंद्र सरकार उनके अनुभवों का लाभ उठाएगी।

## जुन्गा बाजार में निकाली जागरूकता रैली

**अनंतज ज्ञान, जुन्गा (शिमला)**



स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुन्गा में बुधवार को स्वच्छता अभियान आरंभ किया गया। बच्चों ने स्कूल परिसर और इसके साथ लगते ग्राम पंचायत जुन्गा में सफाई की गई। इससे पहले बच्चों ने जुन्गा बाजार में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया, जिसे तहसीलदार जुन्गा नारायण वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पाठशाला के परिसर में बच्चों व शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। तहसीलदार ने अपने संबोधन में बताया कि स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है तथा जिस घर और आसपास के क्षेत्र में सफाई का वातावरण होता है वहां किसी प्रकार की बीमारी फैलने का भय नहीं होता है।

उन्होने बच्चों से आग्रह किया कि स्वच्छता का संदेश घर-घर तक पहुंचाना सुनिश्चित करें ताकि यह अभियान सफल हो सके। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुमन चंदेल ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्वच्छता के बारे बच्चों का मार्गदर्शन किया।

## मंत्री अनिरुद्ध सिंह हताश और निराश : बिहारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने प्रदेश में चल रहे स्वच्छता अभियान की जानकारी देते हुए कहा की मंडल अनुसार पूरे प्रदेश में 7990 बूथों पर स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम को महात्मा गांधी की जयंती पर धूम धाम से मनाया जा रहा है, यह पीएम मोदी के सेवा पखवाड़ा का अंतमी कार्यक्रम होगा।

उन्होंने अपने बयान में कांग्रेस के मंत्री अनिरुद्ध सिंह को आड़े हाथ लेते हुए कहा की कांग्रेस के मंत्री हताश और निराशा हैं, इसीलिए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के खिलाफ तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। अगर हिमाचल प्रदेश में भरपूर जनकल्याणकारी योजनाएं कोई लाया है तो वह पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर है। हिम केयर योजना, गृहिणी सुविधा योजना, सहारा योजना, स्टार्ट उपयोजना और अनेक योजनाओं को जयराम प्रदेश में लेकर आए पर अगर किसी ने इन योजनाओं को बंद करने का काम किया है तो वह इस जनविरोधी कांग्रेस सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में प्रदेश का हर वर्ग हताश और निराश है। युवा, महिला, कर्मचारी, गरीब, किसान, पेंशन वाले, बजुर्ग सब इस कांग्रेस सरकार से परेशान है। कांग्रेस एक झूठा भारष्टाचारी राजनीतिक दल है।

# भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ सीर उत्सव

## मंत्री राजेश धर्माणी बोले, उत्सवों की परंपराओं को बनाए रखना हम सभी का दायित्व

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में मनाए जाने वाले मेलों, उत्सवों और त्योहारों के माध्यम से हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराएं भावी पीढ़ी तक पहुंचती हैं। मेलों, उत्सवों की परंपराओं को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। मंत्री घुमारवीं में आयोजित एक दिवसीय सीर उत्सव समारोह में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपनी संस्कृति और परंपरओं को याद रखें और युवा पीढ़ी को इनसे परिचित करवाते रहें। उन्होंने कहा कि इतिहास की जानकारी और सीख बेहतर भविष्य का निर्माण करती है। उन्होंने गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित सीर उत्सव की सभी को बधाई देते हुए आशा जताई कि यह उत्सव भविष्य में पुरातन और आधुनिक संस्कृति का संगम बनेगा। उन्होंने कहा कि सीर उत्सव मनाने का मूल उद्देश्य प्रकृति द्वारा प्रदान किए गए संसाधनों का संरक्षण तथा भावी पीढ़ी को सामाजिक कुरीतियां से बचाकर सामाजिक सरोकारों के लिए प्रेरित करना है। सीर उत्सव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर और



### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री को किया याद

### प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का दिया संदेश

**शोभायात्रा** में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा रुक्मिणी कुंड से लाए गए जल को सीर खड में प्रवाहित किया। मंत्री ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया तथा पानी की स्वच्छता के साथ-साथ एक-एक बूंद को बचाने के लिए कहा।

रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### अंडर-19 मैराथन दौड़ भी करवाई

**घुमारवीं।** सीर उत्सव के दौरान अंडर-19 मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में करीब 213 बच्चों ने भाग लिया। इन सभी बच्चों को दो वर्गों में बांटा गया था। इसमें अंडर-19 के बच्चों की अलग से दौड़ आयोजित की गई, जबकि अंडर-14 वर्ग के बच्चों का अलग ग्रुप बनाकर इस दौड़ का आयोजन किया गया। लड़कियों के वर्ग में अंडर-14 में निरुता प्रथम, राबिया द्वितीय तथा पायल तृतीय स्थान पर रही। वहीं अंडर-19 में माधुरी प्रथम, मन्नत द्वितीय तथा निधि तृतीय स्थान पर रही। लड़कों के ग्रुप में अंडर-14 वर्ग में शिवांश प्रथम, हर्ष द्वितीय ,सुमित तृतीय स्थान पर रहे। जबकि अंडर-19 वर्ग में शुभम प्रथम, कृष द्वितीय तथा प्रिंस तृतीय स्थान पर रहे।

## अंडर-14 बॉक्सिंग प्रतियोगिता का फाइनल विवादों के घेरे में



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में बुधवार को संपन्न हुई छात्र वर्ग की 39वीं अंडर-14 राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में छात्र वर्ग की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हुआ 32 किलोग्राम भार वर्ग की श्रेणी का फाइनल मुकाबला विवादों के घेरे में आ गया है। उपविजेता घोषित किए गए बॉक्सर रूद्रप्रताप राणा व उसके माता-पिता सुषमा राणा व किशन सिंह राणा ने दावा किया है कि इस फाइनल मुकाबले में हेराफेरी हुई है। बुधवार को बिलासपुर में पत्रकार वार्ता में उन्होंने मांग की है कि इस मुकाबले की वीडियो को बॉक्सिंग खेल के प्रशिक्षकों व एनआईएस मान्यता प्राप्त रैफरियों की ज्यूरी को दिखाया जाए व उसके अनुसार विजेता व उपविजेता का निर्धारण किया जाए। उन्होंने कहा कि ज्यूरी के न होने की सूरत मे इस फाइनल मुकाबले को दोबारा करवाया जाए या फिर नेशनल में खेलने जाने के लिए इस भारवर्ग के खिलाड़ी का चयन ट्रायल लेकर खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया जाए। इस संदर्भ में जब खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनके ध्यान में मामला आया है। जांच की जाएगी, कहीं भी अन्याय नहीं होगा।

## नड्डा के स्वागत को लोगों को न्योता दे रहे विधायक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के अभिनंदन समारोह की तैयारियों में कार्यकर्ता जी-जान से जुटे हैं। बुधवार को सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल की अगुवाई में डियारा सेक्टर में व्यापारियों और अन्य लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने का निमंत्रण दिया गया। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में दूसरी बार केंद्रीय मंत्री के साथ ही राज्यसभा का नेता बनाए जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 4 अक्तूबर को पहली बार अपने गृह जिला बिलासपुर आ रहे हैं। ऐसे में उनका स्वागत गर्मजोशी से करने में भाजपा कोई कमी नहीं छोड़ रही है। नड्डा के आगमन पर शहर के रोड़ा सेक्टर स्थित भाषा एवं संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम के प्रांगण में अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है। वहां पंडाल सज रहा है। साथ ही शहर और आसपास के सभी इलाकों में भाजपा के झंडे, बैनर, फ्लैक्स व होर्डिंग्स आदि भी लगाए जा रहे हैं। इससे पूरा इलाका भगवा रंग में रंगा नजर आने लगा है।

बुधवार को विधायक त्रिलोक जम्वाल के साथ ही भाजपा के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम, प्रदेश भाजपा सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर व व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पंडित समेत कई अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों व अन्य लोगों को अभिनंदन समारोह में भाग लेने का निमंत्रण दिया। प्रत्येक पंचायत में बूथ स्तर पर भी लोगों को इस समारोह का न्योता दिया जा रहा है।

## मरूंह में ग्राम सभा आयोजित

**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत मरूंह की प्रधान सरला देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि मरूंह में कोई भी फेरीवाला आता है तो वह पुलिस थाना भवारना में पंजीकरण करवा कर आए। ग्राम पंचायत की अनुमति के बिना फेरी न लगाए।

## सीर खड्ड में डूबने से प्रवासी युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

पुलिस थाना झंडूता के सुन्हाणी पुल के साथ लगते गांव रैली में एक प्रवासी युवक की सीर खड्ड में डूबने से मौत हो गई है। प्रवासी युवक की उम्र लगभग 17 साल है। मृतक युवक की पहचान जोगिंदर पुत्र भीम सैन निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस थाना झंडूता की एक टीम एएसआई अश्वनी के साथ मौके पर पहुंची और मृतक को स्थानीय लोगों की सहायता से सीर खड्ड से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम करवाने के लिए शव को अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार युवक अपने भाई भाभी के साथ समोह में किराये के मकान में रहता था। दोपहर के समय सुन्हाणी पुल के समीप रैली में कुछ युवकों के साथ नहाने के लिए आ गया था।

वहीं, सूचना मिलने पर जोगिंदर का भाई विष्णु वहां पहुंचा और पुलिस व स्थानीय लोगों की सहायता से युवक को पानी से बाहर निकाला। उधर, पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान कलमबद्ध किए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए बिलासपुर भेज दिया है।

**आदेश** पात्र श्रमिकों को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करे कामगार कल्याण बोर्ड : धर्माणी

# 200 लोगों को बांटे सोलर लैंप और इंडक्शन हीटर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण विभाग द्वारा घुमारवीं के अंबेडकर भवन में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रदेश सरकार में नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने 200 से अधिक पात्र लोगों को सोलर लैंप और इंडक्शन हीटर का वितरण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कामगार कल्याण बोर्ड को पात्र लोगों का केवाईसी या स्क्रीनिंग करने की आवश्यकता है ताकि केवल जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को ही प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि पिछली भाजपा सरकार ने विभाग के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभ को रोक दिया था जिसके चलते लंबे समय से लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में श्रमिक परिवारों को उसका लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने सरकार बनने के तुरंत बाद ही कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों को मिलने वाली सभी योजनाओं को दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया, जिसका लाभ आज प्रदेश के लगभग 4 लाख 50 हजार श्रमिकों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि गरीब कामगार लोगों के लिए पुरानी सभी बिलों और सुविधाओं का निपटारा जल्द किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार जनहित में फैसला ले रही है। देखा गया है कि गरीबों के लिए योजनाएं बनाने पर भाजपा फ्रीबीज का आरोप लगाती है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री सुख सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया, जिसके तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने का प्रावधान किया गया, लेकिन भाजपा ने इसका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन भाजपा केवल अमीरों को ही योजनाओं का लाभ देने की पक्षधर हैं।

मंत्री ने प्रदेश सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है।

# राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शिमला स्थित रिज मैदान पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि गांधी जी ने दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश दिया और आज प्रधानमंत्री उनके संदेश को अग्रेषित कर रहे हैं और दुनिया में शांति स्थापित करने की बात कर रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने महात्मा गांधी की विरासत पर प्रकाश डाला।

उन्होंने गांधी जी की सत्य और अहिंसा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। राज्यपाल ने भारतीय परंपराओं से गहरे जुड़ाव, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के लिए महात्मा गांधी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के स्वदेशी, स्वराज, आत्मनिर्भरता और स्वच्छता के सिद्धांत से आज भी हम सभी को प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल ने महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इसके पश्चात, राज्यपाल ने पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सीटीओ चौक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। शुक्ल ने कहा कि शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा देकर देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया। शास्त्री जी की सत्यनिष्ठा, विनम्रता और सादगी सभी देशवासियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने देशभक्ति के गीत और भजन भी गाए।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा, स्थानीय विधायक हरीश जनारथा, विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी, नगर निगम शिमला के आयुक्त भूपेंद्र कुमार अत्री, पार्षद और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने ऐतिहासिक रिज मैदान से सीटीओ चौक तक पैदल यात्रा की। इसके बाद, उन्होंने ऐतिहासिक इंडियन कॉफी हाउस का भी दौरा किया और गणमान्य व्यक्तियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ कॉफी का आनंद लिया।

### जर्मनी की थियेटर स्कॉलर सांदरा फिंगर बोली

# इन पहाड़ों में कहीं खो गया मेरा दिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जर्मन थियेटर स्कॉलर सांदरा फिंगर को लगता है कि उनका दिल इन पहाड़ों में कहीं खो गया है। जो एक्सचेज प्रोग्राम के तहत भारतवर्ष में अभिनय से जुड़े संस्थानों मं जाकर छात्रों को मेंसनर तकनीक जो अभिनय के क्षेत्र में एक आधुनिक प्रणाली है के बारे में छात्रों को जानकारी उपलब्ध करवाती है।

इसी सिलसिले में उन्होंने उत्तरी भारत के एकमात्र ड्रामा स्कूल सतोहल में प्रवास किया और छात्रों से अपने अनुभवों को साझा किया। ऐसे में यहां के जनजीवन और संस्कृति ने सांदरा को बहुत प्रभावित किया।

हमारे पहाड़ हमारी पहाड़ी संस्कृति है ही ऐसी की हर कोई विदेशी इसमें रम जाता है, बस जाता है। फिर बात हो रंगमंच की तो वह उस परिवेश में सांस लेने लगता है और अपनी जड़ों को सिंचने लगता है। सतोहल ड्रामा स्कूल की संचालक सीमा शर्मा ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से सतोहल गांव में जर्मनी की सांदरा फिंगर ने अपने रंग को इन पहाड़ों की हरी-भरी वादियों में बिखेर दिया है।



छात्रों को अभिनय की बारीकियां सिखाते हुए (इनसैट) सांदरा फिंगर।

सांदरा फिंगर एक जर्मन महिला जो इन दिनों सतोहल ड्रामा स्कूल में आई है और पर यहां के छात्रों के साथ काम कर रही है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला के सतोहल गांव में चलने हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान व रंग मंडल जिसने राष्ट्रीय स्तर पर रंगमंच के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है और भारतवर्ष के अलग-अलग प्रांतों से आए छात्रों को एक वर्षीय आवासीय अभिनय पाठ्यक्रम का डिप्लोमा प्रदान करता है। उसी के अंतर्गत समय-समय पर विदेश से आए थिएटर एक्सपर्ट एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे भारतवर्ष में चलने वाले अभिनय से जुड़े संस्थानों में आते हैं और छात्रों को प्रशिक्षित करते हैं। इसी कड़ी में जर्मनी की सांदरा ने सतोहल ड्रामा स्कूल के छात्रों के बीच एक सप्ताह का समय बिताया।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर के रणजीत बने लेफ्टिनेंट जनरल



**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर के हीरा नगर कि निवासी रणजीत सिंह ने सेना में उच्च पद पर आसीन होकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है, क्योंकि उन्हें भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर पदोन्नत किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल राज्य का नाम रोशन हुआ है, बल्कि युवाओं को भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहन मिलेगा। लेफ्टिनेंट जनरल रणजीत सिंह को नई दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय में पदोन्नति बैज पहनाया, जबकि उनकी पत्नी योगिता उनके साथ खड़ी थीं। बता दें कि जनवरी 2022 में मेजर जनरल का पदभार संभालने वाले लेफ्टिनेंट जनरल रणजीत सिंह हीरा नगर के निवासी हैं और दिवंगत लेफ्टिनेंट कर्नल किशन चंद के पुत्र हैं। उनके दादा 1932 में ब्रिटिश भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए थे, जबकि उनके एक चाचा रामपाल सिंह भारतीय सेना में कर्नल थे और 70 के दशक में उन्होंने जेएके राइफल्स की कमान संभाली थी। लेफ्टिनेंट जनरल रंजीत सिंह को दिसंबर 1989 में सेना में कमीशन मिला था।

### सोलन में अचेतावस्था में मिले व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन के ठोडो मैदान की सीढ़ियों के पास अचेतावस्था में पड़े मिले व्यक्ति ने अस्पताल में पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। मृतक की शिनाख्त कोटलानाला के जेबीटी रोड स्थित आफिसर कालोनी निवास इंद्रजीत सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक 22 सितंबर के बाद इंद्रजीत अपने घर नहीं गया था, तब से ही उसके परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इंद्रजीत शराब का आदी बताया गया है। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से सूचना मिली की एक व्यक्ति को ठोडो ग्राउंड से उसके परिजन उपचार हेतु क्षेत्रीय अस्पताल लाए हैं, जिसे प्राथमिक जांच के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस को परिजनों से बताया कि वे इंद्रजीत की तलाश कर रहे थे, परंतु उसका कोई पता न चल रहा था। कल उसके परिजनों को इंद्रजीत बेहोशी की हालत में ठोडो ग्राउंड के पास सीढ़ियों के समीप मिला।वे लोग उसे उपचार हेतू क्षेत्रिय अस्पताल सोलन ले गए थे, परंतु चिकित्सकों ने उसे जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया।

### गाय और दो बकरियों की आग लगने से मौत

**सुनील शर्मा, जाहू।** उपमंडल भोरंज की पंचायत चंबोह के गांव पिपली धार में हेमराज पुत्र फिल्लू राम की गौशाला में भीषण आग लगने से गाय और 2 बकरियों की मौत हो गई। इसमे लगभग 3 लाख से अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगया जा रहा है। गौशाला में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। मंगलवार रात को हर रोज की तरह गाय और बकरियों को गौशाला में बांधकर व उनको घास डालकर हेमराज और उसका परिवार सो गया। राज 11 बजे के आसपास जब गौशाला से आग की लपटें निकलना शुरू हुई तो आसपास के लोगों के द्वारा शोर मचाने पर हेमराज का परिवार बाहर निकला तो गौशाला में भीषण आग लगी हुई थी। आग ने इतना भयानक रूप ले लिया था की गौशाला से गाय और बकरियों का बाहर नहीं निकाला जा सका और उनकी मौत हो गई। गौशाला की छत में लेंटर होने की बजह से दूसरी मंजिल तक आग नहीं पुहंच पाई। अगर दूसरी मंजिल में रखी घास को आग लग जाती तो आसपास के घर भी आग की चपेट में आ सकते थे। हलका पटवारी ने मौके पर आकर नुकसान का जायजा लिया। पशु चिक्तिसक के द्वारा मरे हुए जानवरों की परीक्षण किया। पुलिस ने मौके पर जाकर आग लगने के कारणों की छानबीन की। उपप्रधान महेन्द्र सिंह अत्री ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित हेमराज को अतिशीघ्र आर्थिक सहायता की जाए। (अनंत ज्ञान)

### प्राचार्य सुनीता सिंह बनीं संयुक्त निदेशक



**जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर की प्राचार्य प्रोफेसर सुनीता सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पदोन्नत कर उच्च शिक्षा विभाग शिमला में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय में उनके सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने भाग लिया और प्रो. सुनीता सिंह के योगदान की सराहना की। प्रो. सुनीता सिंह ने महाविद्यालय के प्राचार्य के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान संस्थान की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय ने कई शैक्षिक और प्रशासनिक सुधार किए, जिससे महाविद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार हुआ। उन्होंने छात्रों के समग्र विकास के लिए अनेक नए कार्यक्रम शुरू किए, जिसमें शिक्षा के साथ-साथ सह-शैक्षिक गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय ने न केवल शैक्षिक क्षेत्र में बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी पहचान बनाई।

### बनीखेत की दो छात्राओं ने चमकया नाम






**मुकेश कुमार, डलहौजी।** डिग्री कॉलेज बनीखेत की दो छात्राओं के प्रदेश में टॉप आने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बीए प्रथम में टॉप आने पर यहां पर इन दो छात्राओं की खूब चर्चाएं हो रही है। आज जैसे ही बीए प्रथम का परिणाम सामने आया जिसमें डिग्री कॉलेज बनीखेत की बीए प्रथम की दो छात्रों ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी में 11वां अथवा 14वां रैंक हासिल कर अपना व अपने कॉलेज का नाम रोशन किया। बता दें की तनीषा कुमारी ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के आए परिणामों में 11वां स्थान हासिल कर पढ़ाई में अपना लोहा बनवाया तो वहीं सपना देवी ने 14वां रैंक हासिल कर डिग्री कॉलेज बनीखेत का नाम चमकाया। इस बारे में जब कॉलेज प्राचार्य विजय नाग से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमें इन दोनों बच्चियों पर फक्र है और भविष्य में इन बच्चियों से कामना करते हैं कि इससे भी अच्छा रैंक हासिल कर अपना वह अपने कॉलेज का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखेंगे उन्होंने दोनों बच्चियों के अच्छे भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। उधर इन बच्चियों की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र खुशी की लहर है और उन्हें बधाइयां देने वालों का तांता लग गया। (अनंत ज्ञान)

# गांधी जयंती पर कंगना की पोस्ट पर विवाद लिखा-देश के पिता नहीं लाल होते हैं

**अनंत ज्ञान, शिमला**




आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। देश दोनों विभूतियों को नमन कर रहा है। इसी बीच मंडी से भाजपा सांसद कंगना रणौत ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट डाला, जो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें कंगना ने लिखा कि देश के पिता नहीं देश के तो लाल होते हैं। धन्य हैं, भारत मां के ये लाल, नीचे लाल बहादुर शास्त्री की फोटो लगाई है।

कंगना इस पोस्ट के जरिए फिर से सुर्खियों में हैं। इसके साथ ही कंगना ने एक्स पर एक वीडियो संदेश जारी किया। वीडियो संदेश में कंगना ने कहा कि स्वच्छता भी उतनी ही जरूरी है, जितनी आजादी। महात्मा गांधी की जयंती पर उनके इस दृष्टिकोण को हमारे पीएम मोदी आगे लेकर जा रहे हैं।

बता दें कि कंगना अपने हालिया बयानों को लेकर चर्चाओं में रही हैं। किसान आंदोलन को लेकर दिए गए बयान के बाद पार्टी ने उसे उनका निजी विचार बताते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया था। बाद में कंगना ने अपने बयानों के लिए सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी माफी भी मांगी थी।

#### कांग्रेस का पलटवार

### महात्मा गांधी का आजादी में योगदान रहा अहम





कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भारत को आजाद करने में महात्मा गांधी की अहम भूमिका रही है और अहिंसा के रास्ते पर गांधी चलते थे उसी पर सभी को चलने की आवश्यकता है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का आजादी और देश निर्माण में अहम योगदान रहा है। कांग्रेस पार्टी भी उन्हीं के आदर्शों पर चल रही है। भारत आज विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। गांधी और शास्त्री के विचारों व मूल्यों पर देश के विकास को बढ़ाने की आज जरूरत है।

# कांग्रेस ने हिमाचल में नहीं पूरी की कोई गारंटी: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने दो साल के कार्यकाल में एक भी गारंटी पूरी नहीं की। मुख्यमंत्री ने अपने चुनावी वादे के अनुसार एक भी काम नहीं किया। सत्ता में आते ही तानाशाही की। इसके बाद भी सीना तानकर झूठ बोल रहे हैं। जिस प्रदेश के लोग कांग्रेस के नेताओं द्वारा दी गई गारंटियों की राह देख रहे हैं, उन्हीं लोगों के बीच सरकार पोस्टर लगाकर कह रही है कि हमने गारंटियां पूरी कर दी हैं।

क्या प्रदेश के दो लाख युवाओं को रोजगार मिल गया है। क्या 18 साल से 60 साल तक की प्रदेश की लगभग 22 लाख महिलाओं को महिला सम्मान निधि मिल गई है? क्या प्रदेश के युवाओं को स्टार्टअप योजना के तहत 680 करोड़ रुपए मिल गए? क्या प्रदेश के बागवान अब अपने सेब का दाम तय करने लगे हैं? सबका एक शब्द में सीधा सा जवाब है नहीं। हरगिज नहीं। फिर किस बात की गारंटियां पूरी हुई हैं? प्रदेश के लोगों से यह सफेद झूठ क्यों बोला जा रहा है। कांग्रेस ने झूठ को सत्ता पाने और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने झूठ को सत्ता को चलाने के साधन बना लिया है।

प्रदेश में होर्डिंग्स और अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन लगाने से गारंटियां नहीं पूरी होने वाली हैं । जिस तरह से प्रदेश के लोग कांग्रेस के चुनावी होर्डिंग और नारों का मजाक उड़ा रहे हैं उसी तरह से सरकार के इस झूठे प्रचार का भी मजाक उड़ाया जा रहा है। सरकार को प्रदेश के लोगों को ही गारंटियां देनी हैं। इसलिए मुख्यमंत्री यह ध्यान रखें कि बिना गारंटियां पूरी किए झूठ बोलकर अब प्रदेश के लोगों का न अपमान करें।

## मेले, त्योहार एवं उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मेले, त्योहार एवं उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक हैं। डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मशीवर के गांव कोटला में दो दिवसीय गांधी जयंती मेले के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित किए।

उन्होंने कहा कि मेले जहां भाईचारे को बढ़ाते हैं, वहीं लोगों को मानसिक रूप से सकारात्मक बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि मेलों के आयोजन से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से रू-ब-रू होना का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मेले एवं त्यौहार अपने में अनूठे होते हैं और यह राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने डवारली से लामन सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए 2.5 लाख रुपए, महिला मण्डल सेर बनेड़ा भवन निर्माण के लिए अतिरिक्त राशि के रूप में 1.5 लाख रुपए, राजकीय माध्यमिक पाठशाला कोटला की चारदीवारी निर्माण के लिए 1.5 लाख रुपए, राजकीय माध्यमिक पाठशाला बागड़ की छत मुरम्मत के लिए 1.5 लाख रुपए, बाबा बालक नाथ मंदिर ओयली के सामुदायिक भवन के लिए 1.5 लाख रुपए तथा ग्राम पंचायत सेर बनेड़ा में रास्ता निर्माण के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की।

## नशीले पदार्थों के साथ दो गिरफ्तार

**पांवटा साहिब।** सिरमौर पुलिस ने ने दो आरोपियों को गांजा और नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है। पहला मामला पांवटा उपमंडल की पुलिस चौकी राजबन के तहत सामने आया, जहां पुलिस ने गश्त के दौरान मुकेश कुमार पुत्र रमेश निवासी बांग्ला बस्ती पांवटा साहिब के कब्जे से 140 ग्राम गांजा बरामद किया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में पांवटा साहिब की पुलिस चौकी सिंघपुरा ने एक आरोपी से नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल नंबर एचपी 17 एच 0945 में नशीले कैप्सूल की सप्लाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस ने जब नाका लगाया, तो इस दौरान मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका गया। पुलिस ने जब मोटरसाइकिल की छानबीन की, तो मोटरसाइकिल के चालक अनिल कुमार पुत्र खत्री राम निवासी कुनेर से नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं।

# जगत नेगी ने महाबौधि परिसर के सौंदर्यीकरण का किया लोकार्पण

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**



राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने महाबौधि मंदिर परिसर रिकांगपिओ में 64 लाख की लागत से अतिथि सभा भवन एवं 23 लाख की लागत से निर्मित किन्नौर महाबौधि परिसर के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया। उनके साथ 9वें छोइगोन रिन्पोछे तेनजि छोएकी ज्ञाछो भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

राजस्व मंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार बौद्ध संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में बौद्ध धर्म मानसिक तनाव दूर करने में अहम भूमिका निभाता है और युवा पीढ़ी को अपनी जनजातीय संस्कृति से प्रेरणा लेनी चाहिए और उस पर गर्व महसूस करना चाहिए। इससे पूर्व परम पूज्यनीय 9वें छोइगोन रिन्पोछे तेनजि छोएकी ज्ञाछो ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और बागवानी मंत्री के सहयोग की सराहना की तथा बौद्व मंदिर की गतिविधियों से उन्हें अवगत करवाया।

इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रिकांग पिओ में जिला के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यां के साथ शिक्षा में गुणवत्ता को बेहतर करने के उद्देश्य से आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता की।


जनजातीय विकास मंत्री ने उपस्थित प्रधानाचार्यों से सीधा संवाद स्थापित किया और नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला किन्नौर में शिक्षा के आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाया गया है और शिक्षकों के रिक्त पदों को भरा गया है ताकि घर-द्वार पर छात्र-छात्राओं को सुविधा मिल सकें।

**धर्म** — 112 वर्षों से मुस्लिम समुदाय के लोग रामनाटक समिति में निभाते आए हैं मुख्य किरदार

# बिलासपुर की रामलीला हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल

**शुभम राही, बिलासपुर**






हिमाचल में इन दिनों अवैध मस्जिद और हिंदू-मुस्लिम विवाद काफी चर्म सीमा पर है, परंतु हिमाचल प्रदेश का एक बिलासपुर जिला ऐसा भी है जहां पर हिंदू-मुस्लिम एकता एक कामयाबी की मिसाल कायम करती है।

आज पूरे भारत में शारदीय नवरात्र पर्व शुरू हुए हैं और देशभर में रामलीला का आयोजन भी हो रहा है, लेकिन बिलासपुर शहर के डियारा सेक्टर में चलने वाली रामलीला पूरी देश-दुनिया में सबसे अलग मानी जाती है, क्योंकि इस रामलीला में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई चारों धर्मों के लोग मिलकर इसका मंचन करते हैं।

करीब 112 वर्षों का स्वर्णिम इतिहास अपने में समेटे हुए उत्तरी भारत की इस सुप्रसिद्ध रामलीला के दर्शकों की संख्या मुस्लिम बिरादरी की है जो हर सीन के बाद भगवान राम की जय का नारा भी लगातार लगाते आए हैं। (अनंत ज्ञान)



> बिलासपुर की ऐतिहासिक रामलीला आज 112वें साल में प्रवेश कर रही है। इस रामलीला में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर मंचन करते आ रहे हैं। श्री रामनाटक समिति बिलासपुर हिंदू और मुस्लिम एकता की मिसाल कायम करती है।
>
> **-अजय चंदेल, श्री रामनाटक समिति अध्यक्ष, बिलासपुर**

### कहलूर रियासत के अंतिम राजा आनंद चंद थे रामलीला के जनक

बुजुर्ग बताते हैं कि कहलूर रियासत के अंतिम राजा आनंद चंद रामलीला के जनक थे। भाखड़ा बांध बनने से पहले पुराने शहर में जसवंत सिंह की संवाद शैली में की जाने वाली रामलीला में हिंदी, उर्दू, फारसी और अंग्रेजी भाषाओं का समावेश था।

बताते हैं कि पहली बार रामलीला का श्रीगणेश गोहर बाजार के चौक से हुआ। ग्रामीण परिवेश के लिए आंखों के सामने संवादकर्त्ता का प्रदर्शन किसी घटना से कम नहीं था। फिर मंचन का स्थान बदल कर कॉलेज मैदान में कर दिया। आखिरकार वह दिन भी आ गया जब अपना अतीत गोबिंद सागर में विसर्जित कर लोगों को नए जीवन की शुरुआत करनी थी, लेकिन नए जीवन की शुरुआत भरी भागदौड़ में भी कला के पारखी रामलीला रूपी धरोहर को साथ लाना नहीं भूले।

नए बनाए गए बिलासपुर नगर में रामलीला का मंचन पहले रौड़ा सेक्टर में हुआ, लेकिन बाद में रामलीला स्थानांतरित होकर डियारा सेक्टर में आ गई। उसी समय से रामलीला उत्सव यहां आयोजित किया जा रहा है।

### ये निभाते है किरदार

बिलासपुर के अमजद हुसैन, जिन्हें शाह जी के नाम से जाना जाता रहा, यह प्रसिद्ध शख्शियत भी काफी समय तक रामलीला से जुड़ी रही। बिलासपुर के ही मोहम्मद यूनुस ने दो वर्षों तक भरत का किरदार निभाया था। इसके अलावा महबूब खान ने वेदवती, कैकेयी, नईम ने महोदर, महिरावण कुबेर तथा अंगद का किरदार बखूवी निभाया। वही, हुसैन अली ने कुंभकरण, सतीम मोहम्मद ने शूर्पनखा, इब्राहिम द्वारा मेघरा व शबरी, साजिद खान ने मेधनाद व यम, इमरान ने ताड़का का रोल किया। अभी गत वर्षों में आसिफ, उस्मान शेख ऐसे कलाकार समिति को मिले, जो हर छोटे बड़े किरदार में फिट हो जाते है। इन्होंने श्रवण की माता ज्ञानवती, मंधरा, शबरी, शूर्पनखा तथा सुलोचना के किरदार निभाकर अमिट छाप छोड़ी है। वहीं दिवंगत पत्रकार व साहित्यकार शब्बीर कुरैशी सहित अन्य कई ऐसे दिग्गज थे जिन्होंने आपसी प्रेम और भाईचारे को कायम रखते हुए समाज में अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। पर्दे पर काम करने वालों के अलावा शकीत मोहम्मद सहित अन्य मुस्लिम भाई राम नाटक को संपूर्ण करने के लिए एक महीना पहले से ही अहम रोल अदा करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मलेंद्र राजन ने गांधी और शास्त्री को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** गांधी जयंती के अवसर पर भारत के राष्ट्रीय निर्माता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को मलेंद्र राजन ने दी श्रद्धांजलि विधानसभा क्षेत्र इंदौरा की पंचायत चंनौर मे गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया, जिसमें मुख्य रूप से विधायक मलेंद्र राजन उपस्थित हुए और महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि दी। साथ ही गांधी के दिखाए गए मार्ग पर चलने की अपील की। इस मौके पर पौंग डैम विस्थापित कमेटी अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, एडवोकेट जसबीर कटोच व डोली कटौच मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### जीजीडीएसडी कॉलेज में चलाया सफाई अभियान



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** राष्ट्र व्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म (जीजीडीएसडी) राजपुर कॉलेज के परिसर व आसपास के क्षेत्र में सफाई की गई। परिसर में प्लास्टिक का कम इस्तेमाल करने और इस साफ सुथरा रखने के लिए महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के विद्यार्थियों ने सभी को जागरूक किया। महाविद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 14 सितंबर से 1 अक्तूबर तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर मनाया गया। इसी को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में समय समय पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों का आयोजन होता रहा है। महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने बड़ी उत्सुकता और जोश के साथ अभियान में हिस्सा लिया और परिसर के आसपास की सफाई के साथ इसे हराभरा बनाने का संकल्प भी लिया। महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रध्यापक अरविंद कुमार ने कहा कि यह अभियान कुछ दिनों के लिए नहीं, बल्कि इसे अपना कर्तव्य समझते हुए आत्मसात करना आवश्यक है।

### स्वच्छता दिवस के रूप में मनाई गांधी जयंती



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** महात्मा गांधी की जयंती को मुख्य डाकघर देहरा के प्रांगण में स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर अधीक्षक डाकघर देहरा बलवीर चंद विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। वहीं, सभी कर्मचारियों द्वारा डाकघर देहरा के प्रांगण में सफाई की। उसके उपरांत अधीक्षक द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। डाकपाल देहरा राकेश कुमार द्वारा भी स्वच्छता के लिए संदेश दिया गया।

### अहिंसा दिवस पर विद्यार्थियों ने की सफाई



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौरा में बुधवार को एनएसएस इकाई के द्वारा अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी नरेश राणा ने बताया कि इस दिन बच्चों को सत्य और अहिंसा पर चलने की शपथ दिलाई गई। इस उपलक्ष्य पर बच्चों ने पेंटिंग कंपटीशन में भी भाग लिया, जिसमें प्लस टू कक्षा के छात्र अंचित तथा हर्षित को प्रथम तथा द्वितीय घोषित किया गया। बच्चों द्वारा पाठशाला के परिसर व क्यारियों की साफ सफाई की गई। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा ने बच्चों को सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए प्रेरित किया।

### पालमपुर नगर निगम और हिलदारी के सफाई अभियान में बोले सीपीएस आशीष बुटेल

# स्वच्छता को अपनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए करें स्वस्थ वातावरण का निर्माण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



महात्मा गांधी की जयंती और स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर नगर निगम और हिलदारी टीम के संयुक्त प्रयास से न्यूगल चौक से सौरभ वन विहार तक सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में 250 लोगों ने मिलकर 475 किलो कचरा इकट्ठा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल शामिल हुए और उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए इस महत्वपूर्ण प्रयास की सराहना की।

स्वच्छता ही सेवा अभियान में एसडीएम नेत्रा मेती, नगर निगम पालमपुर के आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा, महापौर गोपाल नाग, पार्षद, नगर निगम का स्टाफ, पीडब्ल्यूइपीएफ संगठन, आईटीआई के 70 छात्र एवं प्रशिक्षक, सफाई कॉन्ट्रैक्टर, सुपरवाइजर, 100 सफाई कर्मचारीऔर हिलदारी टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया। आशीष बुटेल ने कहा कि पालमपुर शहर सफाई के लिए निगम बहुत अच्छा और सराहनीय कार्य कर रहा है। हम अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखते हैं, तो हम न केवल खुद के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण का निर्माण करते हैं। उन्होंने नगर निगम और हिलदारी परियोजना के इस प्रयास की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

आशीष बुटेल ने सभी उपस्थित लोगों और हिलदारी टीम की ओर से स्वच्छता के महत्व पर बारे जागरूक करने की सराहना की और नागरिकों को नियमित रूप से अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि सतत प्रयासों का परिणाम है।

सफाई अभियान में आईटीआई के छात्रों और सफाई कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर कचरा एकत्रित किया और क्षेत्र की सफाई की। वार्ड पार्षदों और नगर निगम के कर्मचारियों ने भी इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अभियान सफलतापूर्वक संपन्न किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलाया गया, जिसमें सफाई अभियान, वेस्ट टू वेल्थ कार्यक्रम, सफाई मित्र के साथ क्रिकेट मैच एवं सफाई बंधुओं के लिए फिल्म का आयोजन किया गया।

### गांधी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



अनंत ज्ञान, पालमपुर। मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गांधी मैदान पालमपुर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सीपीएम ने सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पालमपुर और ग्राम पंचायत बदेहड में गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। बुटेल ने कहा कि आजादी की लड़ाई में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ सत्य और अहिंसा उनका सबसे बड़ा हथियार था। गांधीवाद के नाम से आज दुनिया भर में उनकी विचारधारा लोकप्रिय है और करोड़ों लोग इसका अनुसरण करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और ब्रिटिश शासन के खिलाफ अहिंसक विरोध का नेतृत्व करके भारत को अपनी स्वतंत्रता हासिल करने में मदद की। आज का दिन महात्मा गांधी की शिक्षाओं का सम्मान करने, उन्हें अपने जीवन में लागू करने और उस राष्ट्र की रक्षा करने और उसे बनाए रखने का दिन है। उन्होंने बदेहड़ पंचायत प्रतिनिधियों को भी महात्मा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजन की बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं बच्चों को पुरस्कृत किया। बदेहड़ महिला मंडल को 10 हजार, ओपन जिम के लिए 2 लाख, विद्यालय की चार दिवारी के लिए 3 लाख देने की घोषणा की।

## धर्मशाला में प्रभात फेरी निकालकर दिया शांति और सद्भाव का संदेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर धर्मशाला शहर रघुपति राघव राजा राम के भजनों से सराबोर हो गया। प्रातः छह बजे धर्मशाला के कचहरी अड्डा में उपायुक्त हेमराज बैरवा की उपस्थिति में शहर के नागरिकों, स्कूल के बच्चों, कर्मचारियों ने प्रभात फेरी निकाल कर शांति और सद्भाव का संदेश लोगों को दिया। इसके उपरांत गांधी वाटिका में उपायुक्त हेमराज बैरवा सहित गणमान्य अतिथियों ने महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पमालाएं अर्पित की तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने भजनों के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सर्वधर्म सभा का आयोजन भी किया, जिसमें सेंट जोंस चर्च, जामा मस्जिद तथा गुरुद्वारा सिंह सभा, सनातन धर्म के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जीवन यात्रा को लेकर अपने विचार व्यक्त किए तथा सत्य, अहिंसा के मार्ग पर समाज को अग्रसर होने का संदेश भी दिया।

**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन**

### खैरा में करवाईं प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में एनएसएस व स्काउट एंड गाइड इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया । स्वयंसेवियों ने विद्यालय के चारों ओर साफ सफाई की व स्कूल के बाहर मैदान में उगी झाड़ियों को काटा। वहीं, गांधी जयंती के दिन सफाई अभियान, नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता व प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भगत सिंह सदन पहले, स्वामी विवेकानंद सदन दूसरे व रविंद्र नाथ टैगोर सदन तृतीय स्थान पर रहा। भाषण प्रतियोगिता में 12वीं कक्षा की प्रिशा पहले, वंशिका दूसरे व शगुन तीसरे स्थान पर रही । नारा लेखन प्रतियोगिता में 10वीं कक्षा का सक्षम पहले, आठवीं की कृतिका दूसरे व आठवीं का अक्षत तृतीय स्थान पर रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा का देवांशु पहले व पूर्वी दूसरे स्थान पर रहे।

## गांधी जयंती पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने दिया स्वच्छता का संदेश

### 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**





केंद्रीय राज्य मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग हर्ष मल्होत्रा ने बुधवार को धर्मशाला में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान में भाग लेते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने सर्वप्रथम धर्मशाला बस स्टैंड के समीप महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उसके पश्चात लोगों के साथ मिलकर सफाई अभियान में भाग लिया। उन्होंने बस स्टैंड पर पौधरोपण भी किया।

उसके पश्चात केंद्रीय राज्य मंत्री ने ग्राम पंचायत टंग नरवाना में पहुंचकर वहां स्वच्छता अभियान में भाग लिया। यहां पहुंचने पर उनका पंचायत प्रतिनिधियों और लोगों ने स्वागत किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के बारे में बताया और अपने आसपास सफाई रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को स्वच्छता सबसे प्रिय थी, इसलिए अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। साथ ही उन्होंने यहां भी एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया।

## सिने जगत



# 'थलापति 69' में बड़ा धमाका करते दिखेंगे बॉबी देयोल

*दिसंबर, 2023 में आई एनिमल में नेगेटिव रोल में गूंगे व्यक्ति का रोल प्ले कर बॉबी देओल ने दर्शकों का भरपूर प्यार लूटा। 15 मिनट के सीन में उन्होंने अपने एक्टिंग की कलाकारी दिखाई। इस मूवी की सक्सेस और उनकी कमाल की एक्टिंग के बाद बॉबी देओल के पास कई फिल्मों के ऑफर हैं, जिसमें से एक फिल्म थलापति विजय के साथ है। थलापति विजय साउथ सिनेमा के बड़े सुपरस्टार माने जाते हैं। हाल ही में उनकी फिल्म गोट रिलीज हुई, जिसने टिकट विंडो पर अच्छा कलेक्शन किया है। इस फिल्म की अपार सफलता है कि बाद खबर है कि अब थलापति विजय 'थलापति 69' में नजर आएंगे। उन्हें लेकर मेकर्स की तरफ से ऑफिशियल घोषणा कर दी गई है।*

**फिल्म अक्तूबर 2025 में होगी रिलीज**

इस फिल्म में प्रशांत, प्रभु देवा, मोहन, जयराम, स्नेहा, लैला, अजमल अमीर और मीनाक्षी चौधरी भी अहम रोल में हैं। वेंकट के. नारायण और केवीएन प्रोडक्शंस में बन रही 'थलापति 69' में अनिरुद्ध ने संगीत दिया है। यह फिल्म अक्टूबर 2025 में रिलीज होने वाली है। यह प्रोजेक्ट विजय के तीन दशक के शानदार करियर में एक खास आयाम जोड़ेगा। जो उनके एक बेहतरीन सिनेमाई करियर के अंत का वादा करता है जिसका देश भर के प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# तृप्ति डिमरी के पोस्टर्स पर लोगों ने पोती कालिख

### जयपुर के एक इवेंट को कैंसिल करने से गुस्सा



**बॉलीवुड** अदाकारा तृप्ति डिमरी को लेकर राजस्थान के जयपुर में बवाल हो गया है। हाल ही में खबर आई थी कि तृप्ति डिमरी ने जयपुर के एक इवेंट को एन मौके पर कैंसिल कर दिया है। इस खबर के सामने आते ही जयपुर के लोग बुरी तरह से भड़क गए थे। इसके बाद जयपुर से कई तस्वीरें और वीडियोज सामने आई थीं, जिनमें लोग तृप्ति डिमरी के पोस्टर पर कालिख पोतते नजर आए थे। जयपुर के बिजनेस मैन्स का कहना है कि तृप्ति डिमरी ने जानबूझकर उनके इवेंट को कैंसिल किया है। इसी बीच तृप्ति डिमरी ने इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़ दी है। तृप्ति डिमरी की टीम ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, तृप्ति डिमरी इस समय विक्की और विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन में काफी व्यस्त चल रही हैं।



**तृप्ति डिमरी ने यह दी सफाई**

*डिमरी की टीम ने कहा कि इस समय हर इवेंट का वह हिस्सा बन रही हैं। अब तक उन्होंने किसी भी कमिटमेंट से किनारा नहीं किया है। हालांकि किसी भी पर्सनल इवेंट में जाने का कमिटमेंट नहीं किया है। इस समय तृप्ति डिमरी का पूरा फोकस फिल्म के प्रमोशन पर है। तृप्ति ने किसी भी इवेंट के लिए एडवांस पेमेंट भी नहीं लिया है।*

# बचपन की एक तस्वीर को लेकर खूब ट्रोल हो रहीं प्रियंका चोपड़ा

**प्रियंका** चोपड़ा के बचपन की एक तस्वीर इन दिनों सुर्खियों में है। कई लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं, तो कई उनके ट्रांसफॉर्मेशन की सराहना कर रहे हैं। इसी बीच प्रियंका ने खुद वही तस्वीरें शेयर कर बताया है कि बचपन में उन्हें बॉय कट और कटोरी कट हेयरस्टाइल में रहना पड़ा था। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए बहुत कुछ सहा है। एक्ट्रेस ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी बचपन की तस्वीर कर लिखा है, वॉर्निंग- 9 साल की मुझे ट्रोल मत करो। ये कितना बेतुका है कि युवावस्थ और ग्रूमिंग एक लड़की के साथ क्या कर सकती है। तस्वीर के बाएं तरफ मैं हूं, जो अपने प्री-टीन एरा में बॉयकट हेयस्टाइल में थी, जिससे स्कूल में बालों से दिक्कत न हो। (मां मधु चोपड़ा की मेहरबानी से)। मैं कटोरी कट से इस हेयरस्टाइल में आई थी, जो एक जीत थी। और दूसरी तरफ 17 साल की मैं जो 2000 में मिस इंडिया जीतकर आई थी, जिसने हेयर, मेकअप और वॉर्डरोब का आनंद उठाया था। दोनों पिक्चर्स को एक दशक के बीच लिया गया था।। आगे प्रियंका लिखती हैं, जैसा ब्रिटनी स्पीयर्स ने साफ कहा था, मैं एक लड़की नहीं हूं, न ही अभी महिला हूं। ठीक वैसा ही मुझे एंटरटेनमेंट की दुनिया में दाखिल होते हुए महसूस हुआ था। हालांकि करीब 25 साल बाद भी मैं ये जानने की कोशिश कर रहू हूं, क्या हम सब ऐसा नहीं कर रहे? अपने यंग रूप को देखकर मैं आज खुद से और दयालु हो जाती हूं।





# निया शर्मा बनीं बिग बॉस 18 की हाईएस्ट पेड कंटेस्टेंट

**हर दिन के चार्ज करेंगी 5.4 लाख रुपए**



टेलीविजन के पॉपुलर रियलिटी बिग बॉस 18 की शुरुआत 6 अक्तूबर से होने वाली है। शो में आने के लिए लगातार कई कंटेस्टेंट्स के नाम सामने आ रहे हैं। इस सीजन की पहली कन्फर्म कंटेस्टेंट निया शर्मा होने वाली हैं, जो सुहागन चुड़ैल, एक हजारों में मेरी बहना है और नागिन के लिए मशहूर हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो निया शर्मा इस सीजन की सबसे मंहगी कंटेस्टेंट होने वाली हैं। निया शर्मा को घर में बिताए जाने वाले हर एक दिन के लिए बिग बॉस के मेकर्स 5 लाख 40 हजार रुपए देंगे। ऐसे में वो हर हफ्ते 37 लाख 80 हजार रुपए चार्ज करने वाली हैं। हाल ही में खतरों के खिलाड़ी 14 के फिनाले में रोहित शेट्टी ने निया के बिग बॉस में जाने पर मुहर लगाई थी। उन्होंने मंच पर अनाउंस किया था कि इस सीजन के फाइनल कंटेस्टेंट्स में से कोई एक बिग बॉस में जाने वाला है। आगे निया का नाम लेते हुए रोहित ने उन्हें बधाई दी है। इस पर निया ने रजामंदी देते हुए शो में जाने की बात पर मुहर लगाई।

**ये कंटेस्टेंट भी बन सकते हैं बिग बॉस 18 का हिस्सा**

धीरज धूपर का शो में एंटर होना तय माना जा रहा है। वहीं एक्ट्रेस सुरभि ज्योति, ये जादू है जिन का एक्टर शहजाद धामी, शोएब इब्राहिम और नायरा बनर्जी भी शो में एंट्री ले सकते हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस समीरा रेड्डी, उर्मिला मातोंडकर और शिल्पा शिरोडकर को भी शो का हिस्सा बनने के लिए अप्रोच किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### यूथ क्लब जांगल ने करवाया बैडमिंटन टूर्नामेंट



**अनंत ज्ञान, जवाली।** जवाली उपमंडल के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत जांगल में यूथ क्लब द्वारा एक दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन करवाया गया। बतौर मुख्यातिथि पहुंचे कांग्रेस राज्य सचिव एआईसीसी सोनू धीमान ने रिबन काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की युवा पीढ़ी आजकल नशे की तरफ जा रहा है। युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए हऐसी खेल प्रतियोगिताएं करवानी चाहिए, ताकि हमारी जुवा पीढ़ी सुरक्षित रह सके। इस टूर्नामेंट में 10 टीमों ने भाग लिया। एकल प्रतियोगिता में कुठेड़ और डबल में नगरोटा सूरियां ने बाजी मारी। यूथ क्लब जांगल क्लब के प्रधान आकाश और मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानति किया।

### सीएसयू में स्वच्छता पखवाड़े का समापन

**सालबिया शर्मा, गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि के अद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ परिसरीय स्वच्छता समिति के संयुक्ततत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर परिसर के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित रहे। एनएसएस के समन्वयक कवि पंकज ने कहा कि पिछले पंद्रह दिनों से स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन परिसर में किया जा रहा है।गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान के साथ साथ आज उसका समापन समारोह भी आयोजित हुआ। वहीं परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने कहा कि भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार परिसर में सभी गतिविधियां संचालित की जाती हैं। स्वच्छता पखवाड़े में भी सभी निर्धारित नियमों का पालन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता समिति के संयोजक विक्रमजीत सहित सभी स्वच्छता कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



### लापता महिला की तलाश में चलाया विशेष अभियान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा के मसल गांव से करीब दो सप्ताह से लापता करीब 54 वर्षीय महिला को ढूंढने के लिए नगरोटा बगवां पुलिस ने ड्रोन, डॉग स्क्वायड और करीब 50 महिला पुलिस अधिकारियों और पुलिस दल बल के साथ लगते जंगलों को छान मारा। पुलिस थाना प्रभारी चमन कुमार ने बताया कि कैबिनेट रैंक व नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली द्वारा पुलिस प्रशासन को हिदायत दी है कि उक्त लापता महिला को तलाशने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन ने साथ लगते जंगलों का चप्पा -चप्पा छान मारा । अभी तक उक्त महिला का कोई भी सुराग नहीं लगा है। उन्होंने बताया कि पुलिस जगह-जगह सीसीटीवी की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि उक्त महिला घर पर अकेली रहती थी और जानकारी अनुसार वह शुगर और अन्य बीमारी की दवाइयां खाती है। उन्होंने उनके मायके और अन्य लोगों से सहयोग करने की अपील की है।



# नगरोटा में एचआरटीसी ने मनाई गोल्डन जुबली

## केक काटा और हलवा-पूरी बांटी, एचआरटीसी के इतिहास पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम यूनिट ने बुधवार को अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर गोल्डन जुबली बड़े हर्षोल्लास से मनाई। इस मौके पर केक काटा गया और हलवा-पूरी बांटी गई।

डिप्टी डीएम राजेंद्र पठानिया ने बताया कि अतीत में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम को मंडी-कुल्लू रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एमकेआरटीसी) से जाना जाता था। 2 अक्तूबर, 1974 को हिमाचल राजकीय निगम (एचएससी) का विलय एमकेआरटीसी में हो गया। यहीं से एचआरटीसी वजूद में आया। आज एचआरटीसी के बेड़े में करीब तीन हजार बसें हैं। एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर के प्रयासों से प्रदेशभर में ये सफल आयोजन संभव हुए हैं। इसके साथ ही सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री का भी भरपूर सहयोग रहा।

उन्होंने कहा कि 'मैं सबका धन्यवाद करना चाहूंगा कि उन्होंने हमें सेलिब्रेशन का मौका दिया।' वहीं, अड्डा इंचार्ज संजीव ठाकुर ने कहा कि एचआरटीसी के कर्मचारियों, ड्राइवरों और कंडक्टरों की कर्तव्यनिष्ठा से आज एचआरटीसी दुर्गम क्षेत्रों सहित पूरे प्रदेश में बेहतर सेवाएं दे रहा है। इस मौके पर चीफ इंस्पेक्टर तिलक, संजीव सोनी, विनोद, राहुल पठानिया, रविंद्र व ऑफिस वर्कशॉप तथा ड्राइवर और कंडक्टर भी मौजूद रहे।




## एचआरटीसी और प्रदेश की जनता के बीच एक आत्मीय रिश्ता : डीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में धर्मशाला यूनिट के तहत बस स्टैंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में रिटायर्ड ब्रिगेडियर विक्रम चंदेल ने शिकरत की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में मंडलीय प्रबंधक धर्मशाला पंकज चड्ढा ने शिकरत की। कार्यक्रम में केक काट कर निगम के 50 वर्ष पूर्ण होने की खुशी मनाई गई। डीएम ने कहा कि एचआरटीसी और प्रदेश की जनता में एक आत्मीय रिश्ता है । एचआरटीसी प्रदेश भर में सभी रूटों पर सेवाएं दे रही है तथा अपनत्व के भाव से अपने कर्तव्य को निभा रही है। उन्होंने कहा कि आज धर्मशाला में इलेक्ट्रिक बसों का सफर हो रहा है तथा भविष्य में भी एचआरटीसी सिस्टम में सकारात्मक बदलाव करेगी। उन्होंने कहा कि अपने समर्पित कर्मचारियों तथा अधिकारियों के अलावा जनता के अपनेपन से एचआरटीसी ये सफर तय कर पाई है तथा शुक्रगुजार है।



## कुल्हड़ वाली चाय संग रागी-ज्वार के चिप्स और नमकीन का जायका

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

मोटे अनाज को फिर से संजीवनी देना सेहत के लिए भी संजीवनी साबित हो सकता है। मोटे अनाज के पारंपरिक स्वादिष्ट व्यंजनों के अलावा ज्वार तथा रागी के नमकीन तथा चिप्स भी कांगड़ा वैली कार्निवल में नजर आए। कार्निवल में कुल्हड़ वाली चाय के साथ लोग इनका सेवन करते हुए नजर आ रहे हैं। ज्वार तथा रागी के अलावा कंपनी ने दूसरे मोटे अनाजों को अपने प्रोडक्ट्स से प्रमोट करने का प्रयास किया है। ऐसे उत्पादों से युवा तथा बच्चों को आकर्षित किया जा सकता है। इसके अलावा खुद तैयार किया हवन तथा अन्य उत्पाद लेकर पहुंची रिशु के अनुसार लोग उनके उत्पादों को काफी पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा मोटे अनाजों से तैयार कुकी, देशी चीनी, आचार तथा चटनियां भी इनके स्टॉल पर खूब पसंद किए जा रही हैं।

पारंपरिक व्यंजनों को शैली को जीवित रखना तथा नए उत्पाद लाना दोनों ही चुनौतियां यहां दिखती हैं। वहीं कार्निवल में मोटे अनाज से बने व्यंजनों को लोग काफी पसंद कर रहे हैं तो वहीं व्यवसायिक उपलब्धता का आलम ये कि बड़े मेलों या प्रदर्शनियों में ही ये सारे उत्पाद नजर आते हैं। (अनंत ज्ञान)



## युवाओं के लिए बेहतरीन अवसर लेकर आया कांगड़ा वैली कार्निवल : गोमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आज के समय में युवाओं में बहुत टैलेंट है, वे हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने का सामर्थ्य रखते हैं। जरूरत है तो केवल उनकी इस अनंत ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने की। उमंग और उत्साह के महोत्सव के रूप में उभरा कांगड़ा वैली कार्निवल युवाओं के लिए इस दिशा में बेहतरीन अवसर लेकर आया है। धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में आयोजित कांगड़ा वैली कार्निवल की चौथी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांगड़ा वैली कार्निवल के माध्यम से हमारे युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का सुंदर अवसर मिल रहा है।

गोमा ने कहा कि ऐसे उत्सवों से जहां विभिन्न विधाओं और कलाओं में निपुण युवाओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलता है, वहीं दर्शक युवा वर्ग भी उनसे प्रेरित होकर इस ओर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश और समाज के निर्माण में युवओं की भूमिका बहुत अहम है। तरुणावस्था को सार्थक बनाने के लिए सभी युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ कला-संस्कृति और खेलकूद को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसे आयोजनों के माध्यम से उन्हें कलात्मक रहने का मंच मिलता है, साथ ही खेलकूद से स्वस्थ शरीर और मानसिक बल बना रहता है।



**युवाओं को प्रतिभा दिखाने और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का मिल रहा मौका**

### इशांत भारद्वाज, रशमित कौर ने नचाए दर्शक

**कांगड़ा** वैली कार्निवल की चौथी सांस्कृतिक संध्या में लोगों ने हिमाचल से प्रतिभाशाली गायक इशांत भारद्वाज की प्रस्तुति को बहुत पसंद किया। फोक और पॉप के नाम रही चौथी सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध पॉप सिंगर रशमित कौर की आवाज ने दशर्कों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान हिमाचली कलाकार अनुज शर्मा और अन्य कलाकारों ने भी खूब समा बांधा।

## अवैध खनन करने पर दो जेसीबी और 7 टिप्पर जब्त, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

पुलिस जिला नूरपुर एसपी अशोक रतन द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत मंगलवार रात थाना नूरपुर के अंतर्गत पुलिस चौकी कंडवाल के पास चक्की दरिया में अवैध खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में शामिल दो जेसीबी मशीन तथा 7 टिप्परों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया कि अवैध खनन करने पर पंकज सिंह पुत्र जोध सिंह, शेख अली पुत्र हाशिम दीन, मनप्रीत पुत्र मनजीत, केवल सिंह पुत्र करनैल, प्रदीप सिंह पुत्र हरबंस, तरसेम सिंह पुत्र हरदीप सिंह, रोहित शर्मा पुत्र छज्जू राम, सादिक अली पुत्र बशीरुद्दीन तथा सूरज कुमार पुत्र शिव प्रसाद के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) तथा मीनिंग अधिनियम 21(1) के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अवैध खनन के लिए प्रयुक्त होने वाली इन सभी गाड़ियों पर कोई नंबर प्लेट नहीं होती है। बिना नंबर के यह गाड़ियां रात को निकलती हैं और अंधेरे में हिमाचल सरकार को लाखों-करोड़ों रुपए का चूना लगाकर गायब हो जाते हैं।



अवैध खनन करने पर नूरपुर पुलिस की ओर से जब्त किए गए वाहन।

### इस साल अब तक पौने 71 लाख जुर्माना वसूला

**पुलिस** जिला नूरपुर द्वारा इस वर्ष अवैध खनन माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 11 मामले दर्ज किए जा चुके हैं तथा पुलिस द्वारा 55 वाहन को भी जब्त किया जा चुका है। खनन अधिनियम के तहत 611 चालान भी किया जा चुके हैं। अवैध खनन करने पर 611 चालान किए गए हैं तथा आरोपियों से 70 लाख 73800 का जुर्माना भी वसूल किया जा चुका है।

## गांधी और शास्त्री जयंती पर बगली में करवाई गई संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**अध्यापकों और छात्रों ने दोनों महानुभावों को श्रद्धा सुमन किए अर्पित**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एंड रिसर्च सेंटर बगली धर्मशाला में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यापकों व छात्रों ने भाग लिया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संगोष्ठी में इन दोनों महान विभूतियों द्वारा किए गए उन कार्यों को याद करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि दोनों का जन्म दिन 2 अक्तूबर को एक साथ मनाया जाता है यह हमारे लिए गर्व की बात है । महात्मा गांधी ने अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में पूरे देश को जोड़ा जबकि आज़ादी के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद किसान नेता लाल बहादुर शास्त्री देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने, जिन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया और किसानों को प्रेरित करके देश में खाद्यान्नों की आपूर्ति में बहुमूल्य योगदान दिया।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से स्वच्छता अभियान के अलावा कई महत्वपूर्ण योजनाओं के शुभारंभ की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। यद्यपि ग्राम पंचायत बगली स्थित सर्वोदय भवन में आयोजित सादे समारोह में स्वच्छता अभियान पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया , जिसके तहत बगली के साथ लगते गांवों के लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता की आवश्यकता पर ज़ोर दिया जाएगा। इस मौके पर सर्वोदय परिवार की तरफ से सफाई अभियान चलाया गया और लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया।

## बिना बारिश के हुए भू-स्खलन से त्रिलोकपुर सुरंग का प्रवेश द्वार बंद

**अनिल छांगू, जवाली**

पठानकोट मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहा फोरलेन निर्माण कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा हिमाचल प्रदेश में पठानकोट से मंडी फोरलेन परियोजना में कोटला के पास बनाई जा रही सुरंग नंबर दो त्रिलोकपुर शुरू होने से पहले ही फ्लैश स्लाइड के आने से खतरे में आ गई है। बिना बारिश के ही सुरंग के आखिरी छोर पर भारी भू-स्खलन के चलते सुरंग का प्रवेश द्वार फिर से बंद हो गया है। इससे पहले 22 अगस्त को इस जगह पर भारी भ-ूस्खलन हुआ था, उसके बाद से रह रह कर थोड़े दिनों के अंतराल पर भू-स्खलन हो रहा है। भू-स्खलन इतना भयंकर था, कि जिसे देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। गनीमत यह रही कि उस समय सुरंग के मुहाने पर कोई कामगार नहीं था, अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

गौरतलब है कि फोरलेन निर्माण कार्य में लगी कंपनी भारत कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने इस फ्लैश स्लाइड जोन को ट्रीटमेंट करके आधुनिक तकनीक से भू-स्खलन रोकथाम के पुख्ता इंतजाम किए थे, लेकिन भू-स्खलन की दृष्टि से अति संवेदनशील होने के चलते सुरक्षा के आधुनिक प्रबंध धरे के धरे रह गए। अब यह पहाड़ी लगभग 500 मीटर तक लगातार धंस रही है, एवं भू-स्खलन लगातार जारी है। वहीं प्राकृतिक शिव मंदिर त्रिलोकपुर के रास्ते का न तो निर्माण किया गया है और न ही मंदिर के पास वाली पहाड़ी पर सुरक्षा दीवार लगाई गई है। पहाड़ की कटाई भी लगभग बिलकुल सीधी की गई है, जोकि कभी भी धंस सकती है। ताजुब की बात है कि सरकारों से लेकर संबंधित विभागों ने गंभीर अग्रणी चेतावनी नजरंदाज कर इस अति संवेदनशील क्षेत्र की बॉटम रेंज को मशीनरी तथा ब्लास्टिंग से काटकर हजारों जिंदगियों को खतरे में डाल दिया है। (अनंत ज्ञान)



## सौकणी दा कोट में 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विकास खंड धर्मशाला की ग्राम पंचायत सौकणी दा कोट के अंबेडकर भवन में जन योजना अभियान 2024-25 सबकी योजना, सबका विकास के शुभारंभ अवसर पर विशेष ग्राम सभा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 को तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित इस विशेष ग्राम सभा में पंकज कुमार (अवर सचिव) पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं पियाली रॉय चौधरी (सलाहकार) पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार ने विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशेष ग्राम सभा को संबोधित करते हुए पंकज कुमार ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर इस वर्ष देश भर की 750 पंचायतों में विशेष ग्राम सभा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा की सौकणी का कोट पंचायत को इसके लिए चुना गया है। विशेष ग्राम सभा में क्षेत्र के 75 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को व्यक्तिगत निमंत्रण दिया गया था। कार्यक्रम में उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए।

इस अवसर पर बुजुर्गों को स्मृति चिन्ह व संतरे का पौधा देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान आजादी के अमृत काल को ध्यान में रखते हुए 75 वर्ष से अधिक आयु के 75 वरिष्ठ नागरिकों को एक फलदार पौधे भेंट किए गए और उन्हें सम्मानित भी किया गया।

## माइक में करंट आने से बेहोश हुआ कलाकार

**अनंत ज्ञान धर्मशाला।** धर्मशाला के पुलिस मैदान में चल रहे कांगड़ा वैली कार्निवल की बुधवार को अंतिम सांस्कृतिक संध्या से पहले एक हादसा हो गया। कार्यक्रम से पूर्व रिहर्सल कर रहे केरल के थाईकुड़म ब्रिज बैंड का एक कलाकार माइक में करंट लगने से अचेत हो गया। जानकारी के अनुसार, बैंड के कलाकार अपनी प्रस्तुति की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान अचानक माइक में करंट दौड़ गया। इस घटना में एक अन्य कलाकार को भी करंट लगा, लेकिन उसकी स्थिति स्थिर थी। इस दौरान, एंबुलेंस की आवाजें लगाई गईं, लेकिन मौके पर कोई एंबुलेंस नहीं पहुंची। अंततः एक अन्य गाड़ी के जरिए अचेत हुए कलाकार को अस्पताल भेजा गया। कुछ समय बाद एंबुलेंस मौके पर आई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना प्रभारी नारायण सिंह और एडीसी सौरभ जस्सल मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्टेज ऑपरेटर से घटना की जानकारी ली और सभी उपकरणों की दोबारा जांच करने का निर्देश दिया।

## डल से निकाली गाद, मछलियों का किया रेस्क्यू

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के मैक्लोडगंज की डल झील रिसाव के कारण सूखने के कगार पर है। इससे झील की मछलियों पर खतरा मंडराना शुरू हो गया है। लिहाजा अब इन महलियों का रेस्क्यू कर सुरक्षित किया जा रहा है। बताते चलें कि झील का लगभग आधा क्षेत्र गाद से भरा हुआ है। तिब्बती चिल्ड्रन विलेज स्कूल के स्टूडेंट्स ने गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाकर बुधवार को डल झील में फैली गंदगी की सफाई की। इसके साथ ही उन्होंने मछलियों को बचाने को काम किया। छात्रों ने स्वच्छ भारत मिशन के सपने को साकार करने की शपथ ली।

## पुलिस ने पशु तस्करों से छुड़ाए बैल

**पठानकोट।** थाना डिवीजन नं. 2 प्रभारी शोहरत मान ने बताया कि पुलिस ने चक्की पुल के पास नाकाबंदी कर चेकिंग की तो चक्की पुल पर टिप्पर समेत 2 लोगों को काबू किया। पुलिस ने टिप्पर का ढ़ाला खोलकर देखा तो उसमें बैलों को मार देने की नीयत के साथ रस्सियों के साथ बांधा हुआ था। थाना डिवीजन नं.2 में जेएंडके के कठुआ में पड़ते जाराई निवासी नादीम हुसैन और शाहपुरकंडी के गांव कानपुर निवासी कमल के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

**कंपटीशन** अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर अरनी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन

## वाद-विवाद में रघुवंश-वसुंधरा प्रथम, तुषार और रिया द्वितीय

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के उपलक्ष्य में अरनी विश्वविद्यालय ने अरनी स्कूल ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज के माध्यम से एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 2 अक्तूबर को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस महात्मा गांधी की विरासत का सम्मान करता है और दुनिया भर में संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देता है।

इसमें विभिन्न विभागों के छात्रों ने अहिंसा की ताकत और उनकी कमजोरियों पर जोरदार चर्चा की गई। यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने एक प्रेरक भाषण दिया, जिसमें अहिंसा के गहरे महत्व को न केवल एक दार्शनिक सिद्धांत के रूप में, बल्कि अधिक सामंजस्यपूर्ण समाजों के निर्माण के लिए एक व्यावहारिक साधन के रूप में रेखांकित किया। डॉ. विवेक सिंह ने छात्रों को इन मूल्यों को अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के प्रो. वाइस चांसलर डॉ. मनीष कुमार श्रीवास्तव ने भी संघर्षों को प्रभावी ढंग से दूर करने में अहिंसा की भूमिका पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में सभी संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों ने भाग लिया, जो विश्वविद्यालय की अपने छात्रों के बीच शांति और संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चर्चाओं ने यह दोहराया कि अहिंसा स्थायी बदलाव लाने और संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान पाने का एक महत्वपूर्ण साधन है।

वहीं, वाद-विवाद प्रतियोगिता में रघुवंश और वसुंधरा (पैरामेडिकल) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, तुषार और रिया (पैरामेडिकल) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और मनीषा और कंचन (प्रबंधन) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. नेहा सलारिया, अदिति, गीताजंली और शालू द्वारा किया गया। विद्यार्थियों की टीमों में दिलावर और आर्ची (पैरामेडिकल), पारुल और मीनल (कानून), महिमा और अंजलि (मानविकी), तुषार और रिया (पैरामेडिकल), आर्यन और इब्राहिम (प्रौद्योगिकी), निहारिका और सिमरन (पैरामेडिकल), कुणाल और खुशबू (कानून), मनीष और कंचन (प्रबंधन), कशिश और सिमरन (जीवन विज्ञान) और रघुवंश और वसुंधरा (पैरामेडिकल) इत्यादि शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### महात्मा गांधी और शास्त्री को दी श्रद्धांजलि



एडीएम राहुल चौहान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य पर जिलेभर में दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला प्रशासन और नगर परिषद हमीरपुर की ओर से सुबह सात बजे गांधी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती, एडीएम राहुल चौहान, एसडीएम संजीत ठाकुर, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर, परिषद के पदाधिकारियों एवं पार्षदों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, कांग्रेस पार्टी और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा शहर के अन्य गणमान्य नागरिकों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया तथा देश के लिए उनके अमूल्य योगदान का स्मरण किया। लोक कलाकारों ने भजनों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी।



कांग्रेस के पदाधिकारी व प्रशासन के अधिकारी श्रद्धांजलि देने के लिए गांधी चौक में।

### पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ स्वच्छता पखवाड़ा




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़ा हमीरपुर जिले में भी बुधवार को सफाई अभियान, जागरूकता रैलियों, स्वच्छता की शपथ, अन्य जागरूकता गतिविधियों तथा पारितोषिक वितरण के साथ संपन्न हो गया। पखवाड़े के समापन अवसर पर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण डीआरडीए के परिसर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में एसडीएम संजीत ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों की सराहना करते हुए एसडीएम ने कहा कि इस बार उक्त अभियान का मुख्य विषय 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' रखा गया था। एसडीएम ने स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़े के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले खंड समन्वयकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत किया। इससे पहले डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर ने सभी गणमान्यों और अन्य लोगों का स्वागत किया तथा धन्यवाद व्यक्त किया।

### 'स्वच्छता ही सेवा' के समापन पर निकाली रैली




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़ा के समापन अवसर पर नगर परिषद हमीरपुर ने भी सफाई एवं जागरूकता रैली निकालकर आम लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई तथा स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़े के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों और अन्य कार्यकर्ताओं को नगर परिषद अध्यक्ष मनोज मिन्हास ने विशेष रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष मनोज मिन्हास के अलावा परिषद के पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक भी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र टपरे में अन्नप्रशान दिवस मनाया




**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** आंगनबाड़ी केंद्र टपरे में आईसीडीएस दिवस और अन्नप्राशन दिवस आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता गुलेरिया व आशा वर्कर सुमना देवी ने की। 2 अक्तूबर को आईसीडीएस दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर लोगों को आईसीडीएस विभाग की चलाईं गई सभी परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी गई

### एसडीएम संजय स्वरूप के लिए विदाई पार्टी आयोजित



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** उपमंण्डल भोरंज बीके तहत वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी ने भोरंज के एसडीएम संजय स्वरूप के अधीनस्थ राज्य चयन बोर्ड हमीरपुर में संयुक्त सचिव के पद पर स्थानांतरण के बाद उनके सम्मान में एक विदाई पार्टी का आयोजन किया। एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया और सभी ने एसडीएम भोरंज के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनके अच्छे कार्यों के बारे में बात की। अंत में संजय स्वरूप ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और वह काफी भावुक हो गए और कहा कि वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ ने लोगों को प्रेरित किया और इस नेक कार्य के लिए 58000 रुपए की महत्वपूर्ण राशि का योगदान देकर 58 लोगों को रेडक्रॉस सोसायटी का आजीवन सदस्य बनाया। इस अवसर पर राजिंद्र सिंह अध्यक्ष बीडीसी भोरंज, आशीष शर्मा प्रबंधक एसबीआई भरेड़ी, एमएल शर्मा, प्रताप शर्मा, चुनी लाल शर्मा, कुलवंत राय, रण सिंह चौहान प्रिंसिपल राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंबोह, अनिल सहगल, बलबीर शर्मा बीसी कौशल और विद्यासागर शर्मा उपस्थित थे।

### दिव्या सर्वहित सुधार सभा ने मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** दिव्या सर्वहित सुधार सभा बड़सर ने 22वां स्थापना दिवस सिविल अस्पताल बड़सर में मनाया, जिसकी अध्यक्षता कैप्टन मदन लाल बन्याल ने की। महासचिव हरवंश लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष, ओंकार कतना, संरक्षक कैप्टन एसी चैहान, मुख्य अतिथि सुभाष ढटवालिया, मुख्य अतिथि ने सभा के लिए 11000 रुपए सहयोग राशि देखकर स्थाई सदस्यता प्राप्त की। सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों को 2100 रुपए प्रोत्साहन राशि दी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने क्षेत्र वासियों को समाज के विकास कार्यों के करवाने के लिए अपना पूर्ण आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने रोगियों का हाल-चाल भी पूछा तथा फल वितरित किए। इस मौके पर समाजसेवी पवन शर्मा, देशराज शर्मा, बाबूराम, राकेश कुमार कौशल, रतनी चैहान तारा दीवान के अतिरिक्त कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# लापरवाही की इंतहा : हमीरपुर बाईपास रोड अनदेखी का शिकार

## 'बुर्जियां' लगाईं नहीं, लोग अब कब्जाने लगे अधिग्रहण की गई जमीन

**विक्रम ढटवालिया, उसयाना (हमीरपुर)**



सड़क के आर-पार दोनों तरफ बना लिया कबाड़खाना, (दाएं) रोड की 5 मीटर सड़क तक कब्जा कर लिया गया है।

रखरखाव के मामले में तो पहले से ही हमीरपुर बाईपास रोड नेशनल हाईवे अथॉरिटी की अनदेखी का शिकार है, लेकिन हाईवे अथॉरिटी ने जिस भूमि का अधिग्रहण किया था, उसे अब वही लोग कब्जाने लग पड़े हैं, जिन्हें मुआवजा मिल चुका है।

रोड के पक्के गोले तक वे निर्माण कर रहे हैं। कई जगह पर पीछे निर्माण है और आगे शेड डालकर बची हुई जगह को अपने कब्जे में ले रहे हैं, जिस वजह से यह रोड अब जगह-जगह से सिकुड़ने लगा है। कब्जा करने की यह रिहर्सल पिछले काफी समय से हो रही है और अब तो देखा-देखी में सभी आगे बढ़ रहे हैं। इसका अंजाम यह हुआ कि हाईवे पर कई जगह खोखे भी पक्के बना रहे हैं।

**रोड खस्ताहाल :** एक और सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि इस 5 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग पर कई जगह गड्ढे बने हुए हैं। पक्की सड़क के अलावा जो खाली भूमि है, उस पर झाड़ियां उगी हुई हैं और यह भी हाईवे के मामले को लेकर बेहद लापरवाही वाला सिलसिला यहां जारी है। कई जगह कबाड़ इकट्ठा करने वाले लोगों ने हाईवे को कब्जाया हुआ है। उन पर किसी भी तरह का कोई शिकंजा अथॉरिटी के अधिकारी कसते नहीं हैं। यानी अब इस सारे रोडकी सूरत-ए-हाल खराब हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### जल्द सुधारा जाएगा रोड

उधर, एनएचएआई के हमीरपुर स्थित डायरेक्टर विक्रम मीणा से इस मामले को लेकर कुछ दिन पहले बात हुई थी, तब उन्होंने कहा था कि यह रोड कुछ समय पहले ही एनएच ने उन्हें सौंपा गया है। जल्द ही इसकी दशा-दिशा को सुधारा जाएगा लेकिन अभी तक कोई काम इस पर शुरू नहीं हुआ है।

### अवैध कब्जों की भेंट चढ़ने लगा रोड

दरअसल कई साल पहले जब इस बाईपास रोड की भूमि को अधिग्रहित किया गया था, उसके बाद मुआवजा दिया गया। मुआवजा देने के बाद इस सारी जमीन पर जगह-जगह बुर्जियां बनाई जानी थीं। इसका मतलब यह था कि यह जमीन जहां तक हाईवे अथॉरिटी ने खरीद ली है, उस पर अब किसी का भी कब्जा नहीं हो सकता। उन बुर्जियों से आगे कोई बढ़ नहीं सकता, लेकिन बुर्जियां लगाई ही नहीं गईं और अब समस्या यह है कि कोई बताने वाला भी नहीं है, जमीन कहां तक अधिग्रहित की गई थी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी आंखें मूंद कर दफ्तर में बैठी है। मौके पर कोई अधिकारी आता नहीं है। इसलिए इस सारे बाईपास रोड की सूरत-ए-हाल अब अवैध कब्जों की भेंट चढ़ने लगी है।

# आठ माह पूर्व लापता व्यक्ति को पीओ सैल की टीम ने ढूंढ निकाला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

थाना नादौन के तहत कवि राज पुत्र चतर सिंह निवासी गांव काही दी बाहल डाकखाना पन्याली तहसील नादौन से गत 19 जनवरी से लापता हुआ था।

उक्त लापता व्यक्ति को ढूंढने के लिए जिला पुलिस हमीरपुर के पीओ सैल की टीम पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर के मार्गदर्शन व दिशा निर्देशानुसार हर खुफिया व तकनीकी पहलुओं के आधार पर ढूंढने के लिए भरसक प्रयास कर रही थी। टीम द्वारा बुधवार को जिला पुलिस हमीरपुर के पीओ सैल की टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को कांगू हमीरपुर से बरामद करने में सफलता की गई।

**परिजनों को सकुशल सौंपा**

उक्त बरामद लापता व्यक्ति कवि राज को जिला पुलिस हमीरपुर की टीम द्वारा आज उनके घर वालों को सकुशल सौंप दिया गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने जिला पुलिस हमीरपुर के पीओ सैल की पूरी टीम को इस कार्य के लिए बधाई दी है तथा भविष्य में भी पूरी टीम से इसी भावना व उत्साह से उत्कृष्ट कार्य करने लिए प्रोत्साहित किया गया।

### मोमोज की दुकान से चिट्टा, चरस और 20 हजार की नकदी बरामद

**हमीरपुर।** सदर पुलिस थाना की टीम ने गश्त के दो व्यक्तियों से 1.26 ग्राम चिट्टा और 13.16 ग्राम चरस के साथ 20 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गश्त के दौरान नादौन चैक के पास वेलकम फास्ट फूड मोमोज की दुकान के मालिक राज कुमार निवासी वार्ड नंबर 4 प्रताप गली हमीरपुर तथा उसके दोस्त अंकित कुमार निवासी वार्ड नंबर 3 प्रतापनगर के कब्जे से 01.26 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), 13.16 ग्राम चरस तथा 20,000 नकदी बरामद की गई। पुलिस ने इन दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार करके एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं के तहत थाना सदर हमीरपुर में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। पुलिस ऐसे मामलों पर कड़ी नजर रख रही है। इसे मामले के दोषियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बाबा बालकनाथ मंदिर में विश्व शांति के लिए रुद्रा महायज्ञ आज से

**अनंत ज्ञान, बड़सर**



उत्तरी भारत के विश्व-प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध में रुद्रा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जो 7 अक्तूबर तक आयोजित होगा। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया की विश्व शांति के लिए 3 से 7 अक्तूबर तक रुद्रा महायज्ञ किया जाएगा, जिसमें विख्यात पंडित भाग ले रहे हैं।

वीरवार सुबह 7 से लेकर 10 बजे तक जल यात्रा, 4 से 6 अक्तूबर तक पूजा पाठ 7 से 10 बजे तक, 7 अक्तूबर को हवन और पूर्णाहुति सुबह 10 से 2 बजे दोपहर तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि कल से ही नवरात्र शुरू हो रहे हैं। नवरात्रों से पहले मंदिर परिसर को आर्टिफिशियल लगभग 1 क्विंटल के करीब फूलों से सजाया जा रहा है। नवरात्र में सुरक्षा व्यवस्था भी चकाचोंद कर दी गई है।

## एचआरटीसी की गोल्डन जुबली पर बांटी मिठाई



**नादौन।** एचआरटीसी के 50 साल पूरे होने पर एचआरटीसी की गोल्डन जुबली मनाते हुए नादौन बस स्टैंड पर मिठाई बांट कर खुशी को साझा किया। इस अवसर पर सिटी ट्रांसपोर्ट एवं बस अड्डा प्रबंधन व डेवलपमेंट अथॉरिटी हिमाचल प्रदेश के निदेशक मनिंदर डिंपल कटोच ने एचआरटीसी के कर्मचारियों को एचआरटीसी को हिमाचल में सेवाएं देते हुए 50 साल पूरे होने पर बधाई दी तथा मिठाई बांट कर कर्मचारियों का मुंह मीठा करवाया। डिंपल कटोच ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम आज गोल्डन जुबली मना रहा है। एचआरटीसी ने 1974 में डीजल से चलने वाली बसों को शुरू किया था और आज लोकप्रिय व दूरदर्शी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर दौड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि नादौन में मुख्यमंत्री ने एचआरटीसी का डिपो स्वीकृत किया है, जिसका न केवल नादौन अपितु आसपास के विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को लाभ पहुंचेगा।

## कंज्याण में मनाया अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने ग्राम पंचायत कंज्याण में एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसकी अध्यक्षता पंचायत प्रधान संदीप कुमार चौहान ने की। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत करते हुए तहसील कल्याण अधिकारी बलदेव सिंह चंदेल ने कहा कि इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का विषय एजिंग विद डिग्निटी यानी गरिमा के साथ बुढ़ापा रखा गया है। तहसील कल्याण अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार ने विशेष प्रावधान किए हैं तथा कई कल्याणकारी योजनाएं आरंभ की हैं। वरिष्ठ नागरिकों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

## महिलाओं को दी स्वच्छता मिशन की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा बड़सर उपमंडल के गांव सठवीं में स्थानीय महिलाओं के लिए आयोजित किए जा रहे मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण शिविर में गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में आरसेटी के निदेशक अजय कतना ने महिलाओं को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों, बैंकिंग योजनाओं, पीपीएफ, वित्तीय साक्षरता, मुद्रा लोन, किसान क्रेडिट कार्ड, डिजिटल बैंकिंग और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील भी की। इस अवसर पर आरटीडी ट्रेनर डॉ. विद्यासागर, फैकल्टी मेंबर संजय हरनोट भी उपस्थित थे।

## डीएवी भड़ोली में मैराथन का आयोजन



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली स्कूल में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का समापन किया गया। मैराथन दौड़ के साथ डीएवी भड़ोली के छात्रों के लिए राष्ट्रपति महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य पर स्वच्छता जागरूकता मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में एडिशनल एसएचओ ज्वालाजी नांजिर सिंह ने शिरकत की। इस अवसर पर मैराथन दौड़ में विजेता रहे बच्चों और अध्यापकों को पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय के वाइस चेयरमैन डॉ. ओपी सोंधी ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने सर्वप्रथम महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान स्टाफ ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## होमगार्डों ने गोशाला में की साफ-सफाई



**टौणी देवी।** गांधी जयंती पर जमलीधाम में स्वच्छता अभियान के अवसर पर कमांडेंट होम गॉर्ड हमीरपुर ने अपनी टीम के साथ मंदिर परिसर में सफाई अभियान में भाग लिया। जमलीधाम गोशाला समिति के अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया ने उनका स्वागत व आभार व्यक्त किया।

## लड़की की शादी कि लिए दी आर्थिक सहायता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एक्स सर्विस समिति तपा धनेड़ की ओर से निर्मला देवी पत्नी विवेक कुमार गांव लिंगमी डाकघर धनेड़ को 21 हजार रुपए की सहायता राशि बेटी दीपिका कुमारी की शादी के लिए दी। इस मौके पर समिति के प्रधान पाल शर्मा, बलवीर सिंह, कैप्टन बिहारी लाल, निक्का राम, सूबेदार हंसराज, प्रिंसिपल प्रदीप, कैप्टन चैधरी, निर्मला देवी, एनडी शर्मा, कैप्टन अनंत राम, गरीब दास, फलाइंग ऑफिसर केसी शर्मा, सूबेदार मेजर प्रताप सिंह, कैप्टन सोमदत्त शर्मा एवं समस्त समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस कर्मचारियों ने किया रिफ्रेशर कोर्स



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीटीसी डरोह के प्रशिक्षक एएसआई रविंद्र कुमार के अगुवाई में पुंग खड्ड फायरिंग रेंज में एक दवसीय टियर स्मोक (आंसू गैस) रिफ्रेशर कोर्स आयोजित किया गया। इस एक दिवसीय टियर स्मोक (आंसू गैस) रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन जिला हमीरपुर के 16 पुलिस कर्मचारियों ने प्रशिक्षण लिया। इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य जिला पुलिस हमीरपुर के कर्मचारियो के मनोबल को बढ़ाना, दंगों व भीड़ को नियंत्रित करने लिए पारंगत करना, उनकी कार्य कुशलता व क्षमता को बढ़ाना तथा संबंधित गोला बारुद व हथियारों के संचालन के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। पुलिस अधिक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि आगे भी इस तरह के कोर्स आयोजित किए जाते रहेंगे।

# बारीं पंचायत में प्रवासी लोगों के आने पर लगाया प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**



विकास खंड बमसन टौणी देवी के मुख्यालय की पंचायत बारीं मे ग्राम सभा का आयोजन हुआ।

विकास खंड बमसन टौणी देवी के मुख्यालय की पंचायत बारीं की ग्राम सभा बुधवार को पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा ग्राम सभा को पूर्ण किया। ग्राम सभा में मनरेगा के साथ ही ओडीएफ सहित अन्य कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सेल्फ भी पारित किए गए, जिससे आगामी वित्त वर्ष में विकास कार्य करवाए जा सके।

इसके साथ ही पंचायत में बिना पंजीकरण घूमने वाले कबाड़ियों, फेरी वाले लोगों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। पंचायत में कोई भी बिना अनुमति के कवाड़ी या फेरीवाला पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पंचायत में नशा मुक्ति के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है और नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला लिया है, जिससे युवा पीढ़ी को नशे की चपेट में जाने से बचाया जा सके।

इसके साथ ही सभी वार्डों और विशेषकर टौणी देवी बाजार की स्वच्छता को लेकर विशेष प्रयास किए जाएंगे। इसमें टौणी देवी बाजार के दुकानदारों का भी सहयोग लिया जाएगा। लोगों को सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर ने लोगों को अन्य कई योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान की, जिससे पंचायत को और विकसित किया जा सके। बैठक में पंचायत उपप्रधान सुमेश कुमार के साथ ही वार्ड सदस्य नरेश कुमार, राजो कुमारी, सोनू कुमारी, अंजना कुमारी, पूनम कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं कुसुम लता, सीता देवी और प्रोमिला ने आईसीडीएस का स्थापना दिवस भी मनाया तथा लोगों को बधाई दी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम लता ने लोगों को विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

## केंद्र सरकार से बकाया पैसा दिलाएं केंद्रीय मंत्री : सांख्यान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश कांग्रेस के मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि लोकसभा चुनावों के पश्चात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व रसायन व उर्वरक मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल प्रदेश व अपने गृह जिला बिलासपुर आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के आगमन से प्रदेश की कांग्रेस सरकार और प्रदेश की जनता को उम्मीद भी जगी है।

संदीप सांख्यान ने कहा कि केंद्रीय मंत्री को समझना चाहिए कि प्रदेश सरकार के करीब 23 हजार करोड़ रुपए पर केंद्र सरकार कुंडली मार कर बैठी है तो ऐसे में उनसे उम्मीद की जाती है कि वह प्रदेश के हितों को ध्यान रखते यह पैसा प्रदेश सरकार को दिलाएं।

## ग्राम पंचायत दड़ूही में आयोजित विशेष ग्राम सभा में बुजुर्गों का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



विधायक आशीष शर्मा को सम्मानित करती प्रधान उषा विरला।

हमीरपुर के साथ लगती पंचायत दड़ूही में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता प्रधान उषा बिरला ने की। इस विशेष ग्राम सभा में मुख्य अतिथि के रूप में हमीरपुर विधानसभा के विधायक आशीष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस ग्राम सभा में ओरिएंटेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए मिनिस्ट्री ऑफ पंचायतीराज की तरफ से देशभर की 750 ग्राम पंचायत का चयन किया गया है, जिसमें स्पेशल ग्राम सभा का संचालन किया जाएगा। इसमें ब्लॉक हमीरपुर की ग्राम पंचायत दड़ूही भी शामिल है। प्रधान उषा बिरला ने ग्राम सभा की अध्यक्षता की शुरुआत करते हुए मुख्य अतिथि को सम्मानित किया एवं इस सभा में होने वाले कार्यक्रमों का ब्योरा प्रस्तुत किया। ग्राम सभा में हमीरपुर ब्लाक के वीडियो के साथ-साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रधान उषा बिरला ने सभी को स्वच्छता व नशा मुक्ति पर शपथ दिलाई। वहां पर विभाग की तरफ से संदीप कुमार ने ग्राम पंचायत विकास योजना के नौ बिंदुओं की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रस्तुत की।

**आस्था** | 350 साल पुराने विश्व प्रसिद्ध टौणी देवी मंदिर में आज भी निभाई जाती है परंपरा

# पत्थर टकराने से श्रद्धालु की हर मुराद होती है पूरी

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



विश्व प्रसिद्ध टौणी देवी मंदिर में लोगों की भीड़ लगी रहती है।

हमीरपुर-अवाहदेवी राष्ट्रीय राजमार्ग 03 पर स्थित माता टौणी देवी के मंदिर की खासियत यह है कि यहां पत्थरों को टकराकर माता का आह्वान किया जाता है और माता हर मुराद पूरी करती है। लगभग 350 साल पुराने इस मंदिर में यह परंपरा आज भी निभाई जाती है।

विश्व में इस परंपरा को निभाने वाला यह एकमात्र मंदिर है। बेशक मंदिर परिसर में पीतल की घंटियां भी लगाई गई हैं, लेकिन लोग परंपरा को निभाना नहीं भूलते। नवरात्रों में यहां खूब चहल-पहल रहती है। मंदिर के इतिहास बारे बताया जाता है कि मुगलों के अत्याचार से तंग आकर तीन शताब्दी पूर्व चौहान वंश के 12 भाइयों ने इस पहाड़ी दुर्गम क्षेत्र में शरण ली थी ताकि अपने धर्म व परिजनों की रक्षा कर सकें। उ

नके साथ उनकी बहन भी थी, जिसे सुनाई नहीं देता था। भाभियों के अक्सर तंग करने पर कन्या टौणी देवी क्षुब्ध होकर इस स्थान पर घोर तपस्या करते हुए भूमि में समा गई। उसी की याद में उसके भाइयों ने यहां छोटे से मंदिर की स्थापना की, जो कि आज भव्य रूप धारण कर लिया है।

माता की याद में यहां हर वर्ष मेले का आयोजन होता है। नवरात्र में भी श्रद्धालु दूर-दूर से यहां पहुंचते हैं। माता टौणी देवी को सुनाई नहीं देता था, इसलिए श्रद्धालु जब भी कोई मन्नत मांगता है तो वहां रखे पत्थरों को आपस में टकराता है और उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है।

माता के दरबार में पंजाब हरियाणा, दिल्ली, राज्य स्थान, जम्मू-कश्मीर व उत्तर-प्रदेश व अन्य राज्यों से भी लोग दर्शन करने आते हैं। चौहान वंश के लोग इसे अपनी कुलदेवी मानते हैं। मंदिर कमेटी प्रधान सरवन कुमार ने बताया कि नवरात्र से पहले मंदिर की साफ-सफाई करवाई गई है। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए विशेष प्रबंध किया जाता है। मंदिर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। (अनंत ज्ञान)

देश की ताकत और मजबूती के लिए सबसे जरूरी काम है लोगों में एकता स्थापित करना। -लाल बहादुर शास्त्री

## संपादकीय

# दोहरा झटका

हिमाचल प्रदेश में जब औद्योगिक पैकेज आया था, तो उसे देखकर सीमावर्ती जिलों में उद्योग स्थापित करने के लिए बाहरी राज्यों से बहुत से लोग हिमाचल चले आए थे। इनमें सबसे ज्यादा उद्योग बीबीएन यानी बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में लगे। ऊना और कालाअंब में भी उद्योग लगे। उद्योगपति वर्षों से प्रदेश में इस लालच में टिके रहे कि हिमाचल में सरप्लस बिजली उत्पादन होता है, जिसके चलते उन्हें सस्ती बिजली मिलेगी तथा उद्योगों को चलाने में कोई दिक्कत पेश नहीं आएगी और यहां उन्हें सस्ती दरों पर बिजली मिलती भी रही और वे धड़ाधड़ उत्पाद बनाकर मुनाफा कमाते रहे। इससे भी बड़ी बात यह थी कि बिजली 24 घंटे मिलती थी और बिजली कट बहुत कम लगते थे। लाखों लोगों को रोजगार मिलता रहा। राज्य सरकार को कई टैक्सों के रूप में राजस्व मिलता रहा, लेकिन पिछले एक साल में बिजली दरों में इजाफा हो गया। उद्योग संघ लगातार सीएम, डिप्टी सीएम और उद्योग मंत्री से अपनी समस्याओं को लेकर मिलते रहे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और अब सुक्खू सरकार ने लोगों को दी जा रही फ्री बिजली और पानी की सुविधा अचानक बंद कर दी। इसे लोग और खासकर उद्योगपति दोहरे झटके के रूप में देख रहे हैं। सरकार ने इस महीने से बिजली की 300 यूनिट से ज्यादा खपत करने पर सब्सिडी खत्म कर दी है। दूसरी ओर इसी महीने से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पानी के प्रति कनेक्शन 100 रुपए चुकाने होंगे।

सरकार ने पानी व सीवरेज के नए रेट तय कर दिए हैं। अब नए रेटों पर लोगों को पानी मिलेगा। वहीं, कनेक्शन, मेंटेनेंस पर भी लोगों को अब पैसा देना होगा। जाहिर है सरकार के इस फैसले से उद्योगपति अब दूसरे राज्यों में पलायन करेंगे, क्योंकि हरियाणा और पंजाब के अलावा जम्मू-कश्मीर में भी हिमाचल के मुकाबले बिजली सस्ती मिल रही है। बहुत से उद्योग तो शटडाउन हो गए हैं। गवालथाई में एक उद्योग के बंद होने से 2000 से ज्यादा लोगों के रोजगार पर संकट आ गया है। वहीं, कुछ फार्मा यूनिट भी जम्मू की ओर शिफ्ट हो रहे हैं, क्योंकि उन्हें जम्मू में इंसेंटिव भी मिल रहे हैं। आखिर इसकी वजह क्या है? क्या सरकार के पास खजाना वाकई खाली हो गया है? इसका जवाब तो सरकार ही अच्छे से दे सकती है। सुक्खू सरकार के इस फैसले से सबसे ज्यादा अगर त्रस्त है, तो वो है स्टील उद्योग और भारी उद्योग। हालांकि, हाल ही में सीएम सुक्खू ने एक बयान दिया था कि दूसरे राज्यों के मुकाबले हिमाचल में उद्योगों को अभी भी एक रुपए सस्ती बिजली दी जा रही है, लेकिन उस बयान का 3298 छोटे और मध्यम उद्योगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उद्योगपतियों का तर्क है कि उन्हें हिमाचल में अब उत्पादन करना फायदे का सौदा नहीं लग रहा है, क्योंकि पिछले दो साल में 46 प्रतिशत बिजली महंगी हो गई है। इससे हम जितनी लागत लगा रहे हैं उसके मुकाबले हमें कोई मुनाफा नहीं हो रहा, बल्कि उलटा नुकसान जरूर हो जा रहा है। अगर हिमाचल से उद्योग पलायन कर जाएंगे, तो इसका सरकार पर बहुत बड़ा असर होगा।

सबसे पहले, आर्थिक नुकसान होगा, क्योंकि उद्योगों से सरकार को राजस्व मिलता है, जो अब नहीं मिलेगा। इसके अलावा, रोजगार की कमी होगी, क्योंकि उद्योगों में लोगों को रोजगार मिलता है, जो अब नहीं मिलेगा। इसके अलावा, विकास की दर भी कम हो जाएगी, क्योंकि उद्योगों से विकास होता है, जो अब नहीं होगा और सबसे महत्वपूर्ण बात, सरकार की विश्वसनीयता भी कम हो जाएगी, क्योंकि लोगों का सरकार पर से भरोसा उठ जाएगा। दूसरी ओर, हिमाचल में पानी के रेट बढ़ने से आम लोगों पर कई तरह के असर पड़ सकते हैं। पानी के रेट बढ़ने से लोगों को अधिक पैसे देने होंगे, जिससे निश्चित रूप से उनका बजट प्रभावित होगा। गरीब लोगों के लिए पानी के रेट बढ़ना बहुत बड़ा बोझ होगा, क्योंकि वे पहले से ही आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। किसानों को सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता होती है, इसलिए पानी के रेट बढ़ने से उनकी आय पर असर पड़ेगा। पानी के रेट बढ़ने से उद्योगों की लागत बढ़ेगी, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है। यदि लोग पानी के लिए अधिक पैसे नहीं दे पाते हैं, तो वे स्वच्छ पानी की जगह दूषित पानी का उपयोग कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इन असरों को कम करने के लिए सरकार को कुछ कदम उठाने चाहिए जैसे-सब्सिडी प्रदान करना, पानी की बचत के लिए अभियान चलाना, पानी के स्रोतों का विकास करना, पानी के रेट में बढ़ोतरी को नियंत्रित करना आदि। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### ऊंची कूद के भारतीय पैरा एथलीट

निषाद कुमार ऊंची कूद के भारतीय पैरा एथलीट हैं। उन्होंने ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक, 2020 (टोक्यो पैरालंपिक) में भारत के लिए रजत पदक जीता है। निषाद कुमार ने 2.06 मीटर के अपने पर्सनल रिकॉर्ड की बराबरी की है। उन्होंने इस ऊंचाई तक ऊंची कूद लगाकर रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने इस पदक पर कब्जा करने के साथ ही नया एशियन रिकॉर्ड भी कायम कर दिया है। निषाद कुमार हिमाचल प्रदेश के छोटे से गांव बदायूं के रहने वाले हैं। वर्ष 2019 में उन्होंने दुबई में हुई वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड फ्री में हाई 2.05 मीटर कूद लगाकर स्वर्ण जीतने के साथ ही टोक्यो का टिकट पक्का कर लिया था। इसके बाद ने फरवरी 2021 में अपनी प्रतिभा में सुधार करते हुए, दुबई में ही 2.06 मीटर हाई जंप लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया था। निषाद कुमार के पिता रशपाल राज मिस्त्री का काम करते हैं, जबकि माता पुष्पा देवी गृहिणी है। एक बड़ी बहन रमा देवी है, जिन्होंने बीकॉम की शिक्षा प्राप्त की है। वह जब पांचवीं कक्षा में थे, तब से ही हाई जंप को लेकर प्रैक्टिस शुरू कर दी थी, जिसके परिणाम आज ओलंपिक में सिल्वर में मेडल प्राप्त किया है। निषाद ने सरस्वती विद्या मंदिर कटोहड़ खुर्द में दसवीं तक की पढ़ाई पूरी की। वहीं सरकारी स्कूल में जमा दो की पढ़ाई की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, 'तोक्यो से एक और खुशी की खबर आई है। बहुत खुश हूं कि निषाद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी 47 स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीत लिया है। वह उत्कृष्ट कौशल वाले शानदार ऐथलीट हैं। उन्हें बधाई।' ■



निषाद कुमार
जन्म : 3 अक्तूबर, 1999

## अपनी बात

उच्च रक्तचाप एक सामान्य स्थिति है जो शरीर की धमनियों को प्रभावित करती है। इसे हाइपरटेंशन भी कहा जाता है। यदि आपको उच्च रक्तचाप है, तो धमनी की दीवारों के खिलाफ रक्त का दबाव लगातार बहुत अधिक होता है। हृदय को रक्त पंप करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। रक्तचाप को मिलीमीटर पारे (मिमी एचजी) में मापा जाता है। सामान्य तौर पर, उच्च रक्तचाप 130/80 मिलीमीटर पारे (मिमी एचजी) या उससे अधिक का रक्तचाप रीडिंग है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी और अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन रक्तचाप को चार सामान्य श्रेणियों में विभाजित करते हैं। आदर्श रक्तचाप को सामान्य श्रेणी में रखा जाता है। 180/120 mm Hg से ज्यादा रक्तचाप को उच्च रक्तचाप संबंधी आपातकाल या संकट माना जाता है। इन रक्तचाप संख्याओं वाले किसी भी व्यक्ति के लिए आपातकालीन चिकित्सा सहायता लें। उच्च रक्तचाप का इलाज न किए जाने पर दिल का दौरा, स्ट्रोक और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। 18 वर्ष की आयु से शुरू करके कम से कम हर दो साल में अपने रक्तचाप की जांच करवाना महत्वपूर्ण है। कुछ लोगों को अधिक बार जांच की आवश्यकता होती है। **नैनसी चौहान, गंगभैरों**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# आपदा न्यूनीकरण क्षेत्र में निभानी होगी अहम भूमिका

प्राचीन काल से ही संचार एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति हो चुकी थी, इसकी सर्वप्रथम शुरुआत करने का श्रेय महर्षि नारद जी को जाता है, जो कि इस क्षेत्र में अपने अभूतपूर्व कौशल ज्ञान से सूचनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्टीक माध्यम से पहुंचने के लिए जाने जाते रहे हैं। मीडिया जनता और आपातकालीन संगठनों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करता है और आपदाओं से पहले, उसके दौरान और उसके बाद जनता तक महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मीडिया आपदाओं के बारे में जनता को शिक्षित करके, खतरों की चेतावनी देकर, प्रभावित क्षेत्रों के बारे में जानकारी एकत्र करके और उसे प्रसारित करके, सरकारी अधिकारियों, राहत संगठनों और जनता को विशिष्ट आवश्यकताओं के बारे में सचेत करके और निरंतर सुधार के लिए आपदा की तैयारी और प्रतिक्रिया के बारे में चर्चाओं को सुविधाजनक बनाकर आपदाओं के प्रबंधन में सहायता करता है।

मीडिया को इन भूमिकाओं को पूरा करने में मदद करने के लिए, मीडिया और आपदा प्रबंधन संगठनों के बीच सीधे और प्रभावी कार्य संबंध स्थापित किए जाने चाहिए और उन्हें बनाए रखा जाना चाहिए। अनुभव से पता चलता है कि आपदा आने से पहले मीडिया के साथ नियमित बातचीत, सूचना के प्रभावी प्रवाह में सहायता करती है और आपदा के बाद प्रभावी कार्य संबंधों के लिए आधार तैयार करती है।

आपदा प्रबंधन में 'सही समय पर सही जानकारी' की आवश्यकता सदियों से नहीं बदली है। लोगों को आपदा से पहले चेतावनी की आवश्यकता होती है और फिर, उसके बाद, हताहतों, क्षति, आवश्यक आपूर्ति और कौशल, इन संसाधनों को लाने के सर्वोत्तम तरीके, उपलब्ध और प्रदान की जा रही सहायता आदि के बारे में डेटा की आवश्यकता होती है। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां सार्वजनिक शिक्षा और प्रारंभिक चेतावनियों के तेज, व्यापक प्रसार ने हजारों लोगों की जान बचाई। उदाहरण के लिए, नवंबर 1970 में, एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात, एक उच्च ज्वार के साथ मिलकर दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश में आया, जिससे 300,000 से अधिक लोग मारे गए और 1.3 मिलियन बेघर हो गए। मई 1985 में, एक समान चक्रवात और तूफान की लहर ने उसी क्षेत्र को प्रभावित किया। 'इस बार- आपदा चेतावनियों का स्थानीय स्तर पर बेहतर प्रचार-प्रसार हुआ और लोग उनका सामना करने के लिए बेहतर तरीके से तैयार थे।



लेखक :राजन कुमार शर्मा
आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ, नाहन

हालांकि, जीवन की हानि अभी भी अधिक थी, लेकिन 1970 की तुलना में 10,000 या लगभग 3 प्रतिशत थी। जब मई 1994 में बांग्लादेश के उसी क्षेत्र में विनाशकारी चक्रवात आया, तो 1,000 से भी कम लोग मारे गए। भारत के आंध्र प्रदेश में 1977 के चक्रवात ने 10,000 लोगों की जान ले ली, जबकि 13 साल बाद उसी क्षेत्र में आए एक ऐसे ही तूफान ने केवल 910 लोगों की जान ली। नाटकीय अंतर -इस तथ्य के कारण था कि निचले इलाकों में लोगों को सचेत करने के लिए रेडियो स्टेशनों से जुड़ी एक नई पूर्व चेतावनी प्रणाली लागू की गई थी। मीडिया के दो मुख्य प्रकार हैं। 1. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और 2. प्रिंट मीडिया। रेडियो (सेटेलाइट और वायरलेस दोनों) और टेलीविजन (केबल, डीटीएच आदि) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रमुख खिलाड़ी हैं, जबकि समाचार पत्र, पत्रिकाएं, जर्नल प्रिंट मीडिया का हिस्सा हैं। ज्ञान जीवन रक्षक हो सकता है, खास तौर पर आपातकालीन स्थिति में और लोगों को जो कुछ भी पता है, वह सब मास मीडिया के माध्यम से ही पता चलता है। दुनिया में सबसे उन्नत सुनामी चेतावनी प्रणाली के साथ, जापान वैश्विक मानक स्थापित करने वाला देश है, लेकिन मार्च 2011 में आई सुनामी में मरने वालों की संख्या 20,000 के करीब होने के कारण, यह जोखिम की तैयारी को बेहतर बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श में भी सबसे आगे है।

आपदाओं के सभी चरणों में मीडिया की भूमिका होती है। वास्तविक खतरे की घटनाओं के दौरान मीडिया सबसे अधिक प्रभावित होने वाले कमजोर समुदायों तक चेतावनियों और सूचनाओं के तेजी से प्रसार में एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया भागीदार होती है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (राज्य ईओसी) नेटवर्क और निर्णय समर्थन प्रणाली (डीएसएस) की स्थापना के साथ यह भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। आपदा आने के बाद, समाचार मीडिया प्रभावी संचार चैनल प्रदान कर सकता है और प्रभावित क्षेत्रों पर किसी घटना के प्रभाव की तस्वीर तेजी से प्रदान करने में सहायता कर सकता है, जिससे अधिकारियों को बचे हुए, लोगों तक सहायता और बचाव प्रयासों को अधिक कुशलता से निर्देशित करने में मदद मिलती है।

आपदा की तैयारी में मीडिया की भूमिका में शामिल हैं। जनता की सुरक्षा के लिए विश्वसनीय जानकारी का प्रसारण, जनता से/तक जानकारी का संग्रह और वितरण, लेकिन सूचना को विश्वसनीय और भरोसेमंद होने के लिए पत्रकारों द्वारा उपयोग किए जाने वाले किसी भी अन्य सूचना स्रोत के समान सत्यापन की आवश्यकता होती है। प्रसारण मीडिया आपदाओं के बारे में जनता को शिक्षित करने, खतरों की चेतावनी देने, प्रभावित क्षेत्रों के बारे में जानकारी एकत्र करने और प्रसारित करने, सरकारी अधिकारियों, राहत संगठनों और जनता को विशिष्ट आवश्यकताओं के बारे में सचेत करने में बहुत प्रभावी भूमिका निभा सकता है और आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया के बारे में चर्चा को सुविधाजनक बनाना।

आपदा न्यूनीकरण में मीडिया एक अनूठी भूमिका निभाता है। हालांकि मीडिया और आपदा न्यूनीकरण संगठनों के उद्देश्य समान नहीं हैं, लेकिन दोनों की स्वतंत्रता और अखंडता से समझौता किए बिना, जनता तक ऐसी जानकारी पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जा सकता है, जिससे कई लोगों को अपनी जान बचाने में मदद मिलेगी। अतः अंत में यह कहना उचित होगा कि मीडिया और आपदा विशेषज्ञों के लिए आपसी हितों का समर्थन करने और सबसे महत्वपूर्ण बात, प्राकृतिक और मानव निर्मित खतरों के जोखिमों को कम करके विश्व समुदाय की सेवा करने के लिए एक साथ काम करने का बहुत बड़ा अवसर मौजूद है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# शास्त्री जी को सात वर्ष तक जेल में रहना पड़ा था

2 अक्तूबर का दिन दो महान हस्तियों की जयंती का दिन था, अर्थात इस दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाई जाती है। दोनों ही सादे, सत्य और अहिंसा के पुजारी, गरीबों के मसीहा और सच्चे क्रांतिकारी व पक्के देशभक्त थे। अपने इस आलेख में स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की चर्चा करने जा रहा हूं। जिनका जन्म दो अक्तूबर के दिन माता श्रीमती राम दुलारी व पिता श्री शरद प्रसाद श्रीवास्तव के यहां बनारस के निकट मुगल सराय नामक स्थान में वर्ष 1904 को हुआ था।

पिता शरदप्रसाद श्रीवास्तव पाठशाला में अध्यापक के रूप में कार्यरत थे, लेकिन बालक लाल बहादुर जब मात्र डेढ़ वर्ष का ही था, तो उनके पिता चल बसे। पिता के इस तरह से चले जाने के पश्चात बालक लाल बहादुर, जिसे घर पर नन्हें कहकर संबोधित करते थे, अपनी माता व भाइयों के साथ अपने ननिहाल चले गए। जब पाठशाला जाने के योग्य हुए, तो अपनी पढ़ाई के लिए बनारस में अपने चाचा के यहां आ गए, क्योंकि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए बालक लाल बहादुर नंगे पांव ही पाठशाला जाया करते थे और गांधी जी के भाषण सुनने में बहुत रुचि रखते थे, जब कि उस समय उनकी आयु यही कोई 10 ,11 वर्ष की ही थी। 1930 में जिस समय महात्मा गांधी जी द्वारा नमक के टैक्स के विरुद्ध डांडी यात्रा आंदोलन शुरू किया, तो लाल बहादुर शास्त्री जी भी उसमें शामिल हो गए। बाद में लगातार गांधी जी के साथ कई एक विद्रोही गतिविधियों में शामिल होते रहे, जिनके फलस्वरूप शास्त्री को लगभग सात वर्षों तक जेल में रहना पड़ा था। शास्त्री जी की क्रांतिकारी व सामाजिक गतिविधियों को देखते हुए, वर्ष 1946 में कांग्रेस सरकार द्वारा उन्हें उत्तर प्रदेश के लिए संसदीय सचिव नियुक्त कर दिया गया था। फिर शीघ्र ही उन्हें गृहमंत्री नियुक्त कर दिया गया था। वर्ष 1951 में केंद्रीय मंत्रिमंडल में रहते हुए, कई विभागों का प्रभारी भी बनाया गया था, जिनमें रेलमंत्री, परिवहन व संचार मंत्री, वाणिज्य व उद्योगमंत्री, गृहमंत्री के साथ ही साथ जिस समय पंडित जवाहरलाल नेहरू कुछ अस्वस्थ अनुभव कर रहे थे, तो तब उन्हें बिना विभाग के मंत्री भी बनाया गया था। रेलमंत्री रहते हुए, जब बड़ी रेल दुर्घटना हो गई थी, तो शास्त्री जी ने नैतिकता के आधार पर खुद ही अपना इस्तीफा दे दिया था, लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरू तो शास्त्री जी के स्वभाव व योग्यता से भली भांति परिचित थे।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

1952, 1957 और फिर 1962 में कांग्रेस को बहुमत से विजय दिलाने में भी शास्त्री जी की विशेष भूमिका रही थी। जब 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में, पाकिस्तान को बुरी तरह से पछाड़ने के लिए भी शास्त्री जी की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। 11जनवरी 1966 की रात को ही हृदय गति रुक जाने से शास्त्री जी मृत्यु (रहस्यम परिस्थितियों में) बताई गई। मरणोपरांत 1966 में शास्त्री जी को उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनके देहावसान वाले दिन को स्मृति दिवस के रूप में याद किया जाता है। शास्त्री जी को उनकी जयंती पर शत शत नमन। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## कविता



### आएगा इक दिन हुजूर

विक्रम कौशल
समोट, चंबा

*सूरज ढलते हर दिन आए,*
*रातभर मुझे खूब सताए।*
*चित दुखाया इसने मेरा,*
*क्यों सखी साजन! नहीं अंधेरा।*
*बिन उसके न नींद है आए,*
*पल-पल उसकी याद सताए।*
*उस बिन मुझे नहीं है सोना,*
*क्या सखी साजन! न सखी बिछोना*
*उसके बिना मैं जी न पाऊं,*
*बिन उसके अधीर हो जाऊं।*
*है वो मेरा प्राण आधार,*
*क्या सखी साजन! न सखी बयार।*
*आएगा वो इक दिन हुजूर,*
*ले जाएगा मुझ को जरूर।*
*कैसे कहूं मैं उसकी चाल।*

# आखिर कब तक चलेंगे नारी सुरक्षा विषय पर संगोष्ठियां और सेमिनार

देश में नारी सुरक्षा विषय की दिन-प्रतिदिन मांग व चर्चा-परिचर्चा निरंतर गति से विस्तार पकड़ती जा रही है, आए दिन ऐसे कृत्य देश में हो रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप नारी सुरक्षा पर चिंतन व मंथन करना आवश्यक महसूस किया जा रहा है, नारी व बेटियां अस्पताल में, स्कूल में, कॉलेज में, घर में, गांव में और शहर में ड्यूटी पर कहीं भी सुरक्षित नहीं है, तो कहां सुरक्षित है यह बड़ा प्रश्न है? इस प्रकार के अनेक प्रश्नों का हल खोजते-खोजते अनेक विशेषज्ञ व शोधार्थी कॉलेज व विश्वविद्यालयों में अनेक संगोष्ठियां और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार कर रहे हैं।

ऐसी ही राष्ट्रीय संगोष्ठी हिमाचल प्रदेश के उत्कृष्ट महाविद्यालय अर्की में 27 और 28 सितंबर को हिंदी विभाग एवं केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा के संयुक्त तत्वावधान में हुई। जहां अध्यात्मिक जगत के विशेषज्ञों ने नारी सुरक्षा विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में विचार विमर्श किया, मुझे भी वहां सहभाग करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। नारियों की पूजा और हत्या यह कैसा समाज आदि विषयों पर खुलकर चर्चा की गई। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में 100 से अधिक शोधार्थियों ने भाग लिया और नारी सुरक्षा विषय पर बहुत से समाधान व चुनौतियां सामने निकल आई, जिसके लिए समाज को जागरूक होना जरूरी है और महिलाओं को अब घूंघट में नहीं, बल्कि अपनी पीड़ा को लेखनी के माध्यम से जागरूक करना जरूरी है और साथ ही माननीय न्यायालय को भी न्याय में देरी नहीं करनी होगी और हमारी सरकारों को भी ऐसे विषयों पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। कुछ शोधार्थियों ने तो यहां तक कहा कि स्याही सुखती नहीं अखबारों की, उतने में नई खबर आ जाती है बालात्कारों की।



लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज

भारत एक ऐसा देश जहां की धरती को ही एक देवी रूप में यानी भारत मां के रूप में जाना व पुकारा जाता है, नारियों की पूजा शक्ति रूप में की जाती है। नारियों का स्थान देवियों के रूप में माना जाता है। हमारी संस्कृति ऐसी ऐतिहासिक व गौरवशाली रही है, जहां नारियों के अपमान के खिलाफ महाभारत व लंका जला दी जाती थी, लेकिन न जाने भारत में अब कितनी बेटियां यूं ही हैवानों का शिकार बनती जा रही है, कभी निर्भया, तो कभी मोमिता को परिवारों ने खोया है यह कैसा भारत व अपराधियों की कैसी अमानवीय मानसिकता। जो पीड़ित को देखे व घटना के बारे में सुने उसका हृदय कांप उठता है।

भारत में निरंतर तेजी से बढ़ रहे ऐसे मामले कतई सहनयोग्य नहीं है। कभी बेटियों के कपड़ों का बहाना बनाया जाता है, तो कभी समय का, तो कभी उम्र का, तो कभी माहौल का, लेकिन हैवानों के लिए कोई वर्ग नहीं होता, चील कौओं की तरह नौचने की प्रवृत्ति इनके मन में है। अभी हाल ही में पश्चिम बंगाल में उस घिनौने कृत्य की घटित घटना में आखिर उस प्रशिक्षु डॉक्टर की क्या गलती है, जो डॉक्टर के रूप में जिसे जीवनदान देने वाले भगवान का रूप माना जाता है। अपनी ईमानदारी से ड्यूटी दे रही थी,उसके साथ इस कदर हैवानियत करना मानवीय कृत्य तो कदापि नहीं, यह अमानवीय है, हैवानियत है। पहले कहा जाता था कि मनुष्य जानवर था, लेकिन अब अखबारों की सुर्खियां पढ़कर ऐसा लगता है, था नहीं अब भी जानवर ही है। भारत में बलात्कार आजकल सबसे आम आपराधिक गतिविधि सी बन गई है।

जब किसी व्यक्ति का बलात्कार होता है, तो उसकी भावना और गरिमा का भी बलात्कार होता है। यह व्यक्ति को ऐसी भयावह और दर्दनाक स्थिति में डाल देता है, जहां से उस व्यक्ति के लिए बच पाना मुश्किल होता है। यह एक जघन्य अपराध है, जो न केवल पीड़ित को बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। बलात्कार को परिभाषित करने वाली कोई एक परिभाषा नहीं है, क्योंकि कभी-कभी यह उन सभी सीमाओं को तोड़ देता है, जिनकी एक व्यक्ति कल्पना कर सकता है। भारत में हर दिन बलात्कार के बढ़ते मामले महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े करते हैं।

भारत में एक भी दिन ऐसा नहीं गुजरता, जब बलात्कार का कोई मामला न सुनने को मिले। यह विषय हमेशा समाचारों में बना ही रहता है। आखिर कब तक यह ऐसे ही चलता रहेगा, कब तक मौन व्रत व कैंडल मार्च निकाले जाएंगे। कब इन घटनाओं पर विराम लगेगा। कब ऐसे कृत्यों को अंजाम देने वाले दरिंदों को सजाए मौत दी जाएगी, जिनका उदाहरण देखकर किसी के मन में खौफ उठेगा, कोई अपराध करने का सोच भी नहीं सकेगा। सरकार को कड़े निर्णय लेने होंगे तथा समाज को ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार करना होगा, सोचने विचारने का समय अब नहीं है, अब समाज को सरकार को महिलाओं, बेटियों की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध होना होगा। यूं ही बेटियों की कुर्बानी नहीं दी जा सकती, भले ही इसमें सुरक्षा महिलाओं की है, लेकिन इसकी जिम्मेदारी पूरे समाज की है। सरकार व संस्कार ही ऐसी दो चीजें है, जो इन पर लगाम लगा सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# क्वाड शिखर सम्मेलन : हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता का नया अध्याय

विगत 21 सितंबर को, अमेरिका के विलमिंगटन, डेलावेयर में क्वाड देशों का छठा शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब वैश्विक राजनीति में कई महत्वपूर्ण घटनाएं घटित हो रही हैं, जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध का जारी रहना, पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ता तनाव और आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव। इस सम्मेलन ने पुनः यह स्पष्ट किया कि सदस्य देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने रणनीतिक हितों की सुरक्षा हेतु सामूहिक रूप से प्रतिबद्ध हैं। यह उल्लेखनीय है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र एक विशाल क्षेत्र है, जो हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के देशों को जोड़ता है। इस क्षेत्र में भू-राजनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिए क्वाड (चतुर्भुज सुरक्षा संवाद) की स्थापना 2007 में भारत, अमेरिका, जापान, और ऑस्ट्रेलिया के बीच की गई थी।

ये चारों लोकतांत्रिक देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय स्थिरता, सुरक्षा और सतत विकास के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। क्वाड का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखना, समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करना और चीन की बढ़ती आक्रामकता से निपटना है। डेलावेयर सम्मेलन की प्रमुख विशेषता यह रही कि चारों देशों ने तकनीकी प्रगति, हरित ऊर्जा और सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण रणनीतिक निर्णय लिए हैं। इस शिखर सम्मेलन में महामारियों और स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर भी गहन चर्चा हुई। क्वाड देशों ने 'वैक्सीन वितरण, शोध अनुसंधान' और 'बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं' में परस्पर सहयोग को सुदृढ़ करने का निर्णय लिया, ताकि कोविड-19 जैसी महामारियों से आसानी से निपटा जा सके। भू-राजनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से, हिंद-प्रशांत क्षेत्र अब एक प्रमुख वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है, जहां विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाएं स्थित हैं।



लेखक : डॉ. विमल कुमार कश्यप
केंद्रीय विवि, धर्मशाला

क्वाड देशों के बीच प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, और साइबर सुरक्षा पर व्यापक रूप से सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। पिछले कुछ वर्षों में, चीन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी सैन्य और आर्थिक आक्रामकता को बढ़ावा दिया है।

दक्षिण चीन सागर में उसके विस्तारवादी कदम, 'वन बेल्ट वन रोड' परियोजना, और विभिन्न देशों के साथ विवाद ने क्षेत्रीय सुरक्षा के प्रति चिंताओं को बढ़ाया है। चीन की आक्रामक विदेश नीति, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्रों में, क्वाड देशों के लिए एक बड़ा चुनौतीपूर्ण मुद्दा है। क्वाड का उद्देश्य एक संतुलन स्थापित करना है, ताकि क्षेत्र में स्थिरता स्थापित की जा सके। इस सम्मेलन में समुद्री सुरक्षा जागरूकता, संयुक्त सैन्य अभ्यास और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर भी सहमति बनी है। वर्तमान में बांग्लादेश में उत्पन्न हुए गंभीर राजनीतिक संकट ने पूरे भू-क्षेत्र, विशेषकर भारत के लिए, एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण स्थिति के रूप में उभरने की आशंका पैदा की है। क्वाड देशों के पास उन्नत तकनीक, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और प्रभावी कनेक्टिविटी है, परंतु इन क्षमताओं को और अधिक सुदृढ़ एवं समन्वित करने की आवश्यकता बनी हुई है। स्वाभाविक रूप से, क्वाड देशों के बीच सहयोग से पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दिशा और दशा में व्यापक परिवर्तन आ सकता है। इसके अतिरिक्त, यह संभावना प्रबल है कि आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव हिंद-प्रशांत नीति पर एक निर्णायक और व्यापक प्रभाव डालेगा।

अमेरिकी विदेश नीति में नेतृत्व परिवर्तन से क्वाड की प्राथमिकताएं और रणनीतियां बदल सकती हैं। यदि कमला हैरिस या डोनाल्ड ट्रंप में से कोई एक राष्ट्रपति बनते हैं, तो उनके प्रशासन की विदेश नीति हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कैसे परिवर्तित होगी, यह एक बड़ा प्रश्न है। इसके परिणामस्वरूप, यह स्पष्ट होता है कि क्वाड देशों के बीच सुदृढ़ सहयोग से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दीर्घकालिक स्थिरता और सतत विकास की संभावनाएं प्रबल हो रही हैं। अगले वर्ष भारत में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन से काफी उम्मीदें हैं। यह सम्मेलन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की निर्णायक और केंद्रीय भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करेगा। इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का सामना करने के लिए एक ठोस और सुविचारित रणनीति निर्णायक सिद्ध हो सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# कुल्लू व लाहौल-स्पीति में गांधी-शास्त्री जयंती पर दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस व स्वच्छता ही सेवा अभियान पर जहां स्वच्छता अभियान चलाए गए। वहीं, विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, बंजार कॉलेज की ओर से कॉलेज परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति के नोडल अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने बताया कि सर्वप्रथम इकाई के सभी स्वयंसेवियों ने मिलकर महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद स्वयंसेवियों ने मिलकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम व वैशणव जन तथा अन्य भजन गाए। कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें हिमाचल के विभिन्न कॉलेजों के प्रोफेसर और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के शोधार्थी शामिल थे। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. रत्न नेगी ने बताया कि इस तरह के व्याख्यान से कॉलेज के छात्रों को गांधी जी की 21वीं सदी में प्रासंगिकता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। उधर, पंचायत शिरढ़ में ग्रामसभा, स्वच्छता जागरूकता एवं एचआईवी एड्स के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान चित्रलेखा भार्गव ने उपस्थित जनता एवं पंचायत प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई और साथ ही एचआइवी एड्स पर जागरूकता फैलाने की शपथ ली।

इस अवसर पर जेएमके युवा मंडल शिरढ़ के सदस्यों के द्वारा भी एचआईवी एड्स एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान शिरढ़ में चलाया गया। वहीं, लाहौल-स्पीति में स्वच्छता दिवस पर स्वच्छता ही सेवा जन आंदोलन के तहत स्वच्छता के लिए श्रमदान के साथ सामूहिक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन केलांग, उदयपुर व काजा उपमंडल स्तर पर किया गया। जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 से 2 तक स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता की थीम पर मनाया गया। स्वच्छता दिवस के कार्यक्रम में विधायक अनुराधा राणा मुख्यातिथि के रूप में शामिल रही।


कुल्लू व लाहौल-स्पीति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती व स्वच्छता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों के दौरान गणमान्य लोग।















## भुट्टिको परिसर में धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय पर्व

**कुल्लू।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जंयती और लाल बहादुर शास्त्री की जंयती के अवसर पर बुधवार को भुट्टिको परिसर में सभा के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों और बुनकरों ने इस राष्ट्रीय पर्व धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गांधीवादी विचार धारा पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए अहिंसा परमोधर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया और कहा कि गांधी की विचार धारा ने आज केवल भारत वर्ष ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को प्रभावित करते हुए एक विकास की धारा को आगे बढ़ाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अफीम और डोडा अफीम के साथ महिला गिरफ्तार



**कुल्लू।** मनाली थाना के अंतर्गत एक महिला के पास से अफीम और डोडा अफीम बरामद करने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना मनाली की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बांहग में राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला के पीछे रास्ते के साथ बने एक चादरपोश सीमेंट ब्लाक के कमरे की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक महिला निवासी गांव तरस्वाण तहसील टिकरन जिला मंडी के पास से 80 ग्राम अफीम व 250 ग्राम डोडा अफीम बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धारा 15,18 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत करके गिरफ्तार किया गया है। अभियोग में आगामी अन्वेषण ज़ारी है।

### पंजाब के राज्यपाल ने एनएचपीसी को किया सम्मानित



**सैंज।** एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 17 से 1 अक्तूबर तक आयोजित किए इस स्वच्छता पखवाड़े में एनएचपीसी ने स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन हुआ। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ यूटी, के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने स्वच्छ उत्सव के दौरान स्वच्छता ही सेवा में नगर निगम चंडीगढ़ के साथ सक्रिय सहयोग और भागीदारी के लिए एनएचपीसी लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ को सम्मानित किया। एनएचपीसी की ओर से यह पुरस्कार निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक , क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ और रूबी रैना द्वारा, महाप्रबंधक (विधि) द्वारा प्राप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि एनएचपीसी लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने 17 से 1 अक्तूबर तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा के तहत विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर सहयोग किया है, जिसमें रैली ग्राउंड सेक्टर-25 की सफाई, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम और सेक्टरन्48 में पौधरापेण अभियान के तहत पौधरोपण किया।

### रैली ऑफ हिमालयाज के चौथे एडिशन का शुभारंभ



**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति में सस्टेनेबल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए रैली ऑफ हिमालयाज का आयोजन युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में मजबूती प्रदान करेगा। वहीं, दूसरी और विश्व के पर्यटन मानचित्र पर जिले के अंनछुए क्षेत्रों को एक नई पहचान मिलेगी। रैली ऑफ हिमालयाज के चौथे एडिशन के शुभारंभ अवसर पर सिस्सू हेलिपैड ग्राउंड में बुधवार शाम डीसी ने हरी झंडी दिखाकर विभिन्न कैटिगिरी के पार्टिसिपेंट्स को रवाना किया। डीसी ने कहा कि जिले में साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

### पदाधिकारियों को किया सम्मानित व कार्यों को सराहा



**पतलीकूहल।** कुल्लू के पतलीकूहल-नग्गर प्रेस क्लब में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन प्रेस क्लब के पंजीकरण की खुशी में किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब जिला कुल्लू के प्रधान एवं नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष धनेश गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ प्रेस क्लब भुंतर के प्रधान मेघ सिंह कश्यप भी उपस्थित रहे, जबकि प्रेस क्लब पतलीकूहल -नग्गर के प्रधान सुरेश आचार्य सहित तमाम पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर धनेश गौतम ने सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। धनेश गौतम व पतलीकूहल-नग्गर प्रेस क्लब के प्रधान सुरेश आचार्य ने सामूहिक बयान में कहा कि पतलीकूहल में आलीशान प्रेस क्लब भवन का निर्माण होगा। कुल्लू जिला प्रेस क्लब भवन के बाद अब भुंतर व पतलीकूहल में भी प्रेस क्लब भवन बनेंगे। वह दिन दूर नहीं जब जिला कुल्लू में आनी से लेकर मनाली तक प्रेस क्लब भवन होंगें और देश-दुनिया से आने बाले पत्रकारों के अलावा स्थानीय पत्रकारों को हर तरह की सुविधा मिलेगी।

### ग्राम पंचायत से उठा लोगों का विश्वास

## तलाड़ा पंचायत की ग्राम सभा में पहुंचे मात्र 30 लोग

**अनंत ज्ञान ,सैंज**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर प्रदेश पंचायतीराज विभाग ने राज्य भर की प्रत्येक पंचायत में ग्रामसभा बैठक का आयोजन करने की चिट्ठी निकाली थी, ताकि इस ग्रामसभा में पंचायत के लोग मनरेगा जैसे कार्यों की अपनी अपनी सेल्फ भर सके। हालांकि सरकार के सर्कुलर के अनुसार इस ग्राम सभा में स्वच्छता, नशा मुक्ति सहित अन्य मसलों पर भी चर्चा होनी है।

हालांकि सैंज की कई पंचायतों में ग्रामसभा पास हुई है, लेकिन ग्राम पंचायत तलाड़ा द्वारा आयोजित ग्राम सभा की बैठक में मात्र 30 लोगों ने अपनी हाजिरी सुनिश्चित की है, जिसके चलते पंचायत में पहुंची टीम भी बेरंग लौटी। मजे की बात यह है कि इन 30 लोगों में भी सात हस्ताक्षर पंचायत के कोरम एवं कर्मचारी के पाए गए। हालांकि पंचायत के दूरदराज के लोग बैठक में पहुंचे किंतु लोगों की हाजिरी नाम मात्र रही, जिस कारण बैठक में किसी भी मद्दे पर चर्चा नहीं हुई। बैठक में पधारे लोगों में गुस्सा फूटा और ग्राम पंचायत पर आरोप लगाया कि पंचायत प्रतिनिधियों में आपस में तालमेल न होने के चलते विकास की डोर रुक गई है। ग्रामसभा में पंचायत प्रधान मोहर सिंह सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। बहरहाल ग्राम पंचायत तलाड़ा में पंचायत प्रतिनिधियों से लोगों का विश्वास उठ गया है और ग्राम सभा में मात्र 30 लोगों ने हाजिरी भरी।

## 52 लोगों ने किया रक्तदान



**आनी।** राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर आनी कॉलेज स्थित हरिपुर में रेड रिबन क्लब, एनसीसी, रोवर्स एंड रेंजर्स और एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में एक सफल रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में आईजीएमसी शिमला के ब्लड बैंक की टीम ने अपना सहयोग दिया। टीम का निर्देशन डॉ. साहिल शर्मा ने किया। इस टीम में कामेश्वर ठाकुर, आरएल शर्मा, सीएल कश्यप, हरि और गोबर्धन मौजूद रहे। शिविर के दौरान 52 रक्तदानी स्टूडेंट्स और स्थानीय लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में कॉलेज के स्टूडेंट्स, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## हर सप्ताह दो घंटे अवश्य करें श्रमदान : राहुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**



स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर बुधवार सुबह अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय परिसर काजा में सफाई अभियान चलाया गया।

अतिरिक्त उपायुक्त स्पीति राहुल जैन ने इस अभियान का नेतृत्व किया और सफाई कार्य में श्रमदान किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वच्छता कर्मियों एवं मित्रों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत की परिकल्पना की थी और आज ही के दिन 2 अक्तूबर, 2014 को इस अभियान को शुरू किया गया था और आज इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। भारत को स्वच्छ बनाने के लिए सरकारों की ओर से अनेक प्रयास किए जा रहे हैं और यह कार्यक्रम सफल भी हो रहे हैं तथा देश के साथ-साथ प्रदेश के गांवों एवं शहरों में भी स्वच्छता में अच्छी उपलब्धि हासिल की है। इस अभियान के परिणामस्वरूप वर्तमान में हमारा देश 'स्वच्छ भारत' की ओर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। महात्मा गांधी का स्वच्छता को लेकर विशेष प्रयास रहा है और उन्होंने एक स्वच्छ एवं आत्मनिर्भर भारत की कल्पना की थी। स्वच्छता को लेकर हमें अपने व्यवहार में बदलाव लाने की आवश्यकता है। हमें स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अपना सहयोग करना चाहिए तथा स्वयं और अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना होगा, जिसके लिए सभी को मिलजुलकर प्रयास करने होंगे, ताकि गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपना को साकार किया जा सके। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने ने स्वच्छता कर्मियों को खतक पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी लोग हर वर्ष स्वच्छता के लिए 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान अवश्य करें। स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया यह एक कदम पूरे देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। इस अवसर पर तहसीलदार भूमिका जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अहिंसा दिवस पर महात्मा गांधी की जीवन गाथा के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू जिला मुख्यालय स्थित क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में अहिंसा दिवस का आयोजन किया गया। अहिंसा का सिद्धांत, जिसे अहिंसक प्रतिरोध के रूप में भी जाना जाता है।

सामाजिक या राजनीतिक परिवर्तन प्राप्त करने के लिए शारीरिक हिंसा के उपयोग को अस्वीकार करता है। अक्सर आम लोगों की राजनीति के रूप में वर्णित, सामाजिक संघर्ष के इस रूप को सामाजिक न्याय के अभियानों में दुनिया भर की बड़ी आबादी द्वारा अपनाया गया है। स्टूडेंट्स ने नाटिका के माध्यम से अहिंसा के प्रति सभी को जागरूक किया कि कैसे हिंसा का विरोध करके भी अहिंसा के मार्ग से बड़ी से बड़ी मुश्किलों को दूर किया जा सकता है। इस उपलक्ष्य पर क्रिश्चियन नर्सिंग की सभी टीचर्स एसोसिएट ज्योति मार्या मसीह, प्रधानाचार्या करिश्मा बौद्ध, उपप्रधानाचार्या शिवानी शर्मा, मनीषा, सुमन, हीना ठाकुर, थुली शर्मा, अनुजा कोहली, भुवनेश्वरी कश्यप आदि स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित किया। अंत में संस्थान के प्रबंध निदेशक सुखदेव मसीह ने सभी स्टूडेंट्स को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जीवन गाथा के बारे में बताया और अहिंसा के प्रति जागरूक किया।

## कलाकारों ने गायन व नृत्य से निर्णायक मंडल को किया प्रभावित

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय में स्थित देवसदन भवन के सभागार में दशहरा के सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों के चयन के लिए ऑडिशन करवाया जा रहा है।

देवसदन भवन में ऑडिशन देने के लिए सैकड़ों कलाकारों का तांता लगा रहा और सभी कलाकारों ने पूरे जोश के साथ ऑडिशन को पूरा किया। बुधवार को करीब 79 प्रतिभागियों ने ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लिया। देव सदन भवन में ऑडिशन के लिए आने वाले कलाकारों के चयन के लिए निर्णायक मंडल में डॉ. सूरत, सेवानिवृत्त सहायक प्रोफेसर संगीत, जयप्रकाश शर्मा सहायक लोक संपर्क अधिकारी कुल्लू व सूत्रधार संगीत अकादमी के आचार्य पंडित विद्यासागर उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. सूरत राम ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी ऑडिशन के माध्यम से कलाकारों की स्वर परीक्षा के साथ-साथ नृत्य परिक्षा एवं मंच पर कलाकार के प्रस्तुतिकरण को देखते हुए कह सकते हैं कि ऑडिशन में बहुत ही अच्छी प्रतिभाएं सामने आ रही हैं और बहुत से नए कलाकार ऐसे हैं, जिन्हें गायन और नृत्य का अच्छा ज्ञान है। कुछ नवोदित कलाकार ऐसे भी हैं, जिन्हें अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है। निर्णायक मंडल की कोशिश यही है कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा के मंच पर केवल वही प्रतिभागी पहुंचे, जिनमें प्रतिभा है और जो कलाकार मंच पर प्रस्तुतिकरण की समझ रखता है और दर्शकों के मनोभाव कप समझते हुए प्रस्तुति देना जानता है। उन्हें ही प्राथमिकता के आधार पर तरजीह दी जाएगी। इस बार हम कलाकारों के अंदर हिमाचली संस्कृति की झलक के साथ-साथ जनता किस तरह के कलाकारों को मंच पर देखना चाहती है उस पर भी ध्यान दिया जाएगा। अब तक करीब 400 के करीब कलाकार ऑडिशन दे चुके हैं और सिर्फ कुल्लू से ही करीब 200 प्रतिभागियों ने ऑडिशन राउंड में भाग लिया।

डॉ. सूरत के अनुसार ऑडिशन में आए हुए कलाकारों में बहुत सामर्थ्य है और उनके अंदर बड़े मंच पर प्रस्तुति देने की क्षमता है। (अनंत ज्ञान)




देवसदन भवन में अंतरराष्ट्रीय दशहरा मेले में प्रस्तुति के लिए ऑडिशन देते हुए कलाकार।

## चित्रकार ने हर चित्र में अपने आप में अलग कहानी की बयां

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक और कला निर्देशक सुमित मिश्रा की पत्नी संगीता शर्मा की 'द मिस्टिकल इंस्पिरेशन' शीर्षक चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन तहसीलदार कुल्लू हरि सिंह यादव ने किया।

चित्रकार संगीता शर्मा ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से पेंटिंग में स्नातक की डिग्री की है। चित्रकार संगीता ने बहुत से एकल और सामूहिक ग्रुप शो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के शो किए हैं। चित्रकार ने अजंता एलोरा की गुफाओं को अपने चित्रों में दिखाया है। चित्रकार ने अपने बहुत से चित्रों में साधु और कबूतरों के जोड़ों को दिखाया है। इनका प्रत्येक चित्र अपने आप में अलग ही कहानी बयां कर रहा है। चित्रकार का कहना है जब साधु अपने ध्यान में मग्न होता है, तो उसका ध्यान भटकाने के लिए कई तरह की कोशिशें होती हैं। इसे चित्रकार ने बड़े ही अनोखे ढंग से अपने चित्रों के द्वारा बयां किया है। चित्रकार 2000 से अपनी कला को विभिन्न माध्यमों से दिखा रही हैं। मुख्यातिथि हरि सिंह यादव ने चित्रकार संगीता शर्मा के हर एक चित्र को बड़े ही गौर से देखा और चित्र क्या बयां कर रहा है बड़ी बारीकी से बताया। मुख्यातिथि ने कलाकार के कार्यों की कला क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी निश्चित रूप से रौरिक आर्ट गैलरी में पधारने वाले पर्यटकों एवं नवोदित कलाकारों को लाभाविन्त करेगी। इस अवसर पर रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना विशेष रूप से मौजूद रहीं। भारतीय क्यूरेटर सुरेष कुमार नड्डा और रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने मुख्यातिथि चित्रकार और सभी रशियन और भारतीय मौजूद जनसमूह का चित्रकला प्रदर्शनी में आने के लिए धन्यवाद किया। हैरिटेज विलेज नग्गर डिवेल्पमेंट सोसायटी के अध्यक्ष संत कुमार शर्म ने भी चित्रकार के चित्रों की बहुत प्रशंसा की। (अनंत ज्ञान)


संगीता शर्मा की 'द मिस्टिकल इंस्पिरेशन' चित्रकला प्रदर्शनी के उद्घाटन मौके पर लोग।




**सम्मान** कुल्लू से लेकर लेह-लद्दाख तक हिमालय के लोगों को किया जा रहा जागरूक, 15 मील में कार्यक्रम का किया आयोजन

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चे सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जनजातीय क्षेत्र के 40 ऐसे बच्चे सम्मानित किए, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किए हैं।

इसके अलावा हिमालयन बौद्ध सांस्कृतिक विद्यालय को शमशेर सिंह मेमोरियल उत्कृष्ट राष्ट्रीय सम्मान दिया गया, जबकि कशिश व अर्जुन सोनी को विशेष सम्मान दिया गया। प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के ब्रेंड एंबेसडर एवं ग्रीन मेन किशन लाल ने बताया कि प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू व हिमालयन पर्यावरण, वन्य प्राणी संरक्षण समिति द्वारा यह कार्यक्रम 15 मील में हिमालयन बौद्ध संस्कृति विद्यालय में आयोजित किया गया।

प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू व हिमालयन पर्यावरण, वन्य प्राणी संरक्षण समिति पिछले कई वर्षों से हिमालय क्षेत्र में पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है, जिसमें हिमालय की साफ-सफाई, नदियों का संरक्षण, पौधरोपण आदि शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को पर्यावरण के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना व पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले बच्चों को सम्मानित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में यह सम्मान कार्यक्रम किया गया और 40 बच्चों को सम्मानित किया गया, ताकि उनका मनोबल बढ़े और भविष्य में पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करते रहे और समाज को जागरूक करते रहे। प्रेस क्लब व समिति हिमालय को ऑक्सीजन देने का कार्य कर रही है। यही कारण है कि कुल्लू से लेकर लेह-लद्दाख तक हिमालय के लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि हिमालय का मुकुट स्वच्छ व सुंदर रहे और दुनिया को स्वच्छ हवा व स्वच्छ पानी देता रहे।


15 मील में हिमालयन बौद्ध संस्कृति विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनजातीय क्षेत्र के 40 स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए।

# न्यूज ब्रीफ

## जसदीप गिल को मिली जैड प्लस सिक्योरिटी



**चंडीगढ़।** डेरा राधा स्वामी ब्यास के नए प्रमुख जसदीप सिंह गिल के खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने उन्हें जैड प्लस सिक्योरिटी प्रदान की है। दरअसल खुफिया एजेंसियों को जसदीप सिंह गिल के खतरे को लेकर इनपुट मिले थे, जिसके बाद से केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है। दो सितंबर को गुरिंदर सिंह ढिल्लो ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया था। जसदीप सिंह गिल हाल ही में डेरा राधा स्वामी ब्यास (के नए प्रमुख बनाए गए थे। हालांकि, जसदीप गिल के खिलाफ खतरे के इनपुट मिलते ही केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने जसदीप सिंह गिल की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

## कांग्रेस अध्यक्ष लकी ने किया चुनाव प्रचार



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लकी ने शहर के विभिन्न सेक्टरों में पंचकूला से कांग्रेस उम्मीदवार चंद्रमोहन के लिए प्रचार किया। सेक्टर-19 पंचकूला में एक सभा को संबोधित करते हुए लकी ने लोगों से बदलाव और कांग्रेस के लिए वोट करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हरियाणा में सरकार बना रही है और लोग भाजपा को हराने जा रहे हैं क्योंकि वह काम करने में विफल रही है। भाजपा के पिछले 10 साल विनाशकारी साबित हुए और हरियाणा बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया। 8 अक्तूबर को हरियाणा प्रदेश को नई कांग्रेस सरकार मिलेगी, जिससे लोगों को राहत मिलेगी। चंडीगढ़ से बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पहले से ही हरियाणा के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों विशेषकर चंडीगढ़ के आसपास काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# हरियाणा में कांग्रेस दंगाइयों, उगाही करने वालों के भरोसे : अनुराग ठाकुर

## पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा-जाति-धर्म के नाम पर बांटती है कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हरियाणा विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत आज घरौंडा, असंध, कुरुक्षेत्र, शाहबाद, शहजादपुर व पंचकूला में रोड शो व जनसभाओं को संबोधित कर हरियाणा के सतत विकास को बनाने रखने व प्रदेश को दंगाइयों-उगाही करने वालों से बचाने के लिए भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।




अनुराग ठाकुर ने कहा, ''हरियाणा में कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए दंगाइयों, उगाही करने वालों को टिकट दिया है। कांग्रेस हरियाणा को अराजकता व भ्रष्टाचार की आग में झोंकना चाहती है इसलिए ये इन चुनावों में आसामाजिक तत्वों के भरोसे बैठी है। अगर कांग्रेस गलती से भी सत्ता में आती है तो हरियाणा में फिर से दंगे, जमीन कब्जे, दलाली, भ्रष्टाचार की चपेट में आ जाएगा। हिमाचल, कर्नाटक व तेलंगाना की तरह यहां भी फर्जी फॉर्म का धंधा शुरू कर जनता को ठगने की तैयारी में है। कांग्रेस सरकार ने हिमाचल प्रदेश को आर्थिक बदहाली और दिवालियेपन की ओर धकेल दिया है। इनकी सारी गारंटियां फेल हुई हैं और अब ये हरियाणा में भी झूठे वादे करते घूम रहे हैं। हरियाणा वालों, इनके झांसे में मत आना, कमल ही खिलाना।''


अनुराग ठाकुर ने कहा, ''भाजपा समाज के सभी वर्गों को लेकर साथ चलने वाली पार्टी है। हम जाति-पाति के नाम पर बांटने का काम नहीं करते। मगर कांग्रेस रातृदिन जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम करती है। राहुल गांधी हर जगह जाति का राग अलापते रहते हैं मगर संसद में जब उनकी जाति पूछी गई तो बगलें झांकने लगे। हरियाणा में भाजपा ने सबका साथ-सबका विकास मूलमंत्र के साथ अभूतपूर्व विकास किया है। जनता के आशीर्वाद से सेवा का यह कार्य आगे भी अनवरत जारी रहेगा।''

अनुराग ठाकुर ने कहा, ''हरियाणा में कांग्रेस ने अपने शासन काल में लूट और भ्रष्टाचार को चरम पहुंचा दिया था। इनकी सरकार में पूरे हरियाणा में दलाल और दामाद का बोलबाला था। दबंगों द्वारा किसानों की जमीन हड़पना, अवैध कब्जा करना आम बात हो गई थी।

भाजपा आई और हरियाणा को इस अभिशाप से मुक्ति दी, मगर कांग्रेस अब फिर से प्रदेश में वही जंगलराज वापस लाने के सपने देख रही है। पूरे देश में कांग्रेस से बेईमान व धोखेबाज पार्टी कोई नहीं है। हरियाणा की जनता कांग्रेस के इन मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी।

# जेल से बाहर आया राम रहीम हनीप्रीत के साथ यूपी रवाना

**एजेंसी, चंडीगढ़**



डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को 20 दिन की पैरोल मिली है और वह बुधवार को रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर भी आ गया है। सुबह 6:35 बजे जेल से बाहर आने के बाद डेरा सच्चा सौदा सिरसा प्रमुख गुरमीत सिंह की गाड़ी उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित बरनावा के लिए रवाना हुआ। गुरमीत को लेने हनीप्रीत पहुंची थी। पुलिस सुरक्षा में उसे ले जाया गया है।

डेरा प्रमुख राम रहीम को हरियाणा चुनाव आयोग ने सशर्त पैरोल दी है। पैरोल के दौरान राम रहीम को हरियाणा में कहीं भी जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। निर्वाचन विभाग के अधिकारी ने कहा कि गुरमीत सिंह को कानूनन पैरोल का अधिकार है। आयोग द्वारा कहा गया था कि पैरोल की अवधि के दौरान राम रहीम किसी प्रकार के राजनीतिक कार्यक्रम में भाग नहीं लेगा।

डेरामुखी हरियाणा में नहीं आएगा और इंटरनेट मीडिया पर किसी तरह का राजनीतिक बयान नहीं देगा। कांग्रेस ने पैरोल का विरोध करते हुए चुनाव आयोग से शिकायत की है।

## खेल संघों की कमान खिलाड़ियों को सौंपनी होगी : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि जब तक खेल संघों की कमान नेताओं की जगह खिलाड़ियों को नहीं सौंपी जाएगी, तब तक भारत अपनी असली क्षमता नहीं प्राप्त कर सकता।

उन्होंने खिलाड़ियों के एक समूह के साथ मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, '' पैसा नहीं तो गेम नहीं, आज भारत में ज़्यादातर एथलीट की यही सच्चाई है। हरियाणा और देश भर से आए खिलाड़ियों के एक समूह से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना।''

# सबसे सफल जन आंदोलन बना स्वच्छ भारत अभियान : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेस्वच्छ भारत अभियान को इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जन आंदोलन करार दिया और कहा कि 'विकसित भारत' की यात्रा में हर प्रयास 'स्वच्छता से संपन्नता' के मंत्र को मजबूत करेगा।

स्वच्छ भारत अभियान आरंभ होने के 10 साल पूरे होने के अवसर पर यहां विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वच्छता और सफाई से संबंधित 9,600 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को हर नागरिक के जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए भावी पीढ़ियों में इस मूल्य का संचार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ''आज से एक हजार साल बाद भी जब 21वीं सदी के भारत का अध्ययन होगा तो उसमें स्वच्छ भारत अभियान को जरूर याद किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जनभागीदारी, जन नेतृत्व वाला जन आंदोलन है। इस मिशन ने मुझे ईश्वररूपी जनता-जनार्दन की साक्षात ऊर्जा के भी दर्शन कराए हैं।''




उन्होंने कहा, ''विकसित भारत की यात्रा में हमारा हर प्रयास 'स्वच्छता से संपन्नता' के मंत्र को मजबूत करेगा।'' मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों ने इस राष्ट्रीय प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने इस अवसर पर स्वच्छता पर विशेष ध्यान न देने के लिए कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि उसने आजादी मिलने के बाद महात्मा गांधी के नक्शेकदम पर चलने का दावा किया, उनके नाम पर सत्ता हासिल की लेकिन स्वच्छता को लेकर बापू के दृष्टिकोण की उपेक्षा की।

उन्होंने कहा, ''वर्षों तक उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए गांधी जी की विरासत का दोहन किया लेकिन स्वच्छता पर उनके जोर को आसानी से भुला दिया।'' मोदी ने कहा, ''उन्होंने गंदगी को ही जिंदगी मान लिया। इसके परिणामस्वरूप लोग गंदगी में रहने के आदी हो गए, गंदगी और नकारात्मकता उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बन गई। साथ ही समाज में स्वच्छता को लेकर होने वाली चर्चाएं भी।''

उन्होंने कहा कि इसीलिए उन्होंने लाल किले की प्राचीर से इस मुद्दे को उठाया था लेकिन उनका मजाक उड़ाया गया और कहा गया कि शौचालय के बारे में बात करना प्रधानमंत्री का काम नहीं है।

उन्होंने कहा, ''... लेकिन मैं नहीं रुकूंगा... भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता मेरे साथी नागरिकों के जीवन को आसान बनाना है!''

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक दशक पहले 60 प्रतिशत से अधिक आबादी को खुले में शौच करने के लिए मजबूर किया गया था और इस कारण दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासी समुदायों का अपमान और महिलाओं को परेशानी झेलनी पड़ी। मोदी ने शौचालयों की कमी के कारण 'माताओं, बहनों और बेटियों की पीड़ाओं' का उल्लेख किया।

# महात्मा गांधी और शास्त्री को दी श्रद्धांजलि







**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी, सोनिया, मल्लिकार्जुन खड़गे ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की 155वीं जयंती पर श्रद्धाजंलि दी।

मोदी ने एक्स पर लिखा कि सभी देशवासियों की ओर से पूज्य बापू को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित उनका जीवन और आदर्श देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणापुंज बना रहेगा। राष्ट्रपति और राहुल गांधी ने राजघाट जाकर बापू की समाधि पर पुष्प अर्पित किए, तो सोनिया गांधी और खड़गे ने संसद भवन में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा कि बापू ने ही मुझे सिखाया है, जीना है तो डरे बिना जीना है।

## तुर्की सेना ने 13 आतंकियों को किया ढेर



**अंकारा।** तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश की सेना ने उत्तरी इराक और उत्तरी सीरिया में अभियान चलाकर 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। उत्तरी इराक में तुर्की के ऑपरेशन क्लॉ-लॉक में प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 11 सदस्य मारे गए। 2022 में तुर्की ने देश की सीमा के पास उत्तरी इराक के मेतीना, जैप और अवाशिन-बसयान क्षेत्रों में पीकेके के ठिकानों को निशाना बनाने के लिए ऑपरेशन क्लॉ-लॉक शुरू किया था।

## राजस्थान-एमपी के रेलवे स्टेशनों को उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जोधपुर सहित राजस्थान के 8 रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इन स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लेटर में राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों और महाकाल मंदिर (उज्जैन) को भी उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को जैश-ए-मोहम्मद का जम्मू-कश्मीर एरिया कमांडर मोहम्मद सलीम अंसारी बताया है।

## अभिनेता गोविंदा की तबीयत अब ठीक



**मुंबई।** अभिनेता गोविंदा को उनकी रिवॉल्वर से गोली चलने से पैर में चोट लगने के एक दिन बाद उनकी पत्नी सुनीता आहूजा ने कहा कि वह अब ठीक हैं तथा उन्हें बुधवार को सामान्य वार्ड में लाया जाएगा। गोविंदा की मंगलवार को एक सर्जरी हुई थी और उनका एक निजी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में उपचार हो रहा है।

## यूपी में 9 दिन मांस-मछली बिक्री पर रोक

**इलाहाबाद।** यूपी सरकार ने नवरात्र के नौ दिन तक मांस-मछली की बिक्री पर रोक लगा दी है। अयोध्या में शारदीय नवरात्र को देखते हुए तीन अक्तूबर से 11 अक्टूबर तक पूरे जिले में मीट की दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों से संवाद करते हुए त्योहारी माहौल में जिला स्तर पर बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश किए शारदीय नवरात्र से छठ तक कड़ी व्यवस्था की जाए।

## पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल खाली करेंगे आवास



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नया घर तय हो गया है। केजरीवाल एक से दो दिनों में मुख्यमंत्री आवास खाली कर देंगे और अपने विधानसभा क्षेत्र में एक नए घर में शिफ्ट होंगे। यह निर्णय उनके कामकाज की सुविधा और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से निकटता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। आपको बता दें कि पूर्व सीएम केजरीवाल ने 17 सितंबर को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। जानकारी के अनुसार, वह दो दिन के भीतर सिविल लाइंस में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास को खाली कर देंगे।

## कोलकाता में जूनियर डॉक्टरों ने निकाली रैली

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के बलात्कार-हत्या मामले में महालया पर 'बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट' की रैली कॉलेज स्ट्रीट से शुरू हुई। आम लोगों सहित बड़ी संख्या में डॉक्टर एस्प्लेनेड इलाके में रैली के लिए एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारी राज्य संचालित आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर से बलात्कार और हत्या मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं। गैर-राजनीतिक रैली में भाग लेने वाले लोग राष्ट्रीय ध्वज, स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरों वाली तख्तियां लेकर आए और न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए।

## जेएंडके में भाजपा प्रत्याशी सैयद बुखारी का निधन



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री और भाजपा उम्मीदवार सैयद मुश्ताक बुखारी की पुंछ जिले के पामरोटे सुरनकोट इलाके में मौत हो गई। भाजपा ने 75 साल के बुखारी को 2024 विधानसभा चुनाव में जम्मू के सुरनकोट से मैदान में उतारा था। बुखारी पूर्व मंत्री और पुंछ जिले के सुरनकोट से दो बार के पूर्व विधायक थे। वे एक समय में नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला के करीबी माने जाते थे। 2022 में बुखारी ने पहाड़ी समुदाय के लिए एसटी दर्जे पर फारूक अब्दुल्ला के साथ असहमति के कारण पार्टी से नाता तोड़ लिया।

# देश-विदेश

## सीएक्यूएम ने पराली जलाने पर रोक के लिए पंजाब, हरियाणा में उड़नदस्ते तैनात किए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने कहा कि उसने धान कटाई के चालू सत्र के दौरान पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए पंजाब के 16 जिलों और हरियाणा के 10 जिलों में उड़न दस्ते तैनात किए हैं।

इसने यह भी कहा कि इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान समन्वय बढ़ाने के लिए मोहाली/चंडीगढ़ में जल्द ही 'धान पराली प्रबंधन प्रकोष्ठ' स्थापित किया जाएगा।

सीएक्यूएम ने एक बयान में कहा कि पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों ने 2024 खरीफ सत्र के दौरान धान की पराली जलाने की प्रथा को खत्म करने के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार की है।

इसमें कहा गया है कि निगरानी प्रयासों को मजबूत करने के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के उड़न दस्तों को अगले दो महीनों के लिए दोनों राज्यों के चिह्नित जिलों में तैनात किया गया है।

सीएक्यूएम ने कहा, ''ये उड़न दस्ते जिला स्तरीय अधिकारियों और संबंधित राज्य सरकारों द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ निकट समन्वय में काम करेंगे।'' पंजाब के 16 जिले जहां उड़न दस्ते तैनात किए गए हैं, उनमें अमृतसर, बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब, फाजिल्का, फिरोजपुर, जालंधर, कपूरथला, लुधियाना, मनसा, मोगा, मुक्तसर, पटियाला, संगरूर और तरनतारन शामिल हैं।

हरियाणा के 10 जिलों में अंबाला, फतेहाबाद, हिसार, जींद, कैथल, करनाल, कुरूक्षेत्र, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि ये दस्ते जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन करेंगे

## दिल्ली पुलिस ने सोनम वांगचुक और उनके समर्थकों को छोड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और उनके समर्थकों को को छोड़ दिया है। सोनम वांगचुक और लद्दाख के 150 नागरिकों को मंगलवार देर रात दिल्ली पुलिस की ओर से रिहा किए जाने के बाद उन्हें फिर से हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वांगचुक और हिरासत में लिए गए लद्दाख के अन्य नागरिकों को मंगलवार रात रिहा कर दिया गया था, लेकिन वे दिल्ली के मध्य भाग की ओर मार्च करने पर अड़े रहे, इसलिए उन्हें फिर से हिरासत में ले लिया गया।

## इसराइली हमलों में 51 की मौत, कई घायल



- इसराइल ने की यूएन चीफ की एंट्री बैन
- लेबनान में 2 किलोमीटर तक घुसे इजराइली सैनिक

**एजेंसी, दीर अल-बला ( गाजा पट्टी )**

**गाजा** के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में बड़े इसराइली हवाई और जमीनी हमले में कम से कम 51 लोग मारे गए हैं और 82 अन्य घायल हो गए हैं। इसराइल सेना ने बुधवार को छह हवाई हमले किए हैं। वहीं, ईरान-इसराइल तनाव के बीच भारत सरकार ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर ईरान न जाने की सलाह दी है। उधर, लेबनान के दक्षिणी इलाके में इसराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी जमीनी लड़ाई में बुधवार को इसराइली सेना 2 किमी अंदर मरून अल-रस गांव पहुंच गई है। यहां इसराइली सैनिकों की हिजबुल्लाह के लड़ाकों से मुठभेड़ भी हुई।

### 24 गांवों को खाली करने की चेतावनी

**इसराइल** सेना ने दक्षिणी लेबनान में 24 गांवों के निवासियों को गांव खाली करने की चेतावनी दी है। इसराइल द्वारा बुधवार को जारी यह चेतावनी ऐसे समय में सामने आई है, जब कुछ दिन पहले ही सेना ने हिजबुल्ला आतंकवादी समूह से निपटने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों के निकट अभियान शुरू किया था।

## बलूचिस्तान में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को किया ढेर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षाबलों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के छह आतंकवादियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने बताया कि ये आतंकवादी सुरक्षाबलों और बेगुनाह लोगों पर हमले करने में सीधे तौर पर शामिल थे। उन्हें ईरान एवं अफगानिस्तान से लगती सरहद के पास मार गिराया गया। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, इन आतंकवादियों की मौत बीएलए के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की कामयाबी से पता चलता है कि आतंकवादियों की कमर टूट गई है।

## वैश्विक चुनौतियों से मिलकर निपटेंगे भारत-अमेरिका

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन ने वाशिंगटन में मुलाकात की और क्षेत्रीय एवं वैश्विक चुनौतियों व पश्चिम एशिया में स्थिति एवं भारतीय उपमहाद्वीप में हाल के घटनाक्रमों, हिंद-प्रशांत तथा यूक्रेन समेत कई क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने के बाद जयशंकर पहली बार अमेरिका की राजधानी की यात्रा पर हैं। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्रालय के मुख्यालय 'फॉगी बॉटम' में ब्लिंकन से मुलाकात की। ब्लिंकन ने बैठक के बाद कहा कि अमेरिका और भारत क्षेत्रीय एवं वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और मैंने जलवायु संकट पर हमारे निरंतर सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की।

**तैयारी** पाकिस्तान सिर्फ 130 किलोमीटर दूर, इंडियन एयर फोर्स की बढ़ेगी ताकत

# गुजरात में बनेगा आईएएफ का नया स्टेशन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पाकिस्तान** की सीमा से सिर्फ 130 किलोमीटर दूर गुजरात के बनासकांठा जिले के डीसा शहर में भारतीय वायुसेना का नया स्टेशन बनेगा। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने डिसा एयरबेस पर उपलब्ध रनवे का सर्वेक्षण किया, जिसे ओब्सटेकल लिमिटेशन सरफेस सर्वे के रूप में जाना जाता है।

भारतीय रक्षा मंत्रालय ने इस सर्वे का काम सिंगापुर की एक निजी कंपनी को सौंपा है। इसके तहत सिंगापुर से डीए-62 प्रकार का एक छोटा विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचा।

### 4500 एकड़ जमीन में बनेगा एयरबेस



एयरबेस की स्थापना के लिए 4,500 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। 1,000 करोड़ के निवेश की जरूरत होगी। रनवे 394 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा।

### रक्षा मंत्रालय को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

**अब** इस सर्वे की रिपोर्ट रक्षा मंत्रालय को सौंपी जाएगी। जिसके जरिए पूरे एयरपोर्ट का नक्शा तैयार किया जाएगा। डीसा एयरफील्ड की स्थापना से भारत को पश्चिमी सीमा पर जमीन और समुद्री संचालन के लिए भौगोलिक रूप से सुरक्षित लांच पैड उपलब्ध होगा। अहमदाबाद, वडोदरा को हवाई सुरक्षा मिलेगी।

### पाक के मुकाबले भारतीय एयरफोर्स की बढ़ेगी कई गुना क्षमता

डीसा एयरफोर्स स्टेशन भुज एयरबेस और राजस्थान के उत्तरलाई एयरबेस के बीच की लंबी दूरी को कम कर देगा। डीसा एयरबेस के निर्माण से पाकिस्तान की मीरपुर खास और जैकोबाबाद की क्षमता के मुकाबले भारतीय एयरफोर्स की क्षमता कई गुना बढ़ेगी। वहीं, पूरा एयरफोर्स स्टेशन ग्रीन फील्ड कॉन्सेप्ट तकनीक पर आधारित होगा, जो पर्यावरण के अनुकूल है।

# भरोसा तोड़ने वालों के सरदार हैं पीएम मोदी : मल्लिकार्जुन

**एजेंसी, हरियाणा**



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हरियाणा की जनता से किए वादे पूरे नहीं करने के लिए भाजपा पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी भरोसा तोड़ने वालों के भी सरदार हैं। उन्होंने चरखी दादरी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि हरियाणा की जनता इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जिताने का फैसला कर चुकी है।

वहीं, खड़गे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर कहा कि जब वह इस तरह की बात करते हैं तो मैं उन्हें गंभीरता से नहीं लेता। वह हमें अपमानित करने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन पहले उन्हें अपने किए गए वादों को पूरा करना चाहिए और फिर बोलना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर खड़गे के बयान को शाह ने घटिया और शर्मनाक बताया था। शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि खड़गे ने अपने भाषण में अपने नेताओं और अपनी पार्टी से भी ज्यादा घटिया और शर्मनाक बात कही। उन्होंने अपनी कटुता का परिचय देते हुए बेवजह पीएम मोदी को अपने निजी स्वास्थ्य मामले में घसीटा और कहा कि वे पीएम मोदी को सत्ता से हटाकर ही दम लेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया का टी-20 विश्व कप में वर्चस्व खत्म करने उतरेंगे प्रतिद्वंद्वी

**एजेंसी, दुबई**

भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें गुरुवार से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का पिछले लंबे समय से चला आ रहा वर्चस्व खत्म करने की कोशिश करेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत गुरुवार को शारजाह में होने वाले दो मैचों से होगी। इनमें पहला मैच बांग्लादेश और स्कॉटलैंड तथा दूसरा मैच पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा।

दस टीमों के बीच खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया को हराना सभी टीमों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। अभी तक इस प्रतियोगिता का नौ बार आयोजन किया जा चुका है जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने छह बार खिताब जीता है। वह पिछली तीन बार का चैंपियन भी है।

इंग्लैंड, भारत और दक्षिण अफ्रीका में समय-समय पर दिखाया है कि ऑस्ट्रेलिया को हराया जा सकता है, लेकिन जब विश्व कप की बात आती है तो उसको पराजित करना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता है।

लगभग 18 महीने पहले दक्षिण अफ्रीका में टीम को चैंपियन बनाने के बाद मेग लैनिंग ने संन्यास ले लिया था और अब ऑस्ट्रेलिया का इस प्रतियोगिता में दबदबा बरकरार रखने का जिम्मा एलिसा हीली के कंधों पर होगा, जिन्हें टीम की कप्तानी सौंपी गई है। हीली आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहेगी, लेकिन अगर वह ऐसा करने में नाकाम रहती हैं तब भी टीम के पास एलिसे पेरी, एशले गार्डनर और ग्रेस हैरिस जैसी मैच विजेता खिलाड़ी हैं।



## भारत के प्रदर्शन पर रहेंगी नजरें

ऑस्ट्रेलिया के सामने कड़ी चुनौती पेश करने वाली एक और टीम भारत है, लेकिन वह भी अपने इस प्रतिद्वंद्वी के सामने आखिरी बाधा पार करने में नाकाम रही है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम टी-20 विश्व कप 2020 और राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी। भारतीय टीम को हाल में एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उसे तैयारी का बहुत मौका नहीं मिला। टीम ने अपनी फिटनेस और फील्डिंग पर काफी काम किया है और उम्मीद है कि इसके सकारात्मक परिणाम टूर्नामेंट के दौरान देखने को मिलेंगे।

यहां की परिस्थितियां भारतीय टीम के अनुकूल हो सकती हैं। बल्लेबाजी विभाग में सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना पर जिम्मेदारी होगी जबकि हरमनप्रीत और ऋचा घोष को बीच के ओवरों और डेथ ओवरों में अपनी भूमिका निभानी होगी। हरमनप्रीत 2018 से टीम की कमान संभाल रही हैं और इस बार उन पर दबाव होगा क्योंकि टीम के असफल होने पर उन्हें अपनी कप्तानी से हाथ धोना पड़ सकता है।

## महिला एशेज से प्रेरणा ले सकती है इंग्लैंड की टीम

इंग्लैंड ने 2009 में पहला टी-20 महिला विश्व कप जीता था, लेकिन इसके बाद उसे तीन बार फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। उसकी टीम ने हालांकि पिछले साल महिला एशेज में अपने इस प्रमुख प्रतिद्वंद्वी को हराकर सीरीज जीती थी जिससे उसकी टीम प्रेरणा लेना चाहेगी। उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त अरब अमीरात की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार होंगी और ऐसे में इंग्लैंड की तुरुप का इक्का सोफी एक्लेस्टोन की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। नेट स्कीवर ब्रंट इंग्लैंड की बल्लेबाजी का मुख्य स्तंभ हैं। सलामी बल्लेबाज माइया बाउचर विश्व कप में पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों में से एक होंगी।

## चौंका सकती है दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका ने पिछले टी-20 विश्व कप में अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन किया था। उसकी टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी जहां उसे ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया था। उसकी टीम ने हाल में मिला-जुला प्रदर्शन किया है, लेकिन यहां वह कुछ चौंकाने वाले परिणाम दे सकती है।

### ग्रुप-ए

ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका।

### ग्रुप-बी

इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड

### फाइनल 20 को

टूर्नामेंट के फॉर्मेट के हिसाब से ग्रुप की टीमें राउंड रॉबिन आधार पर एक-दूसरे से खेलेंगी। हर ग्रुप में पहले दो स्थानों पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में स्थान बनाएंगी। सेमीफाइनल 17 और 18 अक्तूबर को और फाइनल 20 अक्तूबर को खेला जाएगा।

### पहले बांग्लादेश में होना था टूर्नामेंट

पहले इस टूर्नामेंट का आयोजन बांग्लादेश में होना था, लेकिन वहां राजनीतिक अशांति के कारण आईसीसी ने इसे संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित कर दिया था।

## स्पोर्ट्स विंडो

### वेस्ट इंडीज के क्रिस गेल ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी और जमैका के पीएम एंड्र्यू होलनेस के बीच खास मुलाकात हुई। इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि नई दिल्ली में जमैका उच्चायोग के सामने की सड़क का नाम 'जमैका मार्ग' रखा गया है, जो भारत-जमैका के मजबूत संबंधों को दर्शाता है। इस मुलाकात के दौरान पीएम मोदी से क्रिकेट की दुनिया के यूनिवर्स बॉस यानी वेस्ट इंडीज के पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल ने भी मुलाकात की। उन्होंने तस्वीरें और वीडियोज शेयर करते हुए लिखा-भारत के पीएम मोदी से मिलना सम्मान की बात है। जमैका से भारत, प्यार..। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लोगों का क्रिकेटरों से विशेष लगाव है।



### पाकिस्तान के सोहेल अब्बास मलेशिया के ड्रैग फ्लिक कोच बने

**कराची।** पाकिस्तान के महान पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ सोहेल अब्बास ने मलेशिया हॉकी परिसंघ के साथ ड्रैग फ्लिक कोच के तौर पर एक साल का करार किया है। सोहेल ने पाकिस्तान हॉकी महासंघ के साथ कोई कोचिंग करार कभी नहीं किया और दो बार पेशकश मिलने पर ठुकरा चुके हैं। वह देश के पूर्व ओलंपियनों और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से भी दूर रहते हैं। पाकिस्तान के लिए उन्होंने 311 मैचों में 348 गोल किए हैं। वह मलेशिया के मुख्य कोच सुरजीत सिंह के साथ काम करेंगे।

### सुंदरता के आगे मॉडल्स भी फेल

**नई दिल्ली ।** सर्बिया की टेनिस खिलाड़ी एना इवानोविक भी खूबसूरती में किसी से पीछे नहीं हैं। वह दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। उनकी सुंदरता के आगे कई मॉडल्स फेल हैं। वह अपने आक्रामक खेल के लिए जानी जाती हैं। अपने गेम के साथ-साथ अपने ग्लैमरस लुक के लिए पूरी दुनिया में मशहूर इस प्लेयर पर अमेरिकन प्रेसीडेंट डोनाल्ड ट्रंप भी फिदा हो चुके हैं।



### बाबर आजम ने पाकिस्तान की सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ी

**कराची।** बाबर आजम ने पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी भी छोड़ दी है और उनके स्थान पर मोहम्मद रिजवान को यह पद सौंपें जाने की संभावना है। बाबर ने बुधवार आधी रात के आसपास एक्स पर बयान जारी कर घोषणा की कि उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और टीम प्रबंधन को पिछले महीने ही अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था। बाबर ने हालांकि यह नहीं बताया कि उन्होंने बोर्ड और टीम प्रबंधन को अपने पद छोड़ने के फैसले के बारे में कब सूचित किया था। इस 29 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा कि वह अब अपना पूरा ध्यान बल्लेबाजी पर लगाना चाहते हैं। बाबर ने पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ दी थी लेकिन इस साल मार्च में उन्हें फिर से सीमित ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था।



### ईरानी कप : सरफराज के दोहरे शतक से मुंबई मजबूत स्थिति में

**लखनऊ।** मुंबई के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान के दोहरे शतक से ईरानी कप मुकाबले में सिर्फ शेष भारत पर ही दबाव नहीं बना बल्कि अगले महीने भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले अनुभवी केएल राहुल के लिए भी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। सरफराज 276 गेंद में 221 रन बनाकर खेल रहे हैं और 42 बार की चैंपियन मुंबई के लिए ईरानी कप में दोहरा शतक जमाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मुंबई ने 9 विकेट पर 536 रन बना लिए थे। सरफराज ने अपनी पारी में 25 चौके और चार छक्के लगाए। कप्तान अजिंक्या रहाणे ( 234 गेंद में 97 रन ) शतक से तीन रन से चूक गए लेकिन दूसरा दिन पूरी तरह से सरफराज के नाम रहा। यह उनका 15वां प्रथम श्रेणी शतक है।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बुमराह फिर शीर्ष पर, जायसवाल बने नंबर-3 बल्लेबाज

**एजेंसी, दुबई**

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में छह विकेट लेने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज ने भारतीय टीम के अपने साथी रविचंद्रन अश्विन की जगह पहला स्थान हासिल किया है।

अश्विन को बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। स्पिनर रविंद्र जड़ेजा अपने छठे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि उनके साथी स्पिनर कुलदीप यादव 16वें स्थान पर हैं। कुलदीप इस सीरीज के किसी मैच में नहीं खेले थे।

बल्लेबाजी रैंकिंग में कानपुर टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए यशस्वी जायसवाल सिर्फ 11 टेस्ट के बाद करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जायसवाल ने कानपुर टेस्ट में 72 और 51 रन की शानदार पारियां खेल कर भारत को बारिश से प्रभावित मैच में सात विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।



यशस्वी जायसवाल

जायसवाल के 792 रेटिंग अंक हैं और यह 22 वर्षीय खिलाड़ी जो रूट (899) और केन विलियम्सन (829) के बाद तीसरे नंबर पर है।

अनुभवी भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने शीर्ष-10 में वापसी की है। कानपुर टेस्ट में 47 और 29 रन की पारी खेलने वाले कोहली छह स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

ऋषभ पंत भी शीर्ष-10 में बने हुए हैं लेकिन वह तीन स्थान नीचे 9वें स्थान पर खिसक गए हैं। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर हैं।

जहां तक ऑलराउंडरों की बात है तो रैंकिंग में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। जडेजा पहले की तरह शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं जबकि अश्विन दूसरे और अक्षर पटेल 7वें स्थान पर हैं।

टीम रैंकिंग में, भारत 120 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है। वह ऑस्ट्रेलिया से चार अंक पीछे है। इंग्लैंड 108 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारतीय टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में अपना दबदबा कायम रखा है। भारत का 11 मैच के बाद पॉइंट प्रतिशत 74.24 है जबकि ऑस्ट्रेलिया 12 टेस्ट में 62.50 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है।

# साउथी ने भारत दौरे से पहले न्यूजीलैंड की कप्तानी छोड़ी

**एजेंसी, ऑकलैंड**

टिम साउथी ने भारत के खिलाफ इस महीने होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले न्यूजीलैंड की कप्तानी छोड़ दी है और इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज टॉम लैथम को कप्तान नियुक्त किया गया है। साउथी ने 14 टेस्ट मैचों में न्यूजीलैंड की कप्तानी की, जिसमें कीवी टीम ने छह जीते, छह हारे और दो मैच ड्रॉ खेले।



साउथी ने कहा,''मैंने अपने पूरे करियर में हमेशा टीम को प्राथमिकता दी और मुझे लगता है कि मेरा यह फैसला टीम के हित में है। मेरा मानना है कि अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करके, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके, विकेट लेना जारी रखकर और न्यूजीलैंड की जीत में योगदान देकर मैं टीम के लिए सबसे अच्छी सेवा कर सकता हूं।'' इस 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अब तक 102 टेस्ट, 161 वनडे और 126 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 382 विकेट लिए हैं और न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों में महान रिचर्ड हैडली (431) के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि साउथी ने टीम के हित में यह फैसला लिया है। न्यूजीलैंड अब भारत के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगा जिसका पहला मैच 16 अक्तूबर से बेंगलुरु में शुरू होगा।

# भारत ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पांच और स्वर्ण पदक जीते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रतियोगिता के चौथे दिन पांच स्वर्ण पदक जीते जिनमें दिव्यांशी और मुकेश नेलवल्ली के महिला और पुरुष वर्ग में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीते गए स्वर्ण पदक भी शामिल है।



भारतीय निशानेबाजों ने अब तक 10 स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक जीते हैं। दिव्यांशी ने 35 का स्कोर बनाकर फाइनल में इटली की क्रिस्टीना मैग्नानी को दो अंकों से हराया। फ्रांस की हेलोइस फोरे तीसरे स्थान पर रहीं। दिव्यांशी ने तेजस्विनी और विभूति भाटिया के साथ मिलकर जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में भी सोने का तमगा हासिल किया। भारतीय टीम ने 1711 के स्कोर के साथ चेक गणराज्य और जर्मनी को पीछे छोड़ा।

नेलवल्ली ने दो और स्वर्ण पदक जीतकर चैम्पियनशिप में अब तक अपने स्वर्ण पदकों की संख्या तीन पर पहुंचा दी है। उन्होंने जूनियर पुरुष 25 मीटर पिस्टल में 585 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस भारतीय निशानेबाज ने हमवतन सूरज शर्मा को दो अंक से पीछे छोड़ा।

नेलवल्ली, सूरज और प्रद्युम्न सिंह (561) ने टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इन तीनों भारतीय निशानेबाजों ने कुल मिलाकर 1726 अंक बनाए तथा पोलैंड को तीन अंक से पीछे छोड़ा। इटली की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। भारत ने चौथे दिन पांचवां स्वर्ण पदक पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) की टीम स्पर्धा में जीता। भारत के शौर्य सैनी, वेदांत नितिन वाघमारे और परीक्षित सिंह बराड़ ने 1753 अंक बनाकर जूनियर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और स्वर्ण पदक हासिल किया।

# बिलासपुर में बनने जा रही हाईब्रिड क्रिकेट पिच

**शुभम राही, बिलासपुर**

भारत के दूसरे क्रिकेट मैदान बिलासपुर में हाईब्रिड क्रिकेट पिच बनने जा रही है। बुधवार को इसका कार्य शुरू हो गया है और एतिहासिक लुहणू क्रिकेट मैदान में चार प्रैक्टिस और दो मेन क्रिकेट पिच को हाईब्रिड पिच के साथ तैयार किया जा रहा है, ताकि यहां पर खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।

आपको बता दें कि बिलासपुर के लुहणू क्रिकेट मैदान में इंग्लैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर व हाईब्रिड पिच तैयार करने वाली कंपनी के सीईओ पॉल टेल ने दौरा किया और इस मैदान की खूब तारीफ भी की। वहीं, अब इस पिच को तैयार करने का कार्य भी शुरू हो गया है।

जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन बिलासपुर के सचिव विशाल जगोता ने बताया कि इस पिच के लिए कार्य शुरू हो गया है। 10 से 15 दिन के भीतर यह आधुनिक तकनीक से लैस पिच तैयार हो जाएंगी। आपको बता दें कि विदेश से बिलासपुर पहुंचे एक्सपर्ट टीम ने बताया कि यह कॉन्सेप्ट विदेशों में होने वाले फुटबॉल ग्राउंडों से उठाया गया है। क्योंकि फुटबॉल ग्राउंड के मैदान हमेशा हरे भरे रहते हैं, ऐसे में उसी तर्ज पर हिमाचल के मैदानों को भी तैयार किया जा रहा है। इससे पहले धर्मशाला में आयोजित हुए वर्ल्ड कर्प टी-20 के मैचों के दौरान यह पिच तैयार की गई थी। उसके बाद अब बिलासपुर की पिचों को तैयार किया जाएगा, उसके बाद अमतर के मैदान में पिचों को तैयार करने का कार्य किया जाएगा।



इस आधुनिक पिचों से एक तरफ जहां खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा साथ ही यहां पर ग्राउंड मैन को भी ठोड़ा रिलेक्स होगा। क्योंकि इस पिच के बनने से विकेट पर ग्रॉस खराब नहीं होगा।

एक्सर्पट का कहना है कि यह 12 महीनों तक गॉस रहेगा, जिससे खिलाड़ियों को खेलने में काफी मजा भी आएगा और उनको अतिरिक्त उछाल भी मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### कैसे तैयार होती पिच

यूनिवर्सल मशीन की सहायता से क्रिकेट स्टेडियमों और पिचों के अंदर प्राकृतिक टर्फ के साथ थोड़ी मात्रा में पॉलिमर फाइबर इंजेक्ट करता है। प्राकृतिक ग्रास के साथ पांच प्रतिशत पॉलिमर फाइबर का उपयोग किया जाता है। मैदान में मुख्य पिच के साथ की पिच के सवेंदनशील एरिया में आर्टिफिशियल ग्रास को लगाया जाता है।

### प्राकृतिक घास और सिंथेटिक का मिश्रण

इसे प्राकृतिक घास के साथ सिंथेटिक घास को मिक्स करके तैयार किया गया है। यह भारत की दूसरी हाईब्रिड पिच है। इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट मैदानों में इसी तरह की पिचों को तैयार करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### तेज गेंदबाजों को फायदा

इस पिच के बनने से बिलासपुर में तेज गेंदबाजों को अधिक लाभ मिलेगा। यहां पर गेंद का अतिरिक्त उछाल रहेगा, जिससे गेंद अधिक गति में आएगी साथ ही बेहतर बल्लेबाज के लिए भी अच्छा उछाल रहेगा।

## फुटबॉल

### चैंपियंस लीग में बार्सिलोना, मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल भी जीते

# बोरुसिया डॉर्टमुंड ने सेल्टिक को 7-1 से दी पटकनी

**एजेंसी, लंदन**

करीम अडेमी के पहले हाफ में की गई हैट्रिक के दम पर बोरुसिया डॉर्टमुंड ने सेल्टिक को घरेलू मैदान पर 7-1 के बड़े अंतर से हराया, जबकि बार्सिलोना और मैनचेस्टर सिटी ने भी यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की।

डॉर्टमुंड की जीत इस प्रतियोगिता में जर्मनी की किसी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। इससे पहले में बायर्न म्यूनिख ने दिनामो जाग्रेब को 9-2 से शिकस्त दी थी। बार्सिलोना के लिए रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल दागे, जिससे टीम ने यंग बॉयज पर 5-0 से आसान जीत हासिल की।

मैनचेस्टर सिटी ने स्लोवन ब्रातिस्लावा को 4-0 से पराजित किया। मैनचेस्टर सिटी को अपने शुरुआती मैच में इंटर मिलान से 0-0 से ड्रॉ से संतोष करना पड़ा था तो बार्सिलोना को मोनाको से 2-1 से हार मिली थी।

अन्य मुकाबलों में आर्सेनल ने पेरिस सेंट जर्मेन को 2-0 से पराजित किया। इंटर मिलान ने रेड स्टार बेलग्रेड को 4-0 से और टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाले ब्रेस्ट ने भी साल्जबर्ग को इतने ही स्कोर से हराया। इसके अलावा बेयर लीवरकुसेन ने जर्मनी में एसी मिलान को 1-0 से हराया जबकि स्पोर्टिंग लिस्बन ने पीएसवी आइंडहोवन को और प्राग ने स्टटगार्ट को 1-1 की बराबरी पर रोका।



सेल्टिक के खिलाफ गोल करने के बाद खुशी मनाते बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाड़ी।

### ब्राजीली फुटबॉलर 'महात्मा गांधी'

**नई दिल्ली ।** भारत में महात्मा गांधी को अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए जाना जाता है। उनके योगदान को देखते हुए उन्हें देश के 'राष्ट्रपिता' का दर्जा दिया गया है। देश के लिए बलिदान दिए हुए उन्हें 76 साल हो गए हैं, लेकिन आज 2 अक्तूबर को उनकी जयंती पर एक हैरान कर देने वाला फैक्ट सामने आया है। द टेलीग्राफ के रिपोर्ट के मुताबिक 'महात्मा गांधी' ब्राजील में पिछले 13 सालों से फुटबॉल खेल रहे हैं। चौंकिए मत, क्योंकि ये भारत के 'बापू' नहीं हैं, बल्कि उन्हीं के नाम के एक ब्राजीलियाई खिलाड़ी हैं। 32 साल के इस खिलाड़ी का पूरा नाम महात्मा गांधी हेबरपियो मैटोस पाइरेस है, जिन्हें वहां 'महात्मा गांधी' या महात्मा के नाम से पुकारा जाता है।

### खो-खो विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत



**नई दिल्ली।** भारत अगले साल पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी करेगा, जिसमें 24 देशों और छह महाद्वीपों की 16 पुरुष और महिला टीमें भाग लेंगी। भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) ने इसकी घोषणा की। केकेएफआई ने बयान में कहा,''भारत खो-खो का जनक है तथा यह विश्व कप इस खेल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्रतिस्पर्धी भावना को उजागर करेगा। आज इस खेल ने वैश्विक उपस्थिति दर्ज करा ली है और यह 54 देशों में खेला जाता है। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, ''हमारा अंतिम लक्ष्य खो-खो को 2032 तक ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता दिलाना है और यह विश्व कप उस सपने को साकार करने की दिशा में पहला कदम होगा।''